रांची का तापमान
कांके : अधिक. 31.0° न्यून. 23.0°
रांची : अधिक. 31.7° न्यून. 24.2°
रांची, सोमवार
23 जून 2025
वर्ष-26, अंक-141, पृष्ठ-12

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

# रांची में झमाझम बारिश से जलजमाव, जनजीवन अस्तव्यस्त

**» राज्य में 27 जून तक तेज बारिश की संभावना » मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मॉनसून प्रवेश के बाद से ही कई जिलों में प्रतिदिन बारिश हो ही रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 23 जून से लेकर 27 जून 2025 तक तेज बारिश संभावना जताई गई है। वज्रपात की भी आशंका व्यक्त की गई है। इसे से लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। वहीं, रविवार को रांची में तेज हवा के साथ मूसलधार बारिश हुई। आसमानी बिजली भी कड़की, लेकिन देर शाम तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। रांची में रुक रुककर हो रही झमाझम बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मूसलधार बारिश ने नगर व्यवस्था की पूरी तरह से पोल खोल दी।

भारी बारिश के कारण राजधानी के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति गंभीर हो गई। रविवार को जलजमाव की चपेट में आम लोगों के साथ वरिष्ठ अधिकारियों के आवास भी आ गए। कर्बला चौक, रातू रोड, मेन रोड, हरमू नदी क्षेत्र, अरगोड़ा, कोकर, बिरसा चौक, स्टेशन रोड समेत कई इलाकों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। पानी घरों, दुकानों, कार्यालयों और थाना परिसरों तक में घुस गया। इससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। अरगोड़ा, अपर बाजार, पंचशील नगर के इलाके में कई जगहों पर भारी जलजमाव हो गया था। थानों की हालत भी कम खराब नहीं रही। पुलिस कर्मियों को खुद अपने कार्यालय में घुटनों तक भरे पानी में ड्यूटी करनी पड़ी। निचले इलाकों की कई बहुमंजिला इमारतों के बेसमेंट जलमग्न हो गए। लोगों को पूरी रात बाल्टी और मोटर के सहारे पानी निकालने में बितानी पड़ी। हरमू नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। नदी किनारे बसी बस्तियां जलमग्न हो गई हैं।

इधर, स्थानीय निवासियों ने नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि हर साल यही स्थिति बनती है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। खराब ड्रेनेज सिस्टम और अधूरी तैयारियों को इस बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद रांची नगर निगम ने इस क्षेत्र में स्थायी जल निकासी की सही व्यवस्था नहीं की। इससे परेशानियां बढ़ गई हैं। पहली ही बारिश में चारों ओर सिर्फ पानी ही पानी है। रविवार को रांची के अलावे बोकारो, धनबाद, गुमला, जामताड़ा और लातेहार में भी बारिश हुई। इन जिलों में 23 जून से लेकर 27 जून तक तेज बारिश होने की संभावना है। इधर, भारी बारिश से सब्जी की खेती को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने रविवार को हो रही बारिश को लेकर राजधानी रांची, पाकुड़, साहिबगंज, बोकारो, चतरा, देवघर, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, जामताड़ा, कोडरमा, लातेहार, पलामू, रामगढ़ और सिमडेगा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। साथ ही, आम लोगों से सावधानी बरतने और बिजली के खंभों व पेड़ से दूर रहने की अपील की। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश हजारीबाग के बड़कागांव में 85 मिमी रिकॉर्ड की गई।

## जलजमाव से थमी वाहनों की रफ्तार

कर्बला चौक से लेकर मेन रोड तक की सड़कों पर जलजमाव से वाहनों की रफ्तार थम गई। मुख्य सड़कों पर घंटों लंबा जाम लगा रहा। अन्य कई जगहों पर भी जलजमाव के कारण दुपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर निगम और जिला प्रशासन की ओर से राहत कार्य और जलनिकासी की कवायद तेजी से की गई, लेकिन रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण हालात काबू में नहीं आ पा रहे थे। प्रशासन ने अगले 24 घंटे को चुनौतीपूर्ण बताया।

## पानी में फिर डूबी राजधानी



रविवार की शाम 4 बजे रांची के सेवा सदन पथ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं माहेश्वरी भवन में पूरी तरह गंदा पानी भर गया। बाहर खड़े वाहन पानी में डूब गए।

## नमन तुम्हें हे हिंद के प्रहरी

राष्ट्रीय नवीन मेल




ममता कर्ण मनस्वी

हमारे देश भारत, हमारे धर्म सनातन पर जिस तरह का संकट आतंकियों ने फैलाया था, जिस तरह से निर्दोषों की निर्मम हत्या की थी, हम भारतवासी जिस तरह से डराए गए, उसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर सैनिकों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से दे दिया। उन्होंने दुश्मनों को धूल चटा दिया। उनका हम जितना भी आभार प्रकट करें, कम ही होगा। हे वीर सैनिक, कोटि-कोटि नमन आपकी वीरता को। विश्व के सारे सेनाओं में आप उत्तम हैं। सिर्फ हम भारतवासी नहीं, अपितु सारे विश्व की सेनाएं यह बात मान रही हैं। हम एक सौ चालीस करोड़ जनता का जान सुरक्षित है, तो केवल हमारे वीर जाबांज कुशल साहसी सैनिकों की वजह से। हम घर में सोते रहे और आप हमारे लिए लड़ते रहे। हमारी मातृभूमि और उसकी जनता ऋणी है अपने भारत के सैन्य बलों का, जो अपने अदम्य साहस के बल पर हमें सुरक्षित रखते हैं। हमारे देश की अखंडता की रक्षा करती हैं। हमें सुरक्षित रखने के लिए हे वीर सपूतों सौ-सौ नमन है आपको। जय जवान, जय हिंद।

## 311 यात्रियों को लेकर ईरान से लौटी एक और स्पेशल फ्लाइट

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच, भारत सरकार ईरान में फंसे अपने नागरिकों को भी वहां से निकाल रही है। 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत 311 यात्रियों को लेकर एक और फ्लाइट दिल्ली पहुंची, जहां उनका स्वागत किया गया। इस दौरान स्वदेश लौटे यात्रियों ने एयरपोर्ट पर ही 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' का उद्घोष किया। 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत भारतीय नागरिकों को लेकर अब तक सात फ्लाइट दिल्ली पहुंच चुकी है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी, या तो शांति होगी या त्रासदी

# अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर साइटों पर किया एयर स्ट्राइक

वाशिंगटन (आईएएनएस)

अमेरिका ने भारतीय समयानुसार रविवार की सुबह 4:30 बजे ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर साइट्स फोर्डो, नतांज और इस्फाहान पर हमला किया। अमेरिका ने इन न्यूक्लियर साइटों को तबाह करने का दावा किया है। यह एयर स्ट्राइक बी-2 स्टील्थ बॉम्बर से किया गया है। बी-2 स्टील्थ बॉम्बर ने यूक्लियर साइट्स पर बंकर बस्टर बम जीबीयू-57 गिराया है। इस हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश को संबोधित किया। ट्रंप ने बताया कि अमेरिका का मकसद ईरान की 'न्यूक्लियर एनरिचमेंट कैपेसिटी' को तबाह करना था। यूएस चाहता था कि ईरान के परमाणु खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जाए।

ईरान पर एयर स्ट्राइक के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 40 साल से ईरान, अमेरिका के खिलाफ काम कर रहा है। कई अमेरिकी इस नफरत का शिकार हुए हैं, इसलिए उन्होंने तय किया है कि अब यह और नहीं चलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, या तो शांति होगी या त्रासदी। अभी कई टारगेट बचे हैं। अगर शांति जल्दी नहीं आती है, तो हम और अधिक सटीक हमलों के साथ अन्य लक्ष्यों पर हमला करेंगे। इसके साथ ही ट्रंप ने बताया कि जो टारगेट चुने गए थे, वे सबसे कठिन थे। शेष पेज 11 पर

**» बी-2 स्टील्थ बॉम्बर से गिराया बंकर बस्टर बम जीबीयू-57 » फोर्डो, नतांज और इस्फाहान साइट की तबाही का किया दावा**

## क्या मोड़ लेगा संघर्ष

1. अमेरिका के एयर स्ट्राइक के बाद ईरान पश्चिम एशिया में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला कर सकता है।
2. ईरान-इजरायल संघर्ष और तेज हो सकते हैं।
3. ईरान पर हमले के जवाब में उसके कथित प्रॉक्सी संगठन हिजबुल्ला और हमास भी इजरायल पर हमले शुरू कर सकते हैं। ईरान के समर्थन में हूती विद्रोही भी लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हमले कर सकते हैं।
4. ईरान-इजरायल में समझौता वार्ता के बाद संघर्ष फिलहाल रुक सकता है।



## स्ट्राइक के बाद ईरान ने इजरायल पर किया हमला

● दागीं 30 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** अमेरिका की एयर स्ट्राइक के बाद इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि ईरान ने रविवार सुबह इजरायल पर 30 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। इन हमलों में करीब 16 लोगों के घायल होने की खबर है, जबकि कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) के अनुसार, इन मिसाइल हमलों में दो बच्चे भी मामूली रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तेल अवीव के इचिलोव मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया है। शेष पेज 11 पर

## ईरान ने एयर स्ट्राइक को बताया 'क्रूर सैन्य आक्रमण'

● संयुक्त राष्ट्र से कार्रवाई की उठाई मांग

**तेहरान (आईएएनएस)।** ईरान ने अपने न्यूक्लियर फैसिलिटी पर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। ईरान ने इसे 'क्रूर सैन्य आक्रमण' करार देते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताया है। तीन न्यूक्लियर साइट्स फोर्डो, नतांज और इस्फाहान पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद, ईरान ने संयुक्त राष्ट्र और इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ईरान ने इस मसले पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक बुलाने की मांग की है। शेष पेज 11 पर

## पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बात हालात पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फाहान पर अमेरिकी एयर स्ट्राइक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेलीफोन पर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बातचीत की और उन्होंने क्षेत्रीय तनाव को लेकर गहरी चिंता जताई। शेष पेज 11 पर

## आईडीएफ ने शुरू किया, अमेरिका ने अंत तक पहुंचाया : नेतन्याहू



**तेल अवीव।** अमेरिकी एयर स्ट्राइक के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका को अपना करीबी मित्र बताया। हिब्रू भाषा में जारी वीडियो स्टेटमेंट में इजरायली पीएम ने कहा कि इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने जो शुरू किया, उसे अमेरिका ने अंत तक पहुंचाया। शेष पेज 11 पर

## नामकुम में सड़क हादसा, सिविल कोर्ट के पेशकार सहित 3 की मौत

● एक तेज रफ्तार कार के कारण हुई दुर्घटना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार भी शामिल हैं। यह दुर्घटना शनिवार की देर रात हुई। मृतकों में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक शामिल हैं। नामकुम थाना प्रभारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में तीनों लोगों की मौत हो गई।

इस दुर्घटना के संबंध में सोम सिन्हा के परिजनों के अनुसार रात में उन्होंने सोम सिन्हा से बात की थी कि वे पैदल घर लौट रहे थे। जब काफी देर तक सोम घर नहीं पहुंचे, तो वे उन्हें खोजने के लिए निकले लेकिन वे कहीं नजर नहीं आए। उनकी नजर एक सड़क हादसे पर भी पड़ी थी शेष पेज 11 पर

## छतरपुर में टीएसपीसी का उग्रवादी शंभु सिंह गिरफ्तार

**कई आपराधिक मामलों में था वांछित**



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर छतरपुर थाना क्षेत्र के तुरीदाग जंगल में चलाए गए पुलिस अभियान के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एक सक्रिय सदस्य शंभु सिंह गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई पुलिस और सुरक्षाबलों की संयुक्त छापेमारी के दौरान हुई, जिसमें मुठभेड़ भी हुई। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी संगठन का एक दस्ता तुरीदाग के जंगली इलाके में जुटा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसके बाद छतरपुर थाना, तकनीकी शाखा, सशस्त्र बल और अन्य इकाइयों के संयुक्त दल ने जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के बाद एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सली की पहचान शंभु सिंह, निवासी पलवा टोला, मोरचवा, थाना छतरपुर के रूप में हुई है। उसके पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, शंभु सिंह के खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी, आगजनी, और पुलिस पर हमले जैसे कई गंभीर आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। शेष पेज 11 पर

### राज्यपाल ने शूटिंग स्थल का किया निरीक्षण, कहा

## झारखंड में पर्यटन और फिल्म निर्माण की असीम संभावनाएं

● नेतरहाट के लोअर घाघरी क्षेत्र में हिंदी फीचर फिल्म सहिया की चल रही है शूटिंग

नवीन मेल संवाददाता । लातेहार

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित लोअर घाघरी क्षेत्र में हिंदी फीचर फिल्म "सहिया" के चल रहे शूटिंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फिल्म निर्माण से जुड़ी टीम से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की और झारखंड को फिल्म निर्माण के लिए अत्यंत उपयुक्त स्थल बताया। राज्यपाल ने कहा कि नेतरहाट की वादियां, जलप्रपात, पहाड़ियां और हरियाली न केवल पर्यटन को आकर्षित करती हैं, बल्कि सिनेमाई दृष्टि से भी अनुपम पृष्ठभूमि प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा, "यह क्षेत्र फिल्म निर्माण की दृष्टि से असीम संभावनाओं से भरपूर है और निर्माताओं-निर्देशकों को झारखंड की ओर रुख करना चाहिए। राज्यपाल ने फिल्म सहिया के निर्माण से जुड़े विषयों की विस्तृत जानकारी ली, जिसमें विषयवस्तु, लोकेशन, तकनीकी पक्ष और स्थानीय कलाकारों की भागीदारी शामिल थी।

उन्होंने प्रसन्नता जताई कि फिल्म "सहिया" में झारखंड के स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और संसाधनों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो राज्य की प्रतिभा को मंच देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से भी फिल्म नीति के तहत फिल्म निर्माताओं को आवश्यक सहायता दी जा रही है, जिससे आने वाले वर्षों में झारखंड देश का प्रमुख फिल्म निर्माण केंद्र बन सकता है। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# खतरनाक मानसिक गुलामी की ओर मोबाइल की लत



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

ट्रंककॉल बुक करने के बाद घंटो से लेकर दिन-दिन भर कॉल लगने का इंतजार आज कहानी लगती है क्योंकि विदेशों तक से पलक झपकते फेसबुक लाइव और वीडियो कॉल आज एक सामान्य सी बात हो गई है पर स्मार्ट फोन के इस तेज क्रांति ने जिस तेज गति से हमारे जीवन पर प्रभावित किया है वह खतरनाक बनता जा रहा है। जयपुर में एक मां ने बेटी को मोबाइल की दीवानगी से बचाने के लिए मोबाइल छीन लिया तो बेटी ने उसकी हत्या कर दी। बालाघाट के वारासिवनी में देर रात तक मोबाइल देखने से मना करने पर एक बेटे ने अपने मां-बाप पर सब्बल से हमला कर दिया। सड़क चलते हेडफोन लगाए लोग बतियाते या गाने सुनते एक दूसरी दुनिया में रहते हैं और खतरनाक जगहों पर सेल्फी लेने में कितनों की जान गई उसका हिसाब तक नहीं । झीलों की नगरी रांची के निकट एक फ़ॉल में हाल में एक नामी स्कूल के शिक्षक की जान चली गई । सोशल मीडिया देखने की बेचैनी गाड़ी चलाते समय भी नहीं छूट रही और जान की बाजी लगाने को लोग तैयार हैं । डेटा हड़पने और अश्लीलता या विचारों को दूषित करने से लेकर किसी ख़ास विचारधारा को प्रचारित करने के लिए भारी संख्या में रील और वीडियो सोशल मीडिया में डाले जा रहे हैं । अगले मजेदार वीडियो या दिलचस्प पोस्ट को पढ़ते हुए फोन को स्क्रॉल करने से लोग खुद को नहीं रोक पाते हैं? इसे विशेषज्ञ इस प्रकार बताते हैं कि जब आप कोई लक्ष्य हासिल करते हैं, स्वादिष्ट भोजन करते हैं, या ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, तो आपको उत्साह की लहर महसूस होती है, कुछ अनुभव अच्छे लगते हैं, तो कुछ उदास करते हैं। इन सबके लिए डोपामाइन जिम्मेदार है जो एक रासायनिक संदेशवाहक (न्यूरोट्रांसमीटर) है जो मस्तिष्क और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के बीच संचार की सुविधा देता है। यह आपके तंत्रिका तंत्र के विभिन्न भागों के बीच संदेश भेजता है जिससे आपके शरीर और मस्तिष्क को तालमेल बिठाने में मदद मिलती है।स्वादिष्ट खाना खाने, शराब पीने, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करने या प्यार में पड़ने जैसी चीजों से हमें जो अल्पकालिक खुशी और आनंद मिलता है, उसमें डोपामाइन की भूमिका होती है। डोपामाइन सीखने, ध्यान और एकाग्रता बनाए रखने में भी सहायता करता है, तथा स्मृतियों को संग्रहित करने में भी। डोपामाइन केवल तब सक्रिय नहीं होता, जब हम कोई आनंददायक काम करते हैं। यह पहले से ही सक्रिय होता है और हमें आनंद की तलाश करने के लिए प्रेरित करता है। मान लीजिए कि आप किसी रेस्तरां में खाना खाते हैं और खाने का स्वाद लाजवाब होता है, तो डोपामाइन का स्तर बढ़ता है और मुझे आनंद की अनुभूति होती है। विकासवादी दृष्टिकोण से वह डोपामाइन ही था, जिसने मनुष्यों को शिकार करने, भोजन तलाशने, आश्रय या सुरक्षा तथा साथी खोजने एवं प्रजनन के लिए प्रेरित किया। लेकिन आधुनिक तकनीक ने डोपामाइन के प्रभाव को बढ़ा दिया है, जिससे नकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, जुआ, शराब पीना, नशीली दवाओं का उपयोग और गेमिंग जैसी गतिविधियां डोपामाइन के स्राव को उत्तेजित कर सकती हैं, जिससे लत और बाध्यकारी व्यवहार का चक्र बन सकता है। डोपामाइन हमारे मस्तिष्क और शरीर के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है, चाहे आनंद का अनुभव हो या न हो, इसलिए मस्तिष्क लगातार डोपामाइन की छोटी मात्रा स्रावित करता रहता है। मस्तिष्क खुद को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मेहनत करता है और यह हमें लगातार उच्च डोपामाइन की स्थिति में रहने की अनुमति नहीं देता है। हम अपने शरीर में स्वस्थ तरीके से डोपामाइन को बढ़ा सकते हैं। चलने, दौड़ने, साइकिल चलाने या नृत्य करने से डोपामाइन का स्राव बढ़ सकता है, जिससे मूड बेहतर होता है और प्रेरणा बढ़ती है। संगीत सुनने और अपने प्रिय आत्मीय जनों के साथ बतियाने से भी डोपामाइन का स्तर बढ़ता है।आज के आधुनिक दौर में सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स ने जहां हमें दुनिया भर से जोड़ा है, वहीं सोशल मीडिया की लत ने दबे पांव हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालना शुरू कर दिया है। लगातार स्क्रॉल करना, हर नोटिफिकेशन पर क्लिक करना, और सोशल मीडिया पर दूसरों की फोटो देखकर तुलना करने की आदत अब कई लोगों के लिए तनाव, चिंता और नींद की गंभीर कमी का कारण बन रही है।यह सिर्फ समय की बर्बादी नहीं, बल्कि हमारे ध्यान, प्रोडक्टिविटी और रिश्तों को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है। यदि आप भी सोशल मीडिया के इस जाल में फंसकर खुद को परेशान महसूस कर रहे हैं, तो 'डिजिटल डिटॉक्स' आपके लिए एक बेहतरीन और जरूरी समाधान हो सकता है। सोशल मीडिया पर लगातार समय बिताने से दिमाग हमेशा सूचनाओं के बोझ तले दबा रहता है। डिजिटल डिटॉक्स आपको इस शोर से मुक्ति दिलाता है। जब आप फोन और सोशल मीडिया से ब्रेक लेते हैं, तो दिमाग को आराम मिलता है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग सप्ताह में कुछ घंटे भी डिजिटल डिटॉक्स करते हैं, वे ज्यादा खुश और संतुष्ट महसूस करते हैं।



## राज्यसभा सांसद प्रतापगढ़ी का हुआ स्वागत

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रविवार की शाम रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी जीनल एन गाला और प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने ढोल नगाड़ा, झारखंडी नृत्य से उनका स्वागत किया। इसके बाद जुलूस-रैली की शक्ल में अंबेडकर चौक, अल्बर्ट एक्का चौक पर नमन करते हुए रांची जिला परिसदन में पहुंचे। यहां पर वे विभाग के कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विचार-विमर्श किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश उपाध्यक्ष करीम अंसारी, जेडी तिग्गा, महमूद अली, प्रदेश महासचिव हसनैन आलम, महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, जैतून जॉन, अरसादुल कादरी, तनवीर खान, मो सफार, राशिद अंसारी, अजहर पप्पू आदि कांग्रेस नेता मौजूद थे।

# प्रदेश के 264 प्रखंडों में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन कल : आदित्य साहू

नवीन मेल संवाददाता



● हेमंत सरकार पार्ट 2 की कार्यशैली, नीति और नीयत में कोई परिवर्तन नहीं आया है

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने कहा है कि राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं का अभाव,गरीबों के पेंशन,किसानों के बकाए राशि, रोजगार देने, पेसा कानून लागू कराने, भाषा विवाद को ठीक करने, स्थानीय नीति, नियोजन नीति जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रदर्शन करेगी। 24 जून को भाजपा कार्यकर्ता राज्य के सभी 264 प्रखंडों में आक्रोश प्रदर्शन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने दी।

श्री साहू ने कहा कि हेमंत सरकार पार्ट 2 की कार्यशैली, नीति और नीयत में कोई परिवर्तन नहीं आया है। यह सरकार फिर से राज्य के खजानों,खनिज संपदा को लूटने लुटवाने में लगी है। राज्य के पंचायतों से लेकर सचिवालय तक आकंठ भ्रष्टाचार है। कोई काम बिना पैसे का चढ़ावा चढ़ाए नहीं हो रहा।गरीब जनता अपने छोटे छोटे काम केलिए दर दर भटक रही। दलाल बिचौलिए सत्ता में हावी है।

कहा कि राज्य सरकार निकाय चुनाव को लगातार लटकाए रखी है। नियोजन नीति और भाषा विवाद में बेरोजगार युवक ठगे जा रहे। सड़क, बिजली, अस्पताल, दवाई, पढ़ाई सभी व्यवस्था चौपट हो चुकी है।

कहा कि राजधानी रांची सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह भय व्याप्त है।लूट,हत्या बलात्कार की घटनाएं आम हो चुकी है। किसानों के धान के बकाए का भुगतान राज्य सरकार ने लटकाए रखा है। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, की राशि महीनों से नहीं मिल रही।

कहा कि इन सारे हालातों से जनता में आक्रोश है। भाजपा राज्य के जनभावनाओं के साथ खड़ी है।एक सशक्त विपक्ष के नाते पार्टी राज्य में अराजकता, भय और भ्रष्टाचार को चुपचाप नहीं देख सकती।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने भ्रष्ट और निकम्मी राज्य सरकार को जगाने केलिए सभी प्रखंडों में प्रदर्शन का निर्णय लिया है। लाखों की संख्या में 24 जून को भाजपा कार्यकर्ता आम जन के साथ प्रखंडों में प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी गावां प्रखंड में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय धनवार,जमुआ प्रखंड में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा खरसावां, रघुवर दास जमशेदपुर,चंपई सोरेन सरायकेला, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू कांके, डॉ प्रदीप वर्मा नगड़ी, मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी चंदनक्यारी में आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे।

श्री साहू ने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य प्रखंडों में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गण, जिलाध्यक्षगण, मोर्चों के पदाधिकारीगण प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे।

# जनता को असली मुद्दों से भटका रही भाजपा : विनोद कुमार पांडेय

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आगामी 24 जून को भाजपा द्वारा घोषित आक्रोश प्रदर्शन को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए तीखा हमला बोला है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा राज्य की स्थिर सरकार को अस्थिर करने और जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश में एक बार भी जुटती दिख रही है। दिशाहीन भाजपा अपनी ताबूत में अंतिम कील ठोकने की दिशा में अग्रसर है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को जनता ने 2019 में पूरी तरह नकार दिया था।

सत्ता से बाहर होते ही भाजपा को राज्य में हर जगह अव्यवस्था नजर आने लगी, जबकि सच्चाई यह है कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के हर वर्ग के लिए काम किया है-चाहे वह किसानों की कर्ज माफी हो, स्थानीय युवाओं के लिए नियोजन नीति हो या महिला सुरक्षा की दिशा में उठाए गए सख्त कदम। उन्होंने कहा कि भाजपा वही पार्टी है, जिसने अपने शासनकाल में न तो पेसा कानून लागू किया और न ही स्थानीय नीति बनाई। आज जब राज्य सरकार जनसरोकार से जुड़ी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है, तब भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका में नजर आने की बजाए दो तिहाई बहुमत से सत्ता पर काबिज हुई सरकार पर झूठे आरोप लगाकर न सिर्फ जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, बल्कि जनादेश का अपमान करने से भी बाज नहीं आ रही है। दरअसल सत्ता से बाहर भाजपा के प्रदेश नेताओं को केंद्र सरकार की ताकत का गुमान है। उसी ताकत का दुरुपयोग पिछली हेमंत सरकार को परेशान करने के लिए किया और अब एक बार फिर से भाजपा अपने पतन के उसी रास्ते पर चलने जा रही है। झामुमो ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि वे अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए प्रदर्शन की राजनीति करने वाले हैं। जहां तक बात भ्रष्टाचार की ही बात है तो भाजपा शासनकाल में नियुक्ति घोटाला, भूमि लूट की घटनाओं को राज्य की जनता भूल नहीं पाई है और यही कारण है लगातार दो बार भाजपा को सत्ता से बेदखल रखने का जनादेश दिया है झारखंडवासियों ने। भाजपा के नेताओं को पहले अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए।

**सफल हुआ संजय सेठ का एक और प्रयास**

# सिल्ली ईलू बाईपास रेल लाइन का शीघ्र शुरू होगा काम

● रेलवे ने जारी किया टेंडर, 2027 तक पूर्ण होगा काम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सिल्ली ईलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए रेलवे ने टेंडर भी निकाल दिया है। 140 करोड़ की यह परियोजना 5.9 किमी लंबे रेल लाइन के निर्माण के लिए निकाली गई है। वर्ष 2027 तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है। इसके निर्माण के साथ ही रांची से टाटा की दूरी कम होगी। मुरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव भी कम होगा। वर्तमान समय में सिल्ली से मुरी होते हुए इलू जाने में 50 मिनट का समय लगता है। इससे समय की बचत होगी। रेल का समय भी बचेगा, रेल यात्रियों का भी समय बचेगा और यात्रा और भी सुगम हो सकेगी। इस रेलवे लाइन के निर्माण को लेकर वर्तमान रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने वर्ष 2022 में रेल मंत्री से मुलाकात की थी। इसकी उपयोगिता पर उनसे चर्चा कर, इसके निर्माण को आवश्यक बताया था। इसके बाद श्री सेठ लगातार इसका फॉलो अप करते रहे। उन्हीं की पहल पर रेलवे ने इस परियोजना को मंजूरी दी है और शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। इस बाबत सुरक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एक बयान में कहा कि यह पीएम की गारंटी वाली सरकार है, जहां हर गारंटी पूरी होने की गारंटी होती है। वर्ष 2022 में मैंने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से सिल्ली इलू बाईपास रेल लाइन के महत्व पर चर्चा किया था। इसकी निर्माण और उपयोगिता पर चर्चा किया था। साथ ही उसके निर्माण का आग्रह किया था। इस लाइन के निर्माण से रांची और टाटा की दूरी कम होगी। इसके साथ ही अब यहां इंजन बदलने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्रियों का 1 घंटे से भी अधिक का समय बच सकेगा।

## रिम्स-2 के लिए भूमि के अधिग्रहण पर स्थिति स्पष्ट करे कांग्रेस : विजय



**रांची।** नगड़ी में रिम्स 2 के निर्माण पर कांग्रेसी नेता बंधु तिर्के द्वारा मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन कि नगडी में रिम्स 2 का निर्माण रद्द किया जाए। वहीं दुसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रिम्स-2 हर हाल में बनेगा और यह सरकारी जमीन पर होगा। वहीं पुलिस संरक्षण में नगड़ी की कृषि योग्य भूमि की घेराबंदी शुरू कराने पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र" सामने आने पर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के विरोधाभासी बयानों की हम निंदा करते हुए आदिवासी और रैयत समुदाय के हितों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग करते है। श्री नायक ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी को नगड़ी में रिम्स-2 के लिए कृषि योग्य भूमि के अधिग्रहण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

**बीएयू में दो दिवसीय खरीफ अनुसंधान परिषद बैठक का समापन**

# एकल खेती व कृषि यंत्रीकरण की कमी झारखंड में प्रमुख बाधा : डॉ हिमांशु

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अर्द्ध शुष्क उष्णकटिबंधीय फसलों संबंधी अंतरराष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (इक्रीसैट), हैदराबाद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक ने झारखंड में कृषि विकास के लिए बेहतर फसल नियोजन, जल संसाधन प्रबंधन, धान की कटाई के बाद खाली पड़े खेत के बेहतर इस्तेमाल तथा सोलर ऊर्जा और लघु सिंचाई के क्षेत्र में अधिक निवेश पर जोर दिया है।

रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के खरीफ अनुसंधान परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एकल खेती और कृषि यंत्रीकरण की कमी झारखंड में कृषि विकास की प्रमुख बाधायें हैं। फसलों में जलवायु लचीलापन बढ़ाना, फसल गहनता बढ़ाना, बीज पद्धति का शुदृढ़ीकरण, मूल्य संवर्धन, क्षमता निर्माण, कटाई उपरांत प्रसंस्करण तथा वन से जुड़ी कृषि का विविधीकरण जैसे विषय शोध की प्राथमिकता होनी चाहिए।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (पशु उत्पादन एवं प्रजनन) डॉ जीके गौड़ ने कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए पशु आनुवंशिक संसाधनों का गुण निर्धारण और संरक्षण समय की मांग है। इसके लिए जिनोमिक सिलेक्शन और क्लोनिंग जैसे आधुनिक आनुवाशिक टूल्स का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पशु अनुसंधान के क्षेत्र में डीएनए चिप का इस्तेमाल पर जोर देते उन्होंने कहा कि शोध प्रयास किसान-केंद्रित और व्यवहार योग्य होना चाहिए जिसे किसानों के खेत तक सुगमता से प्रसारित किया जा सके।

केंद्रीय तसर अनुसंधान संस्थान, रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने कृषि लागत घटाने तथा पोषक तत्व एवं जल के प्रयोग की प्रभावशीलता बढ़ाने पर जोर दिया।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने पशुओं के नस्ल गुण निर्धारण और आनुवंशिक सुधार से संबंधित छोटे शोध प्रस्ताव भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग को समर्पित करने का सुझाव वैज्ञानिकों को दिया। कुलपति ने कृषि वानिकी अनुसंधान के क्षेत्र में भी विशेष प्रयास पर बोल दिया। बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय का जनता दरबार कल

नवीन मेल संवाददाता



● जनता दरबार के माध्यम से कांग्रेस सीधे जनता से जमीनी स्तर पर जुड़कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का जनता दरबार मंगलवार को कांग्रेस भवन में लगेगा। वे आम जनता की शिकायतों को सुनेंगी और उसका त्वरित समाधान निकाला जाएगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस की ओर से लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस जनता की समस्या और उनके मुद्दों के प्रति हमेशा गंभीर रही है। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस लगातार आम लोगों से जनता दरबार के माध्यम से संपर्क स्थापित कर रही है। सरकार गठन के बाद से ही कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

बजट सत्र के पूर्व चारों मंत्रियों द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया था। इसमें कई समस्याओं का समाधान मंत्रियों की पहल पर हुआ है। फिर से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पांच जून को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और जून को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया है। जनता दरबार के माध्यम से कांग्रेस सीधे जनता से जमीनी स्तर पर जुड़कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। इस आयोजन से जनता सरकार को अपने निकट पा रही है और खुलकर अपनी बातों को रख रही है। जन समस्याओं के प्रति अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जा रहा है और तय समय सीमा के अंदर आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास हो रहा है।

# रिम्स पार्ट-2 की बात करने वाली सरकार गरीबों को एंबुलेंस देने में असमर्थ : राफिया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जो न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की जर्जर स्थिति को उजागर करती हैं, बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार को कटघरे में खड़ा करते इस पर गहरी चिंता करते हुए कहा कि " रिम्स पार्ट-2 की बात करने वाली सरकार गरीबों एम्बुलेंस देने में असमर्थ " और उन्होंने कहा एक ओर सरकार 'सभी को स्वास्थ्य' का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हालात इतने भयावह हैं कि गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति समय पर अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहा। यह एक साधारण प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का सीधा उल्लंघन है।

राफिया नाज़ ने कहा कि "गोड्डा जिले में एक मासूम बच्ची की मृत्यु की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरी मानवता को झकझोर देने वाली त्रासदी है। "केवल एंबुलेंस समय पर न पहुंच पाने के कारण एक मासूम की जान चली गई, जबकि परिजनों ने बार-बार सहायता के लिए कॉल किए। इसी तरह की एक और घटना चतरा जिले में घटी, जहाँ सुकुल भुइयां की मौत भी एंबुलेंस की देरी के कारण हुई। इन घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि झारखंड में एंबुलेंस सेवा लगभग निष्क्रिय हो चुकी है।

उन्होंने कहा "राज्य में एंबुलेंस सेवा की स्थिति पर बोलते हुए राफिया नाज़ ने कहा कि झारखंड में 32% सेवा-योग्य एंबुलेंसें बंद हालत में हैं। उन्होंने यह सवाल उठाया कि जब जनता के टैक्स से इन सेवाओं को चलाया जा रहा है तो फिर रखरखाव और मरम्मत के लिए धन का प्रबंधन क्यों नहीं हो रहा? उन्होंने ज़ोर दिया कि यदि इतनी बड़ी संख्या में एंबुलेंसें निष्क्रिय हैं तो यह सीधे तौर पर जनता की जान के साथ खिलवाड़ है।"

राफिया नाज़ ने यह भी कहा राज्य में केवल वाहनों की ही नहीं, बल्कि संसाधनों और मानवबल की भी गंभीर कमी है। कई जिलों में एक ही एंबुलेंस पर पूरा प्रखंड निर्भर है। कई गाड़ियों में प्रशिक्षित चालक और सहायक कर्मियों की भारी कमी है, जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।" उन्होंने इसे "संवेदनशील शासन के खोखले दावे" करार दिया।

## भाजपा आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित आरोप मढ़ रही : झामुमो महासचिव

**रांची।** झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि भाजपा राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित आरोप मढ़ रही है। यह जनता को भ्रमित करने वाला भाजपा का राजनीतिक स्टंट है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अगर वाकई राज्य की जनता की चिंता है, तो उन्हें जमीनी स्तर पर हो रहे सुधारों को देखना चाहिए, न कि केवल त्रासदी को राजनीतिक हथियार बनाना चाहिए। महासचिव पांडेय ने कहा, सरकार ने बीते वर्षों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। एंबुलेंस सेवाओं के विस्तार और मरम्मत के लिए बजट आवंटित किया जा चुका है और यह प्रक्रिया प्रगति पर है। लेकिन यह भी समझना होगा कि एक पुरानी और उपेक्षित व्यवस्था को दुरुस्त करने में थोड़ा वक्त लगता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिम्स पार्ट-2 की योजना भविष्य की स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए बनाई गई है और यह किसी एक सेवा की अनदेखी नहीं, बल्कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार का हिस्सा है।

**तसर रेशम उद्योग पर केंद्रित संयुक्त समन्वय समिति की बैठक**

# केंद्रीय रेशम बोर्ड किसानों साथ के मिलकर कार्य करेगा : पी. शिवकुमार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** तसर रेशम उद्योग के समग्र विकास के उद्देश्य से संयुक्त समन्वय समिति की बैठक का आयोजन केरेबो-केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिस्का नगड़ी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता, केंद्रीय रेशम बोर्ड ने सदस्य सचिव पी. शिवकुमार ने की। बैठक में श्री शिवकुमार ने तसर रेशम उद्योग की वर्तमान स्थिति, संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राज्य रेशम विभागों के अधिकारियों और संस्थान के वैज्ञानिकों से संवाद कर उद्योग के बहुआयामी विकास हेतु समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। ट्रॉपिकल तसर के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों में उत्पादित ओक तसर के विकास पर भी विशेष जोर दिया गया। सदस्य सचिव ने आश्वस्त किया कि तसर उद्योग के सशक्तिकरण के लिए केंद्रीय रेशम बोर्ड किसानों और राज्य सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा। उन्होंने नवाचार, प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के दौरान सीएसबी-सीटीआरटीआई निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने संस्थान द्वारा तसर रेशम उद्योग के क्षेत्र में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए लगभग 45 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ महेन्द्र सिंह राठौड़, वैज्ञानिक-डी द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ नरेश बाबू, संयुक्त सचिव, केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**सारंडा का बदलता परिदृश्य पर आयोजित सेमिनार में बोले सरयू**

# सारंडा का बदलाव अब दिखने लगा है

● कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा - पर्यावरण और विकास ये सब एक-दूसरे के पूरक

नवीन मेल संवाददाता



## विकास का मतलब प्रकृति को नष्ट करना नहीं बल्कि इसके साथ चलना है : डॉ एसएन पाठक

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति (रिटायर्ड) डा. एस. एन. पाठक ने कहा कि सारंडा जंगल जिसे कभी 700 पहाड़ियों की भूमि के रूप में जाना जाता था, जो हरे स्टील के रूप में जाने जाने वाले ऊँचे शाल के पेड़ों और मजबूत आदिवासी समुदायों से भरा हुआ था। सदियों तक सारंडा को एचओ मुंडा और संथाल लोगों के हाथों संरक्षित और पोषित किया गया था। जंगल सिर्फ पेड़ और जानवर नहीं थे। यह संस्कृति परंपरा और पूर्वी भारत की पारिस्थिति के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा थी। लेकिन हाल के दशकों में इसे चुपचाप लेकिन लगातार खनन, वनों की कटाई, विस्थापन और कभी-कभी सिर्फ उदासीनता के कारण नुकसान पहुँचाया गया। एक न्यायाधीश के रूप में मुझे अक्सर विकास की जरूरतों को प्रकृति की रक्षा की जरूरत के खिलाफ तौलना पड़ता है और मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि ये दोनों दुश्मन नहीं हैं। सच्चे विकास का मतलब प्रकृति को नष्ट करना नहीं है।

**रांची।** सारंडा का बदलता परिदृश्य विषय पर रविवार को प्रेस क्लब में आयोजित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन नेचर फाउंडेशन और युगांतर प्रकृति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। आयोजित संगोष्ठी के दौरान जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और सारंडा बचाओ अभियान के संयोजक सरयू राय ने कहा है कि अब सारंडा बदल रहा है। यह बदलाव दिख भी रहा है। सारंडा के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार ने अनेक वर्किंग प्लान बनाए। मेटल और माइनिंग की ट्रेडिंग सबके लिए खोल दिये जाने के बाद 2003 के आस-पास इनकी मांग बढ़ गई थी। सारंडा के जितना क्षेत्रफल है, उससे अधिक क्षेत्रफल के लिए खनन हेतु आवेदन खनन विभाग में आ गया था।

उन्होंने कहा कि जिसने कभी माइनिंग का नाम नहीं सुना था, उसने भी माइनिंग लीज के लिए आवेदन कर दिया था। माइनिंग लीज के जो वास्तविक धारक थे, वे सरफेस रेंट के लिए जरूरी धनराशि जमा करा पाने में असमर्थ थे। माइनिंग सेक्टर में बूम आने के बाद वे अन्य उद्योगपतियों के साथ गठजोड़ करके इसको चलाने लगे। इसके कारण अवैध माइनिंग धड़ल्ले से शुरु हो गई। अवैध माइनिंग के बारे में पूरे भारत में जोरदार चर्चा शुरु हो गई।

उन्होंने कहा उसी दरम्यान सारंडा बचाओ अभियान ने एक पीआईएल फाइल किया। इस पीआईएल को फाइल करने में जस्टिस डॉ. एस. एन. पाठक की अहम भूमिका थी। उन्होंने कहा तब वह सीनियर अधिवक्ता थे। उन्होंने कोई फीस नहीं ली और साथ में काम करते रहे। बाद में जज बने और अब तो रिटायर भी हो गए लेकिन केस अब तक चल रहा है। इसमें हम लोगों की भी कमी रही। हम लोग उदासीन हो गए। इसी कारण कोई फैसला नहीं हो पाया। फिलहाल अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय यह केस देख रहे हैं।

**समारोह** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में मनाया गया

# राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लें : सुदेश महतो

● आजसू एक नए तेवर में दिख रही है

नवीन मेल संवाददाता



## बलिदान दिवस केवल अतीत को याद करने का दिन नहीं

बलिदान दिवस केवल अतीत को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और भविष्य निर्माण का भी समय है। राज्य को एक नई सोच के साथ आगे लेकर जाने की आवश्यकता है। वर्तमान हेमंत सरकार झूठ बोलकर और गुमराह कर राजनीति कर रही है। महिलाओं को सत्ता हासिल करने का आधार बनाया गया और अब छह लाख महिलाओं का नाम मंईयां योजना से काटा जा रहा है। इसका जवाबदेह कौन होगा? सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी करें।

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झामुमो ने झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी की, जबकि आजसू ने 1986 से 2000 तक सांसद-विधायक बनाए बिना संघर्ष किया। उसी संघर्ष का परिणाम है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग राज्य का निर्माण किया। अब राज्य के नव निर्माण का संकल्प लें। सुदेश महतो रविवार को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आजसू के स्थापना दिवस को संबोधित कर रहे थे। स्थापना दिवस का आयोजन बलिदान दिवस के रूप में किया गया। सुदेश महतो ने कहा कि यह दिन झारखंड आंदोलन के उन अमर शहीदों को समर्पित है, जिन्होंने राज्य की अस्मिता, अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

उन्होंने कहा है कि हेमंत सरकार में जनता के अधिकार छीने जा रहे हैं। जनता इस सरकार से मात्र छह माह में ही त्रस्त हो चुकी है। सरकारी तंत्र जनता को धमकाने में लगा है। जमीन के नाम पर अपराध का बोलबाला है। एक जमीन की छह बार रजिस्ट्री हो रही है और सीओ तथा थाना फर्जी करने वालों के पक्ष में वास्तविक मालिक को प्रताड़ित करते हैं। राज्य में न तो नियोजन नीति बनी, न विस्थापन नीति और न ही स्थानीय नीति। इस सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं। आजसू कार्यकर्ता हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी करें। आज से आजसू एक नए तेवर में दिख रही है। अब राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लेकर यहां से हमलोग जाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना की घोषणा का स्वागत करते हुए उन्होंने जाति के आधार पर आरक्षण की मांग की। समारोह से पूर्व विभिन्न मोहल्लों से महानगर कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस की शक्ल में खेलगांव स्थित समारोह स्थल पहुंचे। समारोह स्थल पर ही रक्तदान शिविर लगाया गया था, जिसमें दर्जनों कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

# बीआईटी लालपुर में मनाया गया योग दिवस और हुआ पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीआईटी मेसरा लालपूर यूनिट के तत्वावधान में संस्थान के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार के नेतृत्व में सहायक कुलसचिव मनोज गिरी के निर्देशन में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को योग कराया गया। साथ ही योग और उसकी शरीर में होने वाले रोगों के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम के उपरांत पौधरोपण कर प्रभारी डॉ प्रणव कुमार ने समाज को इस प्रकार के आयोजन पर बताया की इस प्रकार के आयोजन को हम अपने कार्यालय के आलावे मुहल्ले और सोसाइटी में भी करे जिससे युवाओं में योग और उसके होने वाले फायदे को समझ सके। योग एक पूजा है और पूजा जिस तरह प्रत्येक घर परिवार में किया जाता हैं ठीक उसी प्रकार हमे भी इससे अपने जीवन के प्रथम पहर में इससे करने की आदत बनाने की आवश्यकता है। आज के इस योग दिवस में संस्थान के जो वरिष्ठ शिक्षक और अधिकारियों ने भाग लिया डॉ अमृता प्रियम, डॉ सोमनाथ मुखर्जी, डॉ नागेंद्र प्रसाद तिवारी, सहित शिक्षक और कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों ने भाग लिया योग के बाद प्रांगण में बरगद का वृक्ष लगाया गया जो प्रकृति के लिए प्रेम का परिचायक होने का प्रमाण है।




# बाढ़ का पानी बेबस जिंदगानी इस पर नाले का अतिक्रमण भारी

**मनोज मिश्रा। रांची।** एनएचआई की सड़क पर का पंचशील चौक इसके एक ओर पंचशील नगर, सहदेव नगर दूसरी और राधा नगर और शांति नगर बसे हैं। इनमें बनहोरा नदी की बाढ़ का पानी थमने के बाद गलियों मोहल्लों की तस्वीरें बदल गई है। एक ओर जहां लोग राहत की सांस ले रहे हैं वहीं आवागमन की परेशानी भी हो रही है। टूटी सड़कों के गड्ढों पर नदी से बहकर आई मछलियां तैरती नजर आती है तो इन सड़कों पर चलने वाले यात्री दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। मोटे तौर पर आकलन बताती है कि प्रत्येक टूटी सड़क की गली में चार से पांच लोग चोटिल हो रहे हैं जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें और उनके वाहन के साथ उठाया जाता है। एक बार फिर से हुई बारिश में इस सड़क पर पानी जम रहे हैं और यह गड्ढा दिखाई नहीं दे रहा। रविवार की बारिश में पंचशील चौक एक बार फिर पानी से भर गया। आवागमन जान जोखिम भरा हुआ साबित हो रहा है। वहीं पिस्का और पंडरा नदी के दो छोर बन गए हैं। पानी के जमाव और बहाव से जिंदगी अस्त व्यस्त हो गई है और ट्रैफिक जाम हो गया है। पानी के इस बहाव में पंचशील नगर, शाहदेव नगर, राधा नगर, शांति नगर में खतरा ही खतरा बढ़ गया है। बहते पानी में ज़हरीले जंतुओं के आने का खतरा, बहते पानी में बहने का खतरा, घर में रहने से रोजी रोजगार का खतरा। दबंगों ने तो नाला का अतिक्रमण कर पानी रोका, भले लोग राजधानी में बसने के लालच में नदी के मार्ग में घर बना लिए। घर के अंदर पानी तो आएगी क्योंकि घर ही ग्रीन फील्ड में बनाया गया है। कहते हैं कि बिना बिचारे जो करे सो पीछे पछताए।




## गड्ढा है जो पानी भरने के बाद नहीं दिखाई दे रहा, गिर रहे हैं दो पहिया सवार लोग

स्थानीय बच्चे बताते हैं कि एक आंटी आने जाने वालों को बता रही थी कि आगे गड्ढा है जो पानी भरे होने से दिखाई नहीं दे रहा। कई लोग उनकी बातों को सुनकर गली बदल चले गए। लेकिन एक अंकल ने उनकी बातों को ध्यान नहीं दिया, आगे बढ़ गए और अपने बाइक सहित गड्ढे पर गिर गए फिर उन्हें बच्चों ने उठाया। दूसरे दिन पानी कम होने के बाद गड्ढों में मछलियां दिखी जिसे बच्चे पकड़ने की कोशिश कर रहे थे, तो उन्हें बताया गया कि जहां मछली है उस गड्ढे पर कुछ घंटे पहले बड़ा सांप घुसा है।

# रथ मेले में श्रद्धालुओं को नहीं होगी परेशानी : डीसी

## प्रशासन और मंदिर समिति के सदस्यों की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि जगन्नाथपुर रथयात्रा न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव है। सभी विभाग एवं मेला न्यास समिति टीमवर्क की तरह कार्य करें। सभी सामूहिक जिम्मेवारी के तहत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कार्यों को संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जगन्नाथपुर रथयात्रा मेले की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और वरीय पदाधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने मेला परिसर में व्यवस्था का जायजा लेते हुए वरीय अधिकारियों द्वारा मंदिर समिति के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जगन्नाथपुर मंदिर से मौसी बाड़ी तक रथयात्रा रूट का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देशा दिया। 24 घंटे बिजली, चलंत शौचालय, पानी, अग्निशमन एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है। जिला प्रशासन ने मेले में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने दुकानदारों को निर्धारित स्थान तक ही अपनी दुकान लगाने का निर्देश दिया गया ताकि रथयात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मेला परिसर में वॉच टावर और सीसीटीवी लगाये गये हैं। सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। इसके लिए संयुक्त आदेश भी जारी किया जाएगा। बड़े वाहन प्रवेश न करें, इसके लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

### झूलों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश जारी

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने जगन्नाथपुर रथ मेला 2025 के दौरान लगने वाले झूलों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि मेला के दौरान कोई दुर्घटना न हो। इसके लिए सभी झूला संचालकों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है। और संचालन के दौरान सुरक्षा उपायों का अनुपालन शामिल है। जैसे कि झूलों की सुरक्षा जांच और लाइसेंस से संबंधित दस्तावेज, उपलब्ध रखें। यह कदम मेला में आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### वॉलेंटियर भी श्रद्धालुओं के लिए रहेंगे तैनात

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम के साथ मेले के दौरान वॉलेंटियर भी श्रद्धालुओं के लिए तैनात रहेंगे ताकि भक्तों को अपने आराध्य के दर्शन में कोई परेशानी ना हो। एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए जिसमें जिला प्रशासन के साथ मंदिर कमिटी के भी पदाधिकारी जुड़े रहेंगे। इसके साथ ही वॉलेंटियर भी जुड़ेंगे जो हर जानकारी से जिला प्रशासन को अवगत करायेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सूचना जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में ही मेले में खोये हुए लोग/बच्चों के लिए खोया/पाया केंद्र की सूचना दी जाएगी।

**बैठक में ये थे उपस्थित :** डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, डीएसपी हटिया, के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# रांची में दूसरे चरण में 79 हजार को मिला मंईयां सम्मान योजना का पैसा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले में लाभुकों को दूसरे चरण में भी अप्रैल माह की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। दूसरे चरण में कुल 79 हजार 553 लाभुकों के बैंक खाते में 2500 रुपये की सम्मान राशि का भुगतान किया गया है। सभी लाभुकों के बीच आधार लिंक बैंक खाते में 9 करोड़ 88 लाख 82 हजार 500 की राशि का भुगतान किया गया है।

इस दौरान उन महिलाओं के लिए भी खुशखबरी सामने आई है, जिनके आधार कार्ड खातों से लिंक नहीं हुए थे। आधार कार्ड सीडिंग ना होने की वजह से इन महिलाओं के खातों में पैसा नहीं जा पा रहा था, अब इन खातों में भी पैसे आने लगे हैं। बीते दिनों लगभग 7.65 लाख महिलाओं के खातों में भी मंईयां सम्मान योजना का पैसा पहुंचा था।

### जिले में भौतिक सत्यापन का कार्य भी जारी

जिले में भौतिक सत्यापन का कार्य भी जारी है। भौतिक सत्यापन का कार्य पूरा होने के बाद शेष योग्य लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। वैसे लाभुक जिनका भौतिक सत्यापन लंबित है, वह आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर तथा सत्यापन प्रपत्र प्राप्त कर अपने भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।




इससे पहले चार जून को जिले में प्रथम चरण में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कुल 3 लाख 40 हजार 63 लाभुकों के खाते में 85 करोड़ एक लाख 57 हजार 500 की राशि का आधार बेस्ड भुगतान किया गया था। दोनों चरणों में अब तक 4 लाख 19 हजार 616 लाभुकों के बीच 104 करोड़ 90 लाख 40 हजार की सम्मान राशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दी गई है।जिन लाभुकों का आवेदन पूर्व में स्वीकृत है, लाभ के लिए उन्हें अपने बैंक खाते से आधार सीडिंग कराना अनिवार्य है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने ऐसे लाभुकों से अपना आधार सीडिंग कराने की अपील की है, ताकि उन्हें योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जा सके।

# निगम की कचरा उठाने वाली खामोश गाड़ी बजा रही है सीटी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंचशील नगर, शाहदेव नगर में निगम की कचरा उठाने आई गाड़ी कई महीनों से खामोश है। सूत्रों ने बताया कि पिछले एक साल पहले गाड़ी से टेप चोरी हो गई है इस वजह से चोंगा लगे होने के बावजूद गाड़ी वाला आया घर से कचड़ा निकाल स्वच्छता गाना शाहदेव नगर में नहीं सुनाई देते। बस के कंडक्टर की सीटी बजाते हुए कचरा गाड़ी के कर्मी आते है जिससे कचरा घरों से निकालने का संकेत मिलता है। ऊंचे और शीशे के खिड़की दरवाजों के बने घरों में रहने वालों तक आवाज सुनाई नहीं देती और कचरा का उठाव नहीं हो पाता। दूसरी ओर रांची के झिरी में गेल इंडिया का सीएनजी प्लांट लगा है जहां किचेन के कूड़े कचरे से मिथेन बनाया जाता है। अब अगर किचेन का कूड़ा कम मात्रा में प्लांट में जाएगा तो सीएनजी उत्पादन कम हो जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश की एजेंसी को झिरी सीएनजी प्लांट सरेंडर करना पड़ सकता है और भारत सरकार की एक बड़ी योजना फेल होने के कगार तक पहुंच सकती है। निगम को चाहिए कचरा उठाव के छोटे बड़े पहलुओं को ध्यान में रखकर उचित ढंग से मॉनिटरिंग करे तो निःसंदेह ज्यादा कचरा का उठाव होगा। नगर तो स्वच्छ होगा ही करोड़ों की लागत से बनी सीएनजी प्लांट में उत्पादन भी बढ़ेगा।

# श्री श्याम मित्र मंडल के नए अध्यक्ष गोपाल मुरारका होंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल के नए अध्यक्ष गोपाल मुरारका होंगे। मंडल का चुनाव-निर्वाचन पहली बार संविधान के अनुरूप हो रहा है। मंडल के संस्थापक सदस्य,पूर्व अध्यक्ष एवं चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि नामांकन पत्र वापसी के बाद सभी पदों व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव-निर्वाचन में संख्या के अनुसार उतने ही नामांकन पत्र शेष बचे है। श्री नारसरिया ने बताया कि डोरंडा निवासी मंडल के सक्रिय सदस्य संजय कुमार सर्राफ ने अपने सभी नामांकन पत्र वापस ले लिए। श्री सराफ ने मंडल में मतदान नही हो, इस सदभावना से अपना नामांकन वापस ले लिया। मंडल के सत्र 2025-27 के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची रविवार को जारी कर दी गई है। अंतिम सूची में गोपाल मुरारका (अध्यक्ष),अशोक कुमार लाडिया व श्रवण कुमार ढांढनिया (उपाध्यक्ष गण),गौरव अग्रवाल (महामंत्री),पंकज कुमार अग्रवाल व विष्णु चौधरी(मंत्रीगण)आदित्य लोहिया व प्रवीण अग्रवाल हरमू रोड(उपमंत्री गण) मनोज कुमार खेतान (कोषाध्यक्ष) रोहित कुमार अग्रवाल (प्रचार मंत्री) एवं राजेश चौधरी (आंतरिक अंकेक्षक) कार्यकारिणी सदस्य के लिए अनिल कुमार नारनोली,प्रवीण अग्रवाल(रातू रोड),राजेश कुमार ढांढनिया, श्याम सुंदर शर्मा एवं स्नेह कुमार पोद्दार प्रत्याशी है।चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया एवं सहयोगी राज कुमार केडिया ने बताया कि 11 जुलाई 2025 रविवार को मंडल की आहूत बैठक में उपरोक्त सभी को निर्वाचित घोषित किया जाएगा। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने सभी सदस्यों से बैठक में आने का आग्रह किया है।

## आज / कल




# झारखंड प्रांतीय शाखा का रक्तदान पखवाड़ा का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रांतीय शाखा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा के अंतर्गत समर्पण शाखा ने कुल 136 यूनिट संग्रह किया। 21 व 22 जून को इस पखवाड़े के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके समापन समारोह में समर्पण शाखा द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया एवं प्रांत कार्यकारिणी टीम में से प्रांत महामंत्री दीपक गोयनका, मुख्यालय सहायक मंत्री श्वेता भाला, प्रांत रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल रविवार को इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। शाखा द्वारा अंग वस्त्र देकर सभी पदाधिकारी को सम्मानित किया गया साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष जी को भेंट स्वरूप शाखा की तरफ से पौधा भी दिया गया।उनके आने से शाखा की गरिमा और बढ़ गई।

21 जून को रक्त दान शिविर का आयोजन टोरंटो बजाज सर्विस में लगाया गया। रविवार को शिविर का आयोजन करने में रांची के जैन युवा जागृति के सभागिता से दिगम्बर जैन मंदिर के परिसर में किया गया। इस सहयोग के लिए जैन समाज के सभी सदस्यों का आभार। दोनों शिविर के माध्यम से कुल 30 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

# ब्रह्माकुमारी मातेश्वरी सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरियर विश्व विद्यालय की प्रथम अध्यक्ष ब्रह्माकुमारी मातेश्वरी सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया। मौके पर हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर "आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुबोध ने कहा मातेश्वरी जगदम्बा जिन्हें मम्मा कह कर संबोधित किया जाता है वे ब्रह्माकुमारियों की प्रथम प्रमुख थीं जिन्हें "बुद्धि की देवी" की रूप में जाना जाता है। महिला समिति अग्रवाल सभा की पूर्व अध्यक्ष मंजूला केडिया ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा को संस्था के संस्थापक ब्रह्मा की आध्यात्मिक बेटी माना जाता है। मम्मा ने एक मार्गदर्शक, प्रशासक एवं आध्यात्मिक शिक्षक के रूप में सभी को पालन दिया।

## बरसात और दुर्घटनाओं के कारण रिम्स में क्षमता से अधिक मरीज

# स्ट्रेचर पर हो रहा है रिम्स में इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल मरीजों को बेड नहीं दे पा रहा है। राजधानी रांची स्थित रिम्स अस्पताल में राज्य के सभी जिलों से लोग इलाज करवाने पहुंचते हैं। यहां सभी वर्ग के लोग आते हैं लेकिन अधिक संख्य में रिम्स में आर्थिक हाल से कमजोर लोगों का आना होता है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री और विभाग अक्सर रिम्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। राजधानी में रिम्स टू बनाने की भी तैयारी चल रही है। लेकिन रिम्स वन की स्थिति पर किसी की नजर नहीं है। रिम्स के ट्रॉमा सेंटर और सेंट्रल इमरजेंसी में मरीजों की इतनी भीड़ हो जाती है कि बेड कम पड़ जाते हैं। मरीजों का इलाज बेड के जगह स्ट्रेचर और ट्रॉली पर की जा जाती है।

### जब तक बेड खाली नहीं होंगे तब तक स्ट्रेचर पर ही होगा इलाज

रिम्स के ट्रॉमा सेंटर और सेंट्रल इमरजेंसी में गंभीर स्थिति वाले मरीजों के साथ साथ सड़क दुर्घटनाएं में घायल मरीजों का आना सबसे अधिक होता है। ट्रॉमा सेंटर और सेंट्रल इमरजेंसी में भीड़ इतनी ज्यादा होती है कि मरीजों और परिजनों को तक जगह नहीं मिल पाती। वहीं कुछ गंभीर अवस्था में इलाज करवा रहे मरीजों के परिजनों ने बताया कि बेड की कमी होने के कारण उन्हें स्ट्रेचर पर इलाज करवाना पड़ रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि बेड खाली होने पर उन्हें बेड दिया जाएगा।



**उठते सवाल** क्या रिम्स टू की प्लानिंग में रिम्स अस्पताल रहेगा लचर? बरसात के मौसम में कई बीमारियों से ग्रसित और दुर्घटनाओं से ग्रसित मरीज पहुंचते है रिम्स, क्या बेड की कमी से इलाज स्ट्रेचर पर ही होता रहेगा? झारखंड राज्य के सबसे बड़े और पुराने अस्पताल में कब तक ऐसी ही रहेगी स्थिति।



### एक सप्ताह से जला है बचरा सबस्टेशन का पावर ट्रांसफार्मर

# खलारी क्षेत्र में लोड शेडिंग से बिजली संकट



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** जेबीवीएनएल के बचरा विद्युत सबस्टेशन में लगा 33/11 केवी का 5 एमवीए क्षमता वाला पावर ट्रांसफार्मर बीते एक सप्ताह से जला हुआ है। जिससे खलारी, राय और हेंदेगीर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली संकट गहराया हुआ है। उपभोक्ताओं को लोड शेडिंग के माध्यम से बारी-बारी से बिजली आपूर्ति की जा रही है। बचरा सबस्टेशन में कुल दो 5 एमवीए के पावर ट्रांस्फार्मर लगे हैं, जिनमें से एक के जल जाने के बाद शेष एक ट्रांस्फार्मर पर पूरा भार आ गया है। मौजूदा स्थिति में एक ही ट्रांस्फार्मर से पूरे क्षेत्र में सीमित रूप से बिजली दी जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को अनियमित विद्युत आपूर्ति का सामना करना पड़ रहा है। यह ट्रांस्फार्मर 33 हजार वोल्ट की बिजली को 11 हजार वोल्ट में बदलकर उसे क्षेत्रीय एलटी ट्रांस्फार्मर तक पहुंचाता है। बिजली वितरण प्रणाली में इसकी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### बारिश थमते ही बदलेगा ट्रांसफार्मर : कार्यपालक अभियंता

इस संबंध में पूछे जाने पर रांची पश्चिमी अंचल के विद्युत कार्यपालक अभियंता हिमांशु कुमार ने बताया कि बचरा सबस्टेशन के लिए नया 5 एमवीए का पावर ट्रांस्फार्मर स्वीकृत हो चुका है। जैसे ही बारिश की तीव्रता कम होगी, जले हुए ट्रांस्फार्मर को बदल दिया जाएगा।

## पेसा कानून में कुर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित हो : शीतल



**ठाकुरगांव।** कुर्मी विकास मोर्चा की बैठक रविवार को बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में सोनालाल महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार,केंद्रीय महासचिव राजेंद्र महतो,युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो शामिल हुए। मौके पर शीतल ओहदार ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्तावित पेसा कानून में राज्य सरकार कुर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करे। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त मामले को लेकर राज्य भर के कुर्मी समाज को गोलबंद किया जा रहा है। ओहदार ने जोर देकर कहा कि इस मामले को लेकर समाज द्वारा चरणबद्ध आंदोलन भी किया जायेगा। इस अवसर पर राज्य भर के कुर्मी समाज के गांवों में जागरूकता अभियान भी चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर ललित महतो,सबिता देवी,सुशील कुमार, सोहन कुमार,सरिता देवी,उर्मिला देवी समेत अन्य मौजूद थे.

## झारखंड जूनियर बालक टेनिस वॉलीबॉल टीम घोषित



**रांची।** 27वी राष्ट्रीय जूनियर बालक/ बालिका टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 28 जून तक जीएनए पीजी कॉलेज भाटापारा, छत्तीसगढ़ में टेनिस वॉलीबॉल संघ छत्तीसगढ़ एवं टेनिस वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित हो रही हैं जिसमें झारखंड के बालक टीम भाग लेगी जिसकी घोषणा संघ के द्वारा की गई। इसमें सौरभ कुमार(कप्तान),सुमित भगत, शिवम कुमार नाग, विशाल बैठा, मनीष बैठा कोच दीपक कुमार, मैनेजर ब्रजेश गुप्ता शामिल हैं टीम मंगलवार को हटिया रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी। यह जानकारी टेनिस वॉलीबॉल संघ झारखंड के महासचिव ब्रजेश गुप्ता ने दी।

# शिक्षा वही जो संस्कार दे और संस्कार वही जो समाज को दिशा दे : राज्यपाल

- **समाज और सेवा संस्थाएं मिलकर झारखंड के वनवासी अंचलों में शिक्षा, संस्कार और परिवर्तनों की आधारशिला रख रही है**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ गुमला**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा और संस्कार के समन्वय से ही समाज का सशक्त निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वही जो संस्कार दे और संस्कार वही जो समाज को दिशा दे। यह छात्रावास उसी विचार का मूर्त रूप है। उन्होंने कहा कि यह परिसर केवल आवासीय सुविधा न होकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र सेवा का केंद्र बने। राज्यपाल रविवार को गुमला जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत बिन्देश्वरी लाल साहू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भलमण्डा में बालिका छात्रावास का लोकार्पण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण 'बेटी पढ़ेगी, तभी देश बढ़ेगा' का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड में अधिकाधिक संख्या में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना जनजातीय प्रतिभाओं को शिक्षा और अवसर देने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने हाल ही में श्रीहरि वनवासी कल्याण केन्द्र से सम्बद्ध वनवासी विकास समिति के एक कार्यक्रम में भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज और सेवा संस्थाएं मिलकर झारखंड के वनवासी अंचलों में शिक्षा, संस्कार और परिवर्तनों की आधारशिला रख रही हैं। सुमन रमेश तुलस्यानी ट्रस्ट, मुम्बई की ओर से बच्चों के लिए दो बसें प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए समाज में ऐसे लोगों की आवश्यकता है। उन्होंने मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट सूरत, गुजरात के केशुभाई को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य (236 सरस्वतीधाम की स्थापना) के लिए अत्यंत बधाई दी। इससे पूर्व राज्यपाल ने सर्वप्रथम परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद वीर लांसनायक अल्बर्ट एक्का के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता है कि विद्या विकास समिति की ओर से सैकड़ों विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं, यह संगठन वर्षों से झारखंड के दूरस्थ ग्रामों एवं जनजातीय अंचलों में शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक चेतना के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट, सूरत, गुजरात ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित 236वां सरस्वतीधाम (बालिका छात्रावास) के लोकार्पण के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि यहां आरम्भ यह छात्रावास केवल एक भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण एवं जनजातीय अंचल की बालिकाओं के स्वावलंबन, आत्मबल और उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। उन्होंने इस छात्रावास के निर्माण में सहयोग प्रदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होकर शिक्षा के लिए प्रयास करता है, तब परिवर्तन की दिशा सुनिश्चित होती है।

## सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम में रविवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें अंडर 17 बालक एवं बालिका वर्ग के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया खेल का उद्घाटन बीपीओ मनोज कुमार, कृष्णा हेमरोम एवं सीआरपी व शिक्षकों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से आयी टीमों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंडर 17 बालिका वर्ग में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की टीम विजेता व उर्सुलाईन उच्च विद्यालय का टीम उपविजेता रही। अंडर 17 बालक वर्ग में हलमाद उच्च विद्यालय व आदर्श उच्च विद्यालय पतराहातू फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के तहत अंडर 12 एवं अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन एवं अंडर 17 बालक की फाइनल प्रतियोगिता सोमवार को होगी। इस मौके पर प्रखंड के सभी बीआरपी, सीआरपी, बीआरसी कर्मी, शिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## नए ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार को हज़ाम गांव के ऊपर टोला बुरुडीह पथ पर सिल्ली पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि अखिल महतो एवं मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा ने विधिवत रूप से ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उद्घाटन होते ही ग्रामीणों में खुशी का लहर दौड़ पड़ा।ग्रामीणों ने सिल्ली विधानसभा के लोकप्रिय विधायक अमित कुमार महतो का आभार जताया एवं धन्यवाद दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के राकेश मांझी, राहुल कोइरी, निर्भय मांझी, लक्ष्मी नारायण कोइरी, अशरफ खान, दिनेश कुम्हार, सुदामा सिंह मुंडा,प्रहलाद कोइरी, विश्वनाथ कोइरी,बीरेंद्र कोइरी, बद्रीनाथ कोइरी,रेंघू कोइरी,बॉबी देवी,बेहल्या देवी,राधिका देवी, यमुना देवी,उषा देवी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मेहंदी में लाली, दूध में घी, फूल में सुगंध की तरह सृष्टि में ईश्वर व्याप्त हैं:स्वामी प्रमोद

**खूंटी।** महर्षि मेंहीं आश्रम में तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार के सत्संग में स्वामी प्रमोद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि धूल के कण गिने जा सकते हैं, परंतु ईश्वर का नाम असंख्य है, उसे गिनना संभव नहीं है। उसी में गुरु नाम भी आता है। ईश्वर पुलिंग या स्त्रीलिंग नहीं होते, वे सभी के माता-पिता, सखा -स्नेही होते हैं। मेहंदी में लाली, दूध में घी, फूल में सुगंध की तरह सृष्टि में ईश्वर व्याप्त हैं। ईश्वर और सद्गुरु की भक्ति का मार्ग ही सुख का मार्ग है। सत्य पर चलना, झूठ, चोरी, नशा, हिंसा, व्यभिचार जैसे दुर्गुणों का पूर्णतया परित्याग कर, सत्संग करते रहने से घर स्वर्ग बन जायेगा। उन्होंने कहा कि अपनी या अपनी संतान की एक अंगुली कट जाने से कितनी पीड़ा होती है, और मनुष्य अन्य जीवों को मारकर खाते हैं, जो बिल्कुल ही सही नहीं है। स्वामी डॉ निर्मलानंद महाराज ने कहा कि संतों का जीवन परोपकार के लिए होता है। परमात्मा की भक्ति करने के लिए संत सद्गुरु महर्षि में हीं परमहंस जी महाराज सहित अन्य साधु -महात्माओं ने बताया।

## खूंटी में पेड़ों की अवैध कटाई पर एक्शन कई घनफिट चिरान और लकड़ी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**



जिले के दूरस्थ और सुदूरवर्ती इलाकों के जंगल इलाके में चोरी छुपे पेड़ काटकर लकड़ी की तस्करी होती है. यही नहीं तस्कर अब जंगलों के बीच आरा मशीन लगाकर पेड़ों को चीरकर पटरा बनाकर तस्करी कर रहे हैं. हालांकि वन विभाग तस्करों पर नकेल कसने के लिए कई बार कार्रवाई करता है और सूचना मिलने पर दर्जनों घनफीट लकड़ियां जब्त कर चुका है. जंगलों में के बीच आरा मशीन लगाकर पेड़ों को चीरकर उसका पटरा निकालने का खुलासा उस वक्त हुआ जब डीएफओ दिलीप कुमार को एक सूत्र ने उस जगह की तस्वीरें शेयर की. इसके बाद डीएफओ ने मामले पर संज्ञान लेते हुए अड़की के बीहड़ जंगलों के बीच बीरबांकी से सटे बीहड़ जंगल पर कार्रवाई का निर्देश दिया. डीएफओ के निर्देश पर गई टीम ने पाया कि जंगल में एक मिनी टिंबर स्थापित है और उस जगह पर कई पेड़ और पेड़ों को चीरकर रखा गया पटरा मौजूद है. इस जगह को को देखकर प्रतीत हो रहा था कि उस स्थल पर महीनों से लकड़ी की चिराई हो रही थी और उनकी तस्करी भी हो रही थी. जंगलों के बीच मशीन लगाकर चिराई का अवैध धंधा का खुलासा होने के बाद डीएफओ ने तमाड़ निवासी कुलदीप मांझी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वन विभाग द्वारा बताया गया कि जिस कुलदीप मांझी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उसके खिलाफ रांची और खूंटी वन प्रमंडल क्षेत्र की लकड़ियों को तस्करी करने के चार मामले पहले से दर्ज हैं और क्षेत्र में उन्हीं के द्वारा तस्करी की जाती रही है. डीएफओ दिलीप कुमार ने ईटीवी भारत को बताया कि खूंटी वन विभाग को जैसे ही इसकी सूचना मिली, वन विभाग अपनी टीम बनाकर अभियान में निकला और महीनों से लकड़ी चिराई करने वाले स्थल को चिन्हित कर चिराई में लगे लोगों का पता लगाने में जुटी है. डीएफओ ने बताया कि खूंटी में बड़ी मात्रा में खूंटकट्टी वन क्षेत्र भी हैं, जिसे लोग सरकारी वन क्षेत्र मान लेते हैं लेकिन ऐसा नहीं है.खूंटकट्टी वन क्षेत्रों में जनजातियों का सामूहिक वन क्षेत्र भी शामिल हैं. जिसमें से वे अपनी जरूरतों के मुताबिक लकड़ियों का इस्तेमाल करते हैं. खूंटी वन क्षेत्र के बाहर चाईबासा और खूंटी से स्तर अन्य वन क्षेत्रों से लकड़ी माफिया लकड़ी की कटाई कर खूंटी जिला के रास्ते से अवैध लकड़ी का परिवहन करते हैं.

## न्यूज बॉक्स

### ठाकुरगांव व उरुगुट्टू लैम्प्स में धान बीज वितरण का हुआ उद्घाटन




**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव व उरुगुट्टू लैम्प्स अनुदानित दर में धान बीज वितरण का उदघाटन कांके विधायक सुरेश बैठा ने किया। इस अवसर पर किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदान पर धान बीज का वितरण किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाना झारखंड सरकार का लक्ष्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि बुढ़मू प्रखंड के किसानों की सुविधा के लिए जल्द ही कोल्ड स्टोर का निर्माण प्रखंड क्षेत्र में कराया जाएगा। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी,बबलू उरांव, बीएओ,बीटीएम आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बैजनाथ ठाकुर,मुखिया सचिन पाहन,जयंती देवी,रजब अंसारी,जलेश्वर महतो समेत अन्य मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा ने गौवंश की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर माह अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा दिनांक 22.06.2025, दिन रविवार, प्रातः 8 बजे हरमू रोड स्थित राँची गौशाला न्यास में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे सदस्यों एवं उनके परिवार वालो ने ताज़ा हरी सब्जी, गजर, खीरा, रोटी और गुड खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल व असहाय गायों की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के गौ सेवा प्रभारी युवा शुभम सिंघानिया एवं युवा सौरभ अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया। मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम मे मंच के शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, पूर्वाध्यक्ष मनीष लोधा, युवा बिमल अग्रवाल, युवा विशाल महलका एवं अन्य सदस्य अपने परिवार सहित विशेष रूप से उपस्थित थे।

### हॉकी झारखंड के प्रतिनिधि खेल निदेशक से मिले

**रांची।** हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर और झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने झारखंड सरकार के खेल विभाग के नए खेल निदेशक शेखर जमुआर से भेंट की। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद यह पहला शिष्टाचार मुलाकात था। उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके नए पद के लिए बधाई दी।

### जिला लेवल तकनीकी पदाधिकारी में तीन का चयन

**रांची।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 8 जून को आयोजित जिला लेवल तकनीकी पदाधिकारी का परीक्षा लिया गया था जिसमें रांची जिले से अनिमा द्विवेदी, रीमा रानी तिर्की और श्याम देव महतो ने परीक्षा को पास किया। श्री राम मुरमू को रांची विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बीपीएड- एमपीएड कोर्स के लिए कमिटी के सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी गई। इन सभी को जॉर्ज कुमार उच्च शिक्षा निदेशक ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभाकर कुमार वर्मा सचिव रांची जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन, बिनोद कुमार, धर्मेन्द्र गुप्ता, शिव रमन, संतोष कुमार, सुमित शर्मा, सोमेन्द्र कुमार शेखर सौरभ, दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व मुखिया की पुण्य तिथि मनाएंगे ग्रामीण



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के लोटा बीच टोला में ग्रामीणों की बैठक पूर्व वार्ड सदस्य सुर्यनारायण महतो की अध्यक्षता की गईं। बैठक में लोटा पंचायत के पूर्व मुखिया स्व योगेश्वर महतो की प्रथम पुण्य सह श्रद्धांजलि सभा आगामी 2 जुलाई को मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही श्रद्धांजलि सभा का व्यापक प्रचार प्रचार हेतु गांव गांव में चिठ्ठी, आमंत्रण कार्ड देकर लोगों को आमंत्रित करने का विचार विमर्श किया गया। इसकी भव्य तैयारी को लेकर एक कमेटी का नाम सर्व सहमति स्व योगेश्वर महतो ग्राम सेवा समिति लोटा, सिल्ली, रांची रखा गया। तत्पश्चात कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक श्रीनाथ महतो, सुर्यनारायण महतो, उमेशचंद्र महतो एवं राम प्रसाद महतो अध्यक्ष, उमेशचंद्र महतो एवं सुरेन्द्र गोराई उपाध्यक्ष, हरे कृष्ण महतो सचिव, विवेकानन्द महतो उप सचिव, देवनारायण महतो,प्रदीप महतो, सुनील महतो, शौरभ महतो, गणेश महतो आदि शामिल है।

### पत्नी की हत्या का आरोपी 40 दिन बाद गिरफ्तार

**दुमका।** पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या करने मामले में आरोपित पति मिथुन राय को 40 दिन बाद साहिबगंज जिला से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित मिथुन राय को जिले के गोपीकांदर पुलिस ने बरहेट थाना क्षेत्र के डोराय संथाल बस्ती से गिरफ्तार किया है। रविवार को मिथुन को दुमका जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने बताया कि घायल शिवरतिया देवी के फर्द बयान पर गोपीकांदर थाना में आरोपित पति मिथुन राय के खिलाफ बीएनएस के धारा के तहत हत्या का प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपित मिथुन राय के निशानदेही पर पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना अंतर्गत बलियाडंगाल गांव के तालाब से हत्या में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने बरामद किया।

**विवाद** सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाएं

# सरना को लेकर बेड़ो में कोई विवाद नहीं : सीओ

- **सरना समाज की चुमानी उरांव ने 28 नवंबर 2023 को सीमांकन वाद संख्या 79/2023-24 के तहत आवेदन दिया था**

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो अंचल के मौजा बेड़ो में 1.05 एकड़ गैरमजरुआ आम भूमि जो खतियान में "सरना" के रूप में दर्ज है को लेकर हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं को लेकर अंचलाधिकारी सह एसडीएम प्रताप मिंज ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी साझा की है। जहां उन्होंने पूर्व मंत्री देवकुमार धान द्वारा दिए गए उस बयान का खंडन किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि "बेड़ो सरना, हिन्दू सरना विवाद नहीं, बल्कि कांग्रेस-झामुमो की साजिश है"। इधर अंचलाधिकारी द्वारा प्रेस वार्ता के दौरान कहा गया है कि पूर्व मंत्री द्वारा अंचलाधिकारी को ईसाई धर्म का बताकर समाज में गलतफहमी फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूर्णतः तथ्यहीन है। उन्होंने बताया कि सरना समाज की चुमानी उरांव द्वारा दिनांक 28 नवंबर 2023 को सीमांकन वाद संख्या 79/2023-24 के तहत आवेदन दिया गया था, जिसके आधार पर 09 जनवरी 2024 को सीमांकन की कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही में सभी संबंधित ग्रामीणों — चुमानी देवी, बुधवा पहान, जगरनाथ भगत, अनिल उरांव, मुखिया सुशांति भगत आदि ने हस्ताक्षर कर सहमति दी थी। इसके बाद 6 जून 2025 को पुनः सीमांकन कराया गया, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि सरना की भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं है। बल्कि 0.04 एकड़ सरना की घेराबंदी सरकारी भूमि पर पाई गई। अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने बताया कि महादानी मैदान को लेकर पहले कभी कोई धार्मिक विवाद नहीं रहा है और सभी धर्मों के लोग इसका सामूहिक उपयोग करते आए हैं। अंचलाधिकारी ने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा है कि अंचल प्रशासन द्वारा विवाद के समाधान के लिए प्रयासरत रहते हुए महादानी मैदान के समीप ही वैकल्पिक सरकारी भूमि आवंटित करने की पहल की गई है। सैकड़ों ग्रामीणों ने इस संबंध में आवेदन भी समर्पित किया है। चूंकि यह मामला संभावित शांति भंग की स्थिति उत्पन्न कर सकता है, इसलिए एहतियातन बीएनएस की धारा 163 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इस संदर्भ में तथाकथित नेताओं के द्वारा भ्रमित करने वाली खबर चलाई जा रही है जो तथ्यहीन एवं आधारहीन है।

## रांची के दो साहित्यकार विश्व भोजपुरी सम्मेलन में हुए सम्मानित



**रांची।** रांची के वरिष्ठ साहित्यकार अंकुश्री को विश्व भोजपुरी सम्मेलन, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) द्वारा आयोजित संगोष्ठी में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकुश्री थे और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय, तमिलनाडू की एसोसियेट प्रोफेसर मधुलिका बेन पटेल थीं। श्री अंकुश्री को शॉल ओढ़ा कर और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संतोष पटेल (दिल्ली) ने अंकुश्री की साहित्यिक उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। जे पी द्विवेदी ने भोजपुरी साहित्य में इनके योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर दर्जनों कवियों ने कविता पाठ कर लोगों की वाह- वाही लूटी।

# सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल बने हजारीबाग गौशाला के सहमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

● **करण ने वर्षों से हजारीबाग में विभिन्न सामाजिक अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई है।**

कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला, जो शहर से लगभग 6 से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वर्षों से गौ सेवा के लिए समर्पित एक प्रतिष्ठित स्थान के रूप में जाना जाता है। यहां प्रतिवर्ष गोपाष्टमी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह स्थल न केवल श्रद्धा का केंद्र है बल्कि यहां गौ माता की सेवा और सुरक्षा का भी उत्कृष्ट प्रबंध देखने को मिलता है। सोसाइटी के संचालन को और अधिक सुदृढ़ व जीवंत बनाने के उद्देश्य से कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी ने अपनी हजारीबाग शाखा की प्रबंध कार्य समिति में युवाओं को सक्रिय रूप से शामिल करने का निर्णय लिया है। यह एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल मानी जा रही है. इस क्रम में करण जायसवाल को हजारीबाग शाखा का सह-मंत्री नियुक्त किया गया है। साथ ही, सौरव जैन, अभिषेक कुमार एवं अरविंद राणा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस नियुक्ति की जानकारी महामंत्री पवन कुमार टिबडेवाला ने एक पत्र के माध्यम से मंत्री श्रद्धानंद सिंह को औपचारिक रूप से दी। करण जायसवाल एक युवा, ऊर्जावान एवं प्रतिबद्ध समाजसेवी हैं। वे हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल के पौत्र तथा वर्तमान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र हैं। करण ने वर्षों से हजारीबाग में विभिन्न सामाजिक अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। वे हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष हैं और उनके नेतृत्व में संस्था ने कई उल्लेखनीय सामाजिक गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित की हैं और किया जा रहा है. इसके अतिरिक्त वे शहर के विभिन्न खेल संघों से भी जुड़े हैं और एक सफल व्यवसायी के रूप में भी पहचान रखते हैं। उनके मित्र उन्हें प्रेम पूर्वक शनि कहकर पुकारते हैं। करण जायसवाल ने सह-मंत्री बनने के पश्चात अपने दादा और पिता से आशीर्वाद लिया तथा समाजसेवा की अपनी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा की जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, वह मेरे लिए एक गौरव की बात है। मैं इस दायित्व को पूरी निष्ठा और लगन से निभाऊंगा।

## दामोदर पुल पर बड़े और भारी वाहनों के आवागमन पर सीसीएल ने लगाई रोक

**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्रीय प्रबंधन ने शनिवार को गिद्दी भुरकुंडा दामोदर पुल पर बड़े और भारी वाहनों के आवागमन पर अगले आदेश तक रोक लगा दिया है। सीसीएल प्रबंधन ने बड़े भारी वाहनों के आवाजाही के दौरान पुल के जोर से कंपन होने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर निर्णय लिया गया है। इसके बाद पुल के दोनों ओर तैनात सीसीएल से सुरक्षा कर्मियों ने पुल पर बड़े और भारी वाहनों के आने जाने से रोक दिया है। जिसके कारण गिद्दी और भुरकुंडा की ओर हाईवा जैसे भारी वाहनों की लाइन लग गई है। बता दें गिद्दी दामोदर पुल काफी पुराना और जर्जर हो गया है। जिसके कारण पुल पर बड़े और भारी वाहनों के गुजरने से पुल जोर से हिलने लगता है। ऐसे में पुल पर भारी वाहन के गुजरने के समय पैदल और दोपहिया वाहन से गुजरने वालों को पुल के टूटने का डर लगने लगता है। जिसके कारण गिद्दी और भुरकुंडा के विभिन्न राजनीतिक दल और संगठन सहित आम लोग इस पुल के बगल में नया पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। साथ ही नया पुल के निर्माण तक इस पुल से बड़े और भारी वाहनों के गुजरने पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। ताकि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं होने से बचा जा सके। बता दें इस पुल से सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र और बरका सयाल क्षेत्र के कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने वाले बड़े हाईवा जैसे भारी वाहनों का आवागमन होता है।

## न्यूज बॉक्स

### आजसू के केंद्रीय सचिव ने किया 100 केबी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**रामगढ़ ।** कोठार रविदास टोला में शुक्रवार को ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से बरसात के इस मौसम में लोगों को परेशानी हो रही थी. जिसके बाद रविदास टोला वासियों ने अपनी परेशानी आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो को बताई. जिसके बाद आजसू के केंद्रीय सचिव ने विद्युत विभाग से बात कर 100 केबी का ट्रांसफार्मर रविदास टोला के लिए उपलब्ध करवाया. ट्रांसफार्मर का विधिवत उदघाटन आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार कुमार महतो ने रविवार को किया. इस मौके पर उन्होंने कहा की आजसू पार्टी हमेशा लोगों के हित में कार्य करती है. कहा की लोगों को यदि किसी भी तरह की परेशानी है तो बताएं हम सम्बंधित विभाग से बातचीत कर उनकी समस्या का समाधान करेंगे. बताया की कोठार रविदास टोला के लोगों ने शुक्रवार को ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दी थी. जिसके बाद मैंने विद्युत विभाग से सम्पर्क कर 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया. मौके पर नरेश महतो, गोपाल राम, नंदू रविदास, कल्लू रविदास, अजय रवि, सुखदेव महतो, नारायण महतो, मुन्ना कुशवाहा, राजू कुमार, राजा बाबू, मिंटू रवि, अशोक रवि, राजेश राम आदि उपस्थित थे.

### मृतक की पत्नी ने ऑटो चालक के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

**बरही ।** डोभी (बिहार) निवासी स्व मुन्ना यादव की पत्नी अमृता देवी ने ऑटो संख्या JH2BR 8567 के चालक के खिलाफ बरही थाना में प्राथमिक की दर्ज करवाई है. दर्ज प्राथमिक में अपने स्वर्गीय पति को धक्का मारने एवं घायल होने तथा इलाज के दौरान रिम्स रांची में मृत्यु होने का आरोप लगाया गया है. घटना 18 जून की संध्या 6 बजे पंचमाधाव स्थित पंजाबी लाइन होटल के समीप की बताया गया है. जो उक्त होटल में एक सप्ताह पूर्व हीं काम करने के लिए अपने गांव डोभी से आया था. किसी कारण से वह सड़क पार करने का इंतजार करने के लिए सड़क किनारे खड़ा था. इसी क्रम में तेजी से आ रहे उक्त ऑटो ने मृतक को अपने चपेट में ले लिया. स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर रेफर कर दिया था. स्थिति की नाजुकता को देखते हुए सदर हॉस्पिटल से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया. जहां ईलाज के दौरान 19 जून को निधन हो गया. इलाज व दाह संस्कार के कार्यों में व्यस्तता के कारण मामला दर्ज करवाने में बिलंब हुई है, हालांकि हालिया बयान रांची पुलिस के द्वारा दर्ज किया जा चुका है. घटना की जानकारी उन्हे मृतक के दोस्त भोली दास से मिली, जो घटना स्थल पर मौजूद थे.

### गोलीबारी की घटना की चैंबर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने की निंदा



**हजारीबाग ।** दोपहर 2:00 बजे गोल चौक स्थित श्री ज्वेलर्स प्रतिष्ठान में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर व्यापारी समाज में दशक फैलाने का कार्य किया गया। अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए, प्रतिष्ठा के शीशे पर सात राउंड फायरिंग की गई घटना से व्यापारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है एवं दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती है, की भीड़भाड़ वाले इलाके में इस तरह की घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गए । स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के कारण अपराधी बैकअप होकर इस तरह की घटना को अंजाम देकर खुलेआम घूम रहे हैं। सूचना पाकर चेंबर के पदाधिकारी प्रतिष्ठान में पहुंचकर प्रतिष्ठा के मालिक से बात की एवं उसके बाद तुरंत एक आपातकालीन बैठक हुई । जिसमें सभी ने एक स्वर से इस घटना की तीव्र निंदा की एवं भूखत भोगी व्यवसाय को आश्वासन दिया कि पूरा व्यवसाय समाज उनके साथ खड़ा है। साथ ही पुलिस प्रशासन से यह मांग की गई की 48 घंटे के अंदर घटना का उद्वेदन कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए अन्यथा व्यापारी वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस बैठक में फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सुबोध कुमार एवं सहसचिव तारीख अहमद राजा उपस्थित थे।

### आजसू कार्यकर्ता स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए रांची हुए रवाना



**रामगढ़।** आजसू पार्टी केंद्रीय कमेटी द्वारा 22 जून को रांची के खेलगांव में आयोजित स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में रविवार को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के हजारों पार्टी कार्यकर्ता रांची रवाना हुए। इस मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सभी पार्टी सदस्य झारखंड के नवनिर्माण का संकल्प लेंगे। कहा कि आजसू के संघर्ष और बलिदान के परिणामस्वरूप झारखंड अलग हुआ। लेकिन जिस उद्देश्य से झारखंड अलग हुआ था वह अभी भी अधूरा है। कहा कि जब झारखंड अलग हुआ तब लग कि यहां के स्थानीय लोगों जल, जंगल और जमीन का अधिकार मिलेगा। लेकिन वह लक्ष्य अभीतक पूरा नही हुआ। कहा कि झारखंड निर्माण के बाद भी स्थानीय लोगां को उनका अधिकार नही मिला, लोगों को जल, जंगल और जमीन का अधिकार नही मिला। आजसू के केंद्रीय सचिव ने कहा कि राज्य का समुचित विकास हो, झारखंड वासियों को जल, जंगल और जमीन का अधिकार मिले एवं राज्य की संस्कृति का सरंक्षण किया जाए इसको लेकर आजसू के नेतृत्व में आंदालन किया जाएगा। तभी झारखंड राज्य के स्थापना का उद्देश्य पूरा होगा। रवाना होनेवालों में भुनेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, कैलाश महतो, संजय करमाली, माधव करमाली, नरेश महतो, पुरूषोत्तम कुमार, अनिल पटेल, मुकेश कुमार, महेंद्र कुमार, संजय महतो, अरूण महतो, निरंजन कुमार, दिलीप कुमार, दयानंद कुमार, आदि शामिल थे।

### सहायक अध्यापक को मातृ शोक

## अध्यापकों ने शोक संतप्त परिजनों को बंधाया ढाढ़स



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड बरकट्ठा निवासी सहायक अध्यापक राजेंद्र गुप्ता की मां समुद्री देवी 80 वर्ष, का हृदय गति रुकने से रविवार सुबह देहांत हो गया। सूचना मिलते ही पंसस ज्योति देवी, प्रतिनिधि झुनझुन गुप्ता, प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव, सहायक अध्यापक सुखदेव हंसदा, भुवनेश्वर सिंह, प्रदीप मेहता, रामचंद्र साव, राजन चौधरी, मंटू पांडेय, राघवेंद्र लाल समेत कई लोग परिवार से मिले तथा शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया । मृतका अपने पीछे तीन पुत्र समेत भरा पुरा परिवार छोड़ चल बसी। जिनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह 11:00 बजे के स्थानीय बेलवा नदी के श्मशान घाट में किया गया। मौके पर सुनील गुप्ता, धीरज गुप्ता, संतोष गुप्ता, अथबल गुप्ता के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदाम का औचक किया निरीक्षण

# अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाने की चेतावनी दी

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह द्वारा कटकमसांडी प्रखंड स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्यान्न के भंडारण, वितरण, रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न के सुरक्षित रख रखाव के प्रयोग में लाए जाने वाले रसायन एवं खाद्यान्न के स्टॉक के लिए संधारित किए जाने वाले रजिस्टर के अद्यतन न होने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराज़गी जाहिर की। उन्होंने इस लापरवाही पर उपस्थित एमओ और एजीएम को शोकॉज़ करते हुए अगले 24 घंटे के अंदर खाद्यान्न के रखरखाव,रसायन (कीट नाशक) की उपलब्धता, पंजी का संधारण,गोदाम में स्टॉक रजिस्टर, इनवेंट्री विवरण, गुणवत्ता मानकों, फायर फाइटिंग सिस्टम (आग बुझाने का यंत्र) तथा स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोदाम में खाद्यान्न की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए एवं वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बरती जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के लाभुकों तक समय पर उचित मात्रा में खाद्यान्न पहुंच सके। रीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है, तो उस पर त्वरित विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री सुधीर कुमार मौजूद रहे।

### बरकट्ठा में आम उत्सव सह बागवानी मेला आयोजित

## विजेताओं को किया गया सम्मानित



**बरकट्ठा।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आम उत्सव सह बागवानी मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से 20 सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा, मुखिया सुमन कुमार, भोला प्रसाद और हितलाल प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के कुल 14 आम प्रदर्शनी के लिए लगाये गए थे।वहीं आम उत्पादकों ने अपने बागवानी कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अधिकारियों व विशेषज्ञों ने सराहा।इस दौरान चयनित सफल प्रतिभागियों को समारोह में सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, बीएफटी दिलीप दास, अरुण प्रसाद, मोहम्मद गुलजार, संतोष शर्मा, उमेश प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद, महेंद्र टुडू, मुखिया रिंकी पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कृषकगण उपस्थित थे। विदित हो कि मेले का उद्देश्य स्थानीय बागवानी को बढ़ावा देना तथा किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना था।

### चैनगड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र की सड़क बारिश में क्षतिग्रस्त

**भुरकुंडा।** लगातार हुई मूसलाधार बारिश का असर अब ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी देखने को मिल रहा है। चैनगड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र को फोरलेन सड़क से जोड़ने वाली मुख्य संपर्क सड़क भारी बारिश और जमीन धंसने की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे एंबुलेंस सहित किसी भी प्रकार के वाहन को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, लगातार वर्षा से सड़क की मिट्टी बैठ गई, जिससे पूरी सड़क कई जगह से टूट चुकी है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत की मांग की है। वहीं दूसरी ओर भदानीनगर के चिकोर ईदगाह के पास एक सूखे पेड़ की डाल 11 हजार वोल्ट की विद्युत संचरण लाइन पर गिर गई, जिससे तीन बिजली के खंभे टूट गए। इस हादसे के चलते संचरण लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

## बालू लदे ट्रैक्टर और बोलेरो में जबरदस्त भिड़ंत, चालक हुआ घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र में एनजीटी की रोक के बावजूद अवैध बालू परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिन हो या रात,दर्जनों की संख्या में बालू लदे ट्रैक्टर और कीपर वाहन निर्बाध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे हैं।इस प्रक्रम में प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार में कुछ सफेदपोशों की भी सक्रिय भूमिका है, जो पूरे नेटवर्क को मैनेज कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रतिदिन गोरहर थाना क्षेत्र से होकर सैकड़ों बालू लदे वाहन इचाक, टाटीझरिया होते हुए हजारीबाग तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।इस दौरान शनिवार की मध्य रात्रि को गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआ मोड़ के समीप एक सफेद रंग की बोलेरो को एक बालू लदे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि चालकों को केवल मामूली चोटें आईं। वहीं घायलों में अशोक कुमार यादव 19 वर्ष ,पिता राजू यादव ग्राम चलकुशा, शाहिद अंसारी 15 वर्ष पिता सरफराज अंसारी ग्राम सलैयडीह निवासी दोनों का इलाज बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। सुत्रों के अनुसार हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, परंतु कोई भी वाहन जब्त नहीं किया गया और न ही उन्हें थाना लाया गया। इस घटना ने एक बार फिर से प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर कर दिया है। वहीं क्षेत्रवासियों में इसको लेकर रोष व्याप्त है। इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई भी यात्री को चोट नहीं आई है और उक्त स्थल पर कोई बालु गाड़ी नहीं थी।

## रूस के साथ शैक्षणिक क्रियाकलाप बढ़ाएगा विवि

**रामगढ़।** राधा गोविंद विवि रामगढ़ में कुलाधिपति बीएन साह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप रूस से आए प्रोफेसर एवगनी ग्रीवा( डिप्टी ट्रेड कमीशनर ऑफ रूस), प्रोफेसर विक्टोरिया ग्रीवा ( कंसल्टेंट ऑफ़ रसिया ट्रेड कमीशन) एवं प्रोफेसर संत कुमार चौधरी ( चेयरमैन संकरा ग्रुप ऑफ इंस्टिच्यूशन इंडिया एंड यूरोप) के साथ विवि प्रशासन एवं संस्था के लोग मौजूद थे। मुख्य रूप से राधा गोविंद विवि रामगढ़ एवं रूस के दो-तीन विश्वविद्यालय के साथ शैक्षणिक गतिविधि को गति-शक्ति देने के लिए एक -दूसरे को घनिष्ठ सहयोग करने के लिए सकारात्मक बातचीत हुई। दोनों के बीच शैक्षणिक क्रियाकलापों के तहत उच्च शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा देने हेतु शैक्षणिक संस्था के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों का आदान-प्रदान करने हेतु वार्तालाप हुई।

### युवा साथी झारखंड संस्था ने पीड़ित परिवार को इलाज के लिए किया आर्थिक सहयोग



**बरही ।** प्रखंड की सक्रिय सामाजिक संस्था युवा साथी झारखंड ने आर्थिक समस्या से जूझ रहे एक पीड़ित परिवार को इलाज हेतु आर्थिक सहयोग किया। विदित हो कि बरही प्रखंड के मल्लाह टोली निवासी इम्तियाज अंसारी की पत्नी अनिशा खातून किडनी एवं लीवर जैसे गम्भीर बीमार से ग्रसित है और उनका इलाज रांची में चल रहा है। परिवार के समक्ष आर्थिक समस्या को देखते हुए संस्था की टीम ने अध्यक्ष विकास सिंह के द्वारा पहल करते हुए गुरुवार को युवा साथी झारखंड के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग करने का सहमति बना। बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक शनिवार को संस्था के सदस्यों ने पीड़ित परिवार के घर जाकर चेक प्रदान कर आर्थिक मदद किया एवं पीड़ित महिला के बेटे महबूब अंसारी को चेक सुपुर्द किया गया। संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने पीड़ित परिवार को चेक देते हुए कहा कि परिवार बेहद गरीब है जिसके कारण उन्हें इलाज करवाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा। साथ ही उन्होंने कहा कि परिवार को इस समय आर्थिक सहयोग की जरूरत है, ऐसे में मैं उन सभी सक्षम लोगों और संस्थाओं से अनुरोध करता हूं कि इनकी समस्या को देखते हुए परिवार को मदद करने में अपना सहयोग प्रदान करें। हमारी संस्था द्वारा हर संभव मदद का प्रयास कर रही है।

**शरीर स्वस्थ**

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में योग दिवस का हुआ समापन

# योग समाज से जोड़ने का माध्यम है : प्राचार्य

● **अंतरराष्ट्रीय योग के इस कार्यक्रम में कक्षा पंचम से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने योग किया**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**




सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ,सचिव डॉ जयप्रकाश आनंद, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, एवं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने महर्षि पतंजलि एवं भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। मौके पर अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने योग संदेश देते हुए कहा - *करो योग रहो निरोग* । नियमित योग के करने से शरीर निरोग रहता है। आप सभी भैया- बहन आज संकल्प ले कि हम प्रतिदिन योग करेंगे। योग के करने से आपका शरीर स्वस्थ रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा- विद्या भारती जो जीवन मूल्यों की शिक्षा भैया - बहनों को देते आ रही है। वह अन्यत्र दुर्लभ है। यही कारण है कि यहां से पढ़कर निकलने वाले बच्चे पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहे हैं। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने प्रस्तावना रखते हुए ने भैया- बहनों को नियमित योग करने का संकल्प करवाया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कहा- योग से मन मस्तिष्क एकाग्र होता है मन को शांति मिलती है एवं आत्मबल मजबूत होता है। योग समाज से जोड़ने का माध्यम है। योग से चित की शुद्धता होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया' बहन, एनसीसी विभाग के कैडेट, आचार्य बंधु -भगिनी एवं कर्मचारीगण ने विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया । अंतरराष्ट्रीय योग के इस कार्यक्रम में कक्षा पंचम से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने भाग लिया । कार्यक्रम में योग स्थापना मंत्र एवं प्राणायाम आचार्य तारकेश्वर राय के द्वारा, आसन एवं सूर्य नमस्कार आचार्य रणजीत सिंह यादव के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय एवं मंच संचालन विद्यालय के आचार्य अनिल कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य तारकेश्वर राय एवं शांति मंत्र आचार्य रणजीत सिंह यादव के द्वारा हुआ। मौके पर भैया- बहन आचार्य बंधु -भगिनी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

### पुलिस का मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 1.9 किग्रा अफीम व 5.136 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**बरही ।** बीते संध्या एसडीपीओ अजीत कुमार विमल की अगुवाई में बरही पुलिस ने रसोईया धमना में छापामारी करभारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है. उक्त जानकारी रविवार को प्रेस वार्ता कर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने दी. वार्ता में बताया गया कि छापामारी रसोईया धमना निवासी राजकुमार प्रसाद पिता बुधन साव के घर पर की गई इस दौरान 1.9 किग्रा अफीम, 5.136 किग्रा तथा एक सफेद रंग का इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया. जिसे जाती सूची बनाकर जब्त किया गया. पुलिस ने मौके पर से राजकुमार साव को गिरफ्तार किया है. साथ हीं धंधे में साथ देने वाले पुत्र रूपेश कुमार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट 1985 एक्ट की धारा 18 सी/20 (ii) बी/ 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है. छापेमारी दल में एसडीपीओ सहित इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी, पुअनि दीपक कुमार, पुअनि कपुल दीपक नाग, पुअनि सौरभ कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे. एसडीपीओ ने बताया कि मादक पदार्थ समाज को खोखला बना रहा है, इसके खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा.

### नगर भवन में मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप का किया आयोजन

# जन-कल्याण और जागरूकता के मंच पर सजी सिमडेगा की सांस्कृतिक छटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नगर भवन में मेगा लीगल इंपावरमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया गया। साथ ही लोगों को विधिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कानूनी जानकारी दी गई। मेगा इंपावरमेंट कैंप का उदघाटन झारखंड हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने रांची ऑनलाइन किया। वहीं स्थानीय स्तर पर प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा, डीसी कंचन सिंह,एसपी एम. अर्शी,लोक कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर ऑनलाइन संबंधित करते हुए न्यायमूर्ति चौधरी ने कहा कि महिला और बच्चों के समुचित विकास के लिए बेहतर तरीके से काम करने की जरूरत है।सिमडेगा को मानव तस्करी के कलंक से मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर राष्ट्रीय स्तर पर सिमडेगा को मॉडल जिला जिला बनाएं। उन्होंने कहा कि जिले का नेतृत्व एक महिला अधिकारी कर रही हैं,इसलिए जिले की महिलाओं और बच्चों के विकास की उम्मीदें और बढ़ जाती है। न्यायमूर्ति ने कहा कि नए एसपी से काफी उम्मीदें है कि मानव तस्करी के मामलों पर उनकी पुलिस अंकुश लगाएगी।




### अनाथ बच्चों के आधार रजिस्ट्रेशन और नशामुक्ति पर जोर

साथी अभियान के अनाथ और बेसहारा बच्चों का आधार कार्ड बनाने का काम होगा। इसके तहत 26 मई से 26 जून तक बेसहारा और अनाथ बच्चों का सर्वे किया जाएगा और 27 जून से पांच अगस्त तक कैंप लगाकर आधार रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। पीडीजे ने कहा कि मानव तस्करी रोकने में सबों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को काम करने बाहर नहीं भेजें। काम करने महानगर गई कई बच्चियों का पता नहीं चल रहा है। कहा कि आज हम सभी प्रण लें कि अपने नाबालिग बच्चों को काम करने बाहर नहीं भेजें। पीडीजे ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सिमडेगा जिला नशे के गिरफ्त में ज्यादा है।अभिभावक अपने बच्चों पर नजर रखें। अगर बच्चों को कंट्रोल नहीं करेंगे तो वह कुख्यात अपराधी बन सकता है। समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करें। तब ही पुलिस और न्यायालय की भूमिका सफल होगी।एसपी एम.अर्शी ने कहा कि सरकार की सभी नीतियों को धरातल पर सही तरीके से उतारने की जरूरत है। कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य भी यही है। एसपी ने कहा कि आम जनता छोटी छोटी बातों पर ध्यान दें तो वे परेशानियों से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाना में थाना दिवस और जनशिकायत कार्यक्रम की शिकायतें सुनने के साथ जनता को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

प्लेस ऑफ सेफ्टी पर खास ध्यान देने की बात करते हुए न्यायमूर्ति ने कहा कि यहां बड़े उम्र के बच्चों को रखा जाता है इसलिए यहां विशेष ध्यान देने की जरूरत है।कार्यक्रम में प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ बिचौलिए उठा कर के जाते हैं। लाभुक को ठग कर लाभ खुद उठा लेते हैं। उन्होंने कहा कि लाभुक को समुचित लाभ और हक उन्हें दिलाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। इसमें पारा लीगल वोलेंटियर का बड़ा योगदान हो सकता है। उन्होंने प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे साथी अभियान को सफल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार कार्यक्रम का थीम साथी है।

उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक होना होगा। एसपी ने कहा कि मानव तस्करी और नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कार्य हो रहे हैं। इसका सकारात्मक परिणाम जल्द ही सामने आएगा।डीसी कंचन सिंह ने कहा कि खराब मौसम और अतिवृष्टि से हुए नुकसान के बावजूद इतनी काफी संख्या में लोगों के कार्यक्रम में पहुंचना उनके सशक्तिकरण को दर्शाता है। डीसी ने कहा कि जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आज न्याय,जिला और पुलिस प्रशासन मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि सही हकदारों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसकी पूरी कोशिश है। डीसी ने कहा कि जनता भी उतनी जिम्मेवार है कि वह अपना अधिकार नहीं मांग रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं को विस्तार से बताया। डीसी ने कहा कि जनता की हितों की रक्षा करना प्रशासन की प्रतिबद्धता है।

## जलडेगा में मेगा लीगल कैंप मानव तस्करी पर फोकस, लाभुकों को मिली आर्थिक सहायता




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में मेगा लीगल एमपावरमेन्ट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखण्ड उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने मानव तस्करी से सम्बंधित महत्वपूर्ण पहलु को रखते हुए इसकी रोकथाम की दिशा में किये गए कार्यों की सराहना की।मौक़े पर विभिन्न विभागों के लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत तीन माटी शिल्पकारों (कुम्हारों) राजू महतो,मोनो कुम्हार,शिव राम महतो को बैंक ऑफ़ इंडिया से एक लाख रूपये का सेंक्शन लेटर दिया गया जिसे बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार एवं सीओ शम्भू राम द्वारा सौंपा गया। मौक़े पर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, सीओ शम्भू राम,पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉन्सन भेंगरा, मनरेगा बीपीओ अश्विनी कुमार, प्रभारी कृषि पदाधिकारी बृजबिहारी प्रसाद, लिड्स संस्था के अलोक कुमार, सभी पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेएसएलपीएस की दीदियाँ उपस्थित थी।

## फरार आरोपी प्रफुल लुगुन के घर चिपकाया गया इश्तिहार, ग्रामीणों के समक्ष की गई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के करमघाट गांव में व्यवहार न्यायालय सिमडेगा द्वारा निर्गत इश्तिहार को एक फरार आरोपी के घर चिपकाया गया। यह कार्रवाई रविवार को कोलेबिरा थाना की टीम द्वारा की गई।थाना के एएसआई इंद्रजीत समद ने बताया कि जलडेगा थाना कांड संख्या 32/2019, धारा 395/412 भारतीय दंड संहिता तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज



मामले में आरोपी प्रफुल लुगुन, पिता स्व. पौलुस लुगुन, निवासी करमघाट, काफी समय से फरार है।आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर न्यायालय द्वारा इश्तिहार जारी किया गया था, जिसके आलोक में पुलिस ने ग्रामीणों की उपस्थिति में आरोपी के घर इश्तिहार चिपकाया। यह कदम आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने और कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया है।पुलिस ने बताया कि अगर आरोपी निर्धारित समय सीमा में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है, तो आगे कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाने को लेकर रविवार को पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गहन चर्चा की गई।बैठक में यह विचार किया गया कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कैसे कम किया जाए और नगर की यातायात व्यवस्था को कैसे बेहतर बनाया जा सके। आगामी समय में ट्रैफिक सिस्टम को मजबूत और सुव्यवस्थित करने के लिए एक रणनीतिक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा गया कि इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए विस्तृत रूपरेखा शीघ्र तैयार की जाए। समीक्षा बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अंचल पुलिस निरीक्षक सिमडेगा, बानो, कुरडेग, थाना प्रभारी कोलेबिरा, सिमडेगा, जलडेगा, टीटांगर, कुरडेग, बोसजोर, यातायात प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण और जागरूकता को लेकर ठोस कदम उठाएं।

### वाहन जांच अभियान नियम उल्लंघन पर चालान और सख्त हिदायतें

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बरवाडीह मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के दो पहिया वाहन चला रहे 01 वाहन चालक का चालान काटा गया।थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह के निर्देश पर कोलेबिरा थाना के एएसआई इंद्रजीत समद के नेतृत्व में बरवाडीह मोड़ के समीप ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी।सड़क पर लोगों को वाहन पार्किंग करने पर फटकार लगाई गयी।ए एस आइ इंद्रजीत समद ने बताया कि टेंपो में चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी।

## युवा सम्मेलन 2025 की तैयारी तेज यूथ कमेटी की रणनीतिक बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आगामी युवा सम्मेलन 2025 की तैयारी को लेकर सिमडेगा धर्मप्रांत की युथ कमेटी ने आज बीरू भिखारिएट बिन्धाइनटोली का दौरा किया। इस दौरान भिखारिएट कमेटी और केंद्रीय धर्मप्रांतीय युथ कमेटी के बीच संवाद स्थापित हुआ। दौरे का उद्देश्य सितंबर माह में होने वाले युवा सम्मेलन की रणनीति तय करना, युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना और पारिशों में उपलब्ध सुविधाओं व कठिनाइयों को जानना रहा।बैठक की शुरुआत बीरू भिखारिएट के डीन फादर हरमन द्वारा प्रार्थना से की गई, जबकि अध्यक्षता धर्मप्रांत अध्यक्ष नेस्तर ने की। भिखारिएट कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के माध्यम



से यह स्पष्ट हुआ कि युवाओं में सशक्तता और सहभागिता की भावना बनी हुई है। धर्मप्रांतीय कमेटी ने युवाओं की उदासीनता पर भी चर्चा की और इसे दूर करने हेतु समर्पित प्रयासों की बात कही।बैठक में सिस्टर रोज, सिस्टर सुचिता, फादर रंजीत, फादर अजीत, फादर प्रवीण, उपाध्यक्ष स्मिता, मीडिया प्रभारी ब्रीसियुस, सचिव आरती, कोषाध्यक्ष मनीषा तथा सलाहकार समिति के सदस्य जॉन, सुशांत और अमित सहित भिखारिएट के पाँचों पारिश के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव मौजूद रहे।मौके पर आदिवासी छात्र संघ सह मीडिया प्रभारी रोशन डुंगडुंग ने भी युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किया। बैठक का समापन युवा निदेशक फादर रंजीत की प्रार्थना से हुआ। युवा सम्मेलन को सफल बनाने हेतु धर्मप्रांतीय एवं भिखारिएट कमेटियों के बीच सामंजस्यपूर्ण कार्य प्रणाली अपनाने पर सहमति बनी।

## न्यूज बॉक्स

### मसानिया मंडली में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने दिखाया उत्साह



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जोराम पंचायत अंतर्गत मसानिया मंडली में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी को आमंत्रित किया गया था, परंतु कमेटी टूर में व्यस्त होने के कारण वे स्वयं उपस्थित नहीं हो सके।विधायक के निर्देशानुसार कांग्रेस किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सह ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके साथ विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग तथा राजाबासा पंचायत अध्यक्ष सुकूवन जोजो भी मंच पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और समाज में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से हर सुख-दुख में साथ रहने का भरोसा भी जताया।स्थानीय ग्रामीणों एवं बच्चों ने पूरे उत्साह और गर्मजोशी के साथ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेलकूद और बच्चों के लिए कई आकर्षक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

### जगन्नाथ रथ यात्रा हेतु जोगबहार एवं सलडेगा समिति की समन्वय बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** जोगबहार स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में एक आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सालडेगा चैती दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर समन्वय स्थापित करना एवं आवश्यक निर्णय लेना था।बैठक में दोनों समितियों के बीच आपसी सहमति और सहयोग के साथ यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष जोगबहार श्री जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाला रथ, सालडेगा स्थित देवी गुड़ी मंदिर परिसर तक ले जाया जाएगा, जिसे मौसीबाड़ी के रूप में स्थापित किया जाएगा।निर्णय लिया गया कि जगन्नाथ का रथ सालडेगा देवी गुड़ी तक ले जाया जाएगा, जहां वे आगामी 9 दिनों तक घूरती रथ के रूप में विराजमान रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन विशेष आरती एवं महाप्रसाद भोग का आयोजन किया जाएगा।दोनों समितियों ने आम जनता से इस पावन अवसर पर सहयोग और समर्थन की अपील की है, ताकि रथ यात्रा का आयोजन शांतिपूर्ण, भव्य और श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हो सके।

### 29 के जिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर लोहरा समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को आदिवासी लोहरा समाज जिला समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष साधु लोहरा ने की। आगामी 29 जून को प्रस्तावित जिला सम्मेलन की तैयारियों को लेकर यह बैठक बुलाई गई थी।बैठक को संबोधित करते हुए साधु लोहरा ने कहा कि 29 जून को होने वाला सम्मेलन समाज के लिए ऐतिहासिक होगा और इसे सफल बनाने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से सहयोग राशि समय पर जिला समिति को जमा करने की अपील की।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे माँ सरना की विधिवत पूजा-अर्चना से होगा, जिसे पाहन द्वारा संपन्न किया जाएगा। साथ ही सम्मेलन की सफल व्यवस्था हेतु कार्यों का बंटवारा करते हुए सभी सदस्यों को समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने का आग्रह किया गया।बैठक का समापन जलेश्वर राम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील लोहरा, सदर प्रखंड अध्यक्ष अघणु लोहरा, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष कल्लू इंदवार, जलडेगा प्रखंड महासचिव आशीष इंदवार, कोलेबिरा प्रखंड महासचिव अशोक इंदवार, कुरडेग प्रखंड अध्यक्ष राजू इंदवार, बोलबा प्रखंड अध्यक्ष इन्द्र इंदवार सहित बुधदेव लोहरा, दसरथ लोहरा, सुरेंद्र लोहरा, सुरेश लोहरा, राजेश इंदवार एवं समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

### बानो में लिटिल चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**बानो।** प्रखंड में प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया।बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में आरसी बालक जीतू टोली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोयलाबेड़ा को 1-0 से हराकर प्रतियोगिता का प्रथम स्थान हासिल किया। टीम ने पूरे मैच में बेहतरीन तालमेल और रणनीति का प्रदर्शन किया।वहीं बालिका वर्ग में हाई स्कूल कनारोवा की टीम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय उन्नीकेल को तीन अंकों से हराकर विजयी स्थान प्राप्त किया। कनारोवा की बालिका टीम ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली खेल दिखाया।प्रतियोगिता के दौरान बीपीएम विकास शरण, सीआरपी घनश्याम साहू, बीआरपी लॉरेंस मिंज सहित शिक्षक हीरालाल साहू, धीरजू साहू, नवल किशोर सिंह, जोसेफ टेट, मुकेश कुमार साहू, बालगोविंद पटेल, ओमप्रकाश दास एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं विजयी टीमों को सम्मानित किया गया।

## किसानों को बीज डेमोंस्ट्रेशन हेतु मूंगफली बीज का वितरण, कृषि विज्ञान केंद्र की पहल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कृषि विज्ञान केंद्र सिमडेगा द्वारा कोलेबिरा प्रखंड के एफपीओ से जुड़े किसानों को प्रशिक्षण प्रदान कर बीज डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम के तहत मूंगफली का बीज वितरित किया गया। यह वितरण क्लस्टर आधारित प्रणाली के तहत बरसलोया एवं लचरागढ़ गांवों के चयनित किसानों के बीच किया गया।मूंगफली के बीज के साथ-साथ बीज उपचार हेतु आवश्यक दवाइयां तथा कीटनाशक भी किसानों को उपलब्ध कराए गए, जिससे खेती की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार हो सके।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र सिमडेगा के वैज्ञानिक डॉ. हिमांशु सिंह एवं डॉ. पंकज कुमार सिंह ने किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया। उन्होंने मूंगफली की वैज्ञानिक विधियों से खेती, कीट प्रबंधन, तथा भूमि सुधार के बारे में जानकारी साझा की।मौके पर कोलेबिरा बरसात एफपीओ की प्रबंध निदेशक नीलम बरजो, किसान मेघाराम सिंह, जगरनाथ ओहदार, शिवानी देवी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित थे। किसानों ने कार्यक्रम को लाभकारी बताया और मूंगफली की वैज्ञानिक खेती को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।




## केरिया पंचायत में बरसात से सड़क हुई ध्वस्त, प्रखंड प्रमुख ने लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के केरिया पंचायत अंतर्गत चमन चौक से कुरपानी जाने वाले मुख्य मार्ग पर पूर्व में पुल निर्माण हेतु गड्ढा खोदा गया था। लेकिन बाद में तकनीकी कारणों से पुल का निर्माण किसी अन्य स्थान पर कर दिया गया। इसके बाद उस गड्ढे को भरकर उसके ऊपर कालीकरण सड़क बना दी गई थी।हाल ही में हुई बारिश के कारण उक्त स्थान की मिट्टी दब गई और सड़क धंस गई, जिससे वहां बने गड्ढे में पानी भर गया और आवाजाही में समस्या उत्पन्न हो गई। खासकर दोपहिया और छोटे चारपहिया वाहनों को गुजरने में काफी कठिनाई हो रही है।स्थानीय ग्रामीणों द्वारा समस्या की शिकायत किए जाने पर ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल संबंधित इंजीनियर को फोन कर सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द कराने का आग्रह किया।प्रखंड प्रमुख ने आश्वासन दिया कि बारिश के इस मौसम में ग्रामीणों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सड़क की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी। ग्रामीणों ने पहल के लिए प्रमुख का आभार जताया।

## स्कार्पियो सवार युवक द्वारा युवती का अगवा कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** एक 23 वर्षीय युवती के साथ जबरन गाड़ी में बैठाकर अपहरण व दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति प्रमोद डांग को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया रविवार को सिमडेगा पुलिस अधीक्षक मोहम्मद आरसी के द्वारा कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन करते हुए घटना के संबंध में जानकारी दी उन्होंने बताया कि घटना को लेकर पीड़िता द्वारा 20 जून 2025 को बानो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह 15 जून को टाटी से बानो आ रही थी। इसी दौरान रात्रि करीब 9:00 बजे सिमडेगा के समीप एक स्कार्पियो (रजिस्ट्रेशन नंबर CG 13C 7208) में सवार प्रमोद डांग, पिता रूबेन डांग, निवासी पोगलोया रूगड़ीटोली, थाना कोलेबिरा, जिला सिमडेगा ने उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर अपने घर ले गया।अगले दिन 16 जून को आरोपी उसे उसी वाहन से टाटा, जमशेदपुर ले गया। फिर 17 जून को घर छोड़ने के बहाने निकला और रास्ते में आनन्दपुर व मनोहरपुर के बीच सुनसान स्थान पर स्कार्पियो रोककर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वह उसे नोवामुंडी ले गया, जहां नोवामुंडी थाना पुलिस ने गाड़ी को रोककर पूछताछ की और युवती को परिजनों को सौंपा।मामले की गंभीरता को देखते हुए बानो थाना कांड संख्या-40/25, भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 127(3), 137(2) एवं 64 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।जांच के क्रम में आरोपी प्रमोद डांग को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बानो के जमतई पटातिरिल में सोलर जलमीनार तीन माह से खराब, ग्रामीणों को पेयजल संकट

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत जमतई पटातिरिल गांव में स्थापित सोलर जलमीनार बीते तीन माह से खराब पड़ी है, जिससे गांव के 15 से 20 परिवारों को पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जलमीनार के बंद हो जाने से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।ग्रामीण फूलचंद जोजो, विमल जोजो, सलन जोजो, सुमन जोजो समेत अन्य लोगों



ने बताया कि विभाग को कई बार शिकायत देने के बावजूद अब तक मरम्मती कार्य नहीं शुरू हुआ है। जल-सहिया मरियम जोजो ने बताया कि विभाग को लगातार जानकारी दी जा रही है, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हो रही है।ग्रामीण फबियन जोजो ने कहा कि जलमीनार के खराब होने के कारण गांव के लोग काफी परेशानी में हैं। वहीं फुलचंद जोजो ने बताया कि गांव में एक अन्य जलमीनार भी है, जिसका समरसेबल पंप खराब है और पानी की टंकी भी फट चुकी है।स्थानीय निवासी कृष्णा सिंह ने बताया कि ग्रामीण अब कुएं का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने विभाग और प्रशासन से जल्द जलमीनार की मरम्मती की मांग की है।

## कुरडेग: अंजुमन इस्लामिया चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** अंजुमन इस्लामिया कुरडेग के जामा मस्जिद परिसर में रविवार को अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। मतदान सुबह 7:00 बजे से दोपहर 2:20 बजे तक चला, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।मतदान के बाद अंजुमन के सरपरस्तों एवं चुनाव समिति की देखरेख में मतगणना की गई। परिणामस्वरूप मो. सब्बानी 106 मतों के अंतर से विजयी होकर पुनः अंजुमन के सदर निर्वाचित हुए। सचिव पद पर असगर अली ने 31 मतों से जीत हासिल की, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए मकसूद अंसारी ने 37 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। सभी पदों के लिए दो-दो प्रत्याशी मैदान में थे।विजयी होने के उपरांत मो. सब्बानी ने कहा कि वे अंजुमन के अधूरे कार्यों को ईमानदारीपूर्वक पूरा करेंगे और समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की हरसंभव कोशिश करेंगे। उन्होंने शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान को अपनी प्राथमिकता बताया।चुनाव परिणाम जानने को लेकर मस्जिद परिसर के बाहर दिनभर उत्सुकता बनी रही। नव-निर्वाचित कमेटी के पदाधिकारियों को रविवार रात 9:00 बजे ईशा की नमाज के बाद शपथ दिलाई गई।चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में हाजी समसुद्दीन, गफ्फार अली, मौलाना ऐनुल हक, जसमुद्दीन अली, ईमाम हसनैन एवं हाफिज तनवीर की अहम भूमिका रही।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**



तिसरी प्रखंड मुख्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से गिरीडीह मजिस्ट्रेट विशाल कुमार मौजूद थे। गिरिडीह मजिस्ट्रेट के तिसरी प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर तिसरी बीडीओ मनीष कुमार और सीओ अखिलेश्वर प्रसाद द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मजिस्ट्रेट विशाल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।जिसके बाद बीडीओ, सीओ, उप प्रमुख बैजू मरांडी और जागो फाउंडेशन के डायरेक्टर ने भी दीप प्रज्वलित किया ।कार्यक्रम की शुरुआत में jslps के दीदी ने आम के पते से बना मुकुट और तिलक लगाकर स्वागत किया। उसके बाद बच्चियों द्वारा स्वागत गीत गाकर उनका स्वागत किया । तत्पश्चात मनरेगा में सिंचाई कूप और आम बागवानी का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। jslps 33 लाख का चेक महिला सखी को दिया गया। एक सेविका और सहायिका का चयन किया गया था उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके साथ ही इस शिविर में कानून की जानकारी दी गई और बताया गया कि जागरूक होकर सेवा प्राधिकार का लाभ उठाएं। मौके पर संतोष प्रसाद, सत्यम भदानी, सुशील मुर्मू, सुनील पांडा, महेंद्र शर्मा, राजन कुमार, बीपीओ पंकज कुमार, कल्याण पदाधिकारी, विक्की कुमार, प्रमोद कुमार, मंदीप कुमार कर्मण चौधरी, शोषण मरांडी सेविका, विकास कुमार सहायिका, तिसरी

## दामोदर नदी के बढ़े जलस्तर से जलापूर्ति ठप, 12 लाख की आबादी प्रभावित

**धनबाद।** धनबाद समेत राज्यभर में लगातार कई दिनों तक हुई भारी बारिश अब थम चुकी है, लेकिन उसका असर अभी भी धनबाद और आसपास के इलाकों में देखने को मिल रहा है. सबसे बड़ी परेशानी जल संकट के रूप में सामने आई है, जिससे करीब 12 लाख लोगों की जलापूर्ति प्रभावित हुई है. लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं. भारी बारिश और तेनुघाट डैम से छोड़े गए अतिरिक्त पानी के कारण दामोदर नदी का जलस्तर 454 आरएल से बढ़कर 462 आरएल हो गया है. तेज धार के साथ बहकर आई जलकुंभी जामाडोबा स्थित झमाडा जल संयंत्र के फुटबॉल में फंस गई है. इसे तब तक साफ नहीं किया जा सकता, जब तक नदी का जलस्तर कम न हो जाए. इस तकनीकी बाधा के चलते जल संयंत्र से जलापूर्ति पूरी तरह बाधित है. इस कारण झरिया और आसपास की करीब 12 लाख की आबादी पर पेयजल संकट गहरा गया है. लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकते देखे जा रहे हैं।

## समाज एकजुट होगा तो समाज की मांगों को कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकेगा : अध्यक्ष



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय रविवार को महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा के गोला रोड सिन्हा मार्केट स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचे। उनके साथ महामंत्री सुशील कुमार लाल, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा और सचिव विनय सिन्हा शामिल थे। प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में उनके साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में चर्चा किया। बैठक में जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी बी सहाय से कहा कि वर्तमान समय में चित्रांश समाज के लोगों द्वारा अलग अलग संगठन बनाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों द्वारा अलग अलग संगठन बनाकर कार्य करने से संगठन और समाज दोनो को इसका नुकसान हो रहा है। इसलिए सभी चित्रांशों को एकजुट कर एक संगठन के साथ उन्हें जोड़ने की जरूरत है। कहा कि यदि समाज एकजुट होगा तो समाज की मांगों को कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकेगा। इसलिए जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष से राज्य के सभी चित्रांशों को एकजुट करने की मांग की। साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा कि कभी भारत की राजनीति में चित्रांश समाज की तूती बोलती थी लेकिन वर्तमान में अलग अलग संगठनों में बंटे होने के कारण हमारे समाज का राजनीति में वह प्रभाव नही रहा जो पूर्व में हुआ करता था। कहा कि एक समय डॉ राजेंद्र प्रसाद, के बी सहाय, लाल बहादुर शास्त्री जैसे कद्दावर नेता हमारे समाज से हुआ करते थे जिन्होंने देश और समाज को नई दिशा दी। लेकिन राजनीति में पहले वाला वह रूतबा अब हमारे समाज का नही दिखता। इसपर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 29 जून को चित्रांशों की बैठक टाटा में आयोजित हो रही है। उस बैठक में मेरा प्रयास होगा कि सभी चित्रांश एकजुट हों। ताकि हमारी मांग मजबूती के साथ रखी जा सके।

### नशामुक्ति अभियान के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# पापा, छोड़ो नशे का कारोबार, तभी तो हम सबों का होगा खुशियों का संसार

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

- **सर्किल इंस्पेक्टर ने बच्चों को अपने घर और पड़ोसियों को नशा व मादक पदार्थ के बीच जागरूकता फैलाने की बात कही**



नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रशासन द्वारा नगर भवन में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता मे पापा, छोड़ो नशे का कारोबार, तभी तो हम सबों का होगा खुशियों का संसार जैसे मार्मिक संदेश लोगों से नशा छोड़ने का संदेश दिया. प्रतियोगिता सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार की अगुवाई में आयोजित की गई थी. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ जोहान टुडू, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल व अंचल अधिकारी अमित कुमार किस्कू शामिल हुए. जिसमे प्लस 2 उच्च विद्यालय, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मध्य विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह, आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरही, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, उच्च विद्यालय पदमा, डिवाइन पब्लिक स्कूल बटकठ्ठा, केबीएसएस चौपारण, बेलकप्पी आदि विभिन्न विद्यालयों के तीन-तीन बच्चो को शामिल किया गया था. स्लोगन प्रतियोगिता का मुख्य थीम नशा के खिलाफ जागरूकता था. प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित किए गए थे. पहले श्रेणी के अंतर्गत बच्चों को अपने घर से स्लोगन डिजाइन करके लाना था वहीं दूसरी श्रेणी के अंतर्गत विद्यार्थियों को ऑन द स्पॉट स्लोगन डिजाइन करने थे. सर्किल इंस्पेक्टर ने बच्चों को अपने घर और पड़ोसियों को नशा व मादक पदार्थ के बीच जागरूकता फैलाने की बात कही. नशे के गिरफ्त में आया परिवार हमेशा बर्बादी के कगार पर होता है. एसडीओ ने बच्चो को नशे के खिलाफ प्रेरित करते हुए अपने घर मुहल्ले में जागरूकता फैलाने की अपील किया.नशापान के दुष्परिणामों की चर्चा करते हुए इसे जड़ से समाप्त करने की बात कही. अंत में नशा के खिलाफ शपथ लिए गए. एसडीपीओ ने कहा कि नशा पूरे समाज के लिए जानलेवा है, बच्चों ने नशे के खिलाफ बेहतर स्लोगन बनाकर नशामुक्ति का संदेश दिया है. प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी चौरसिया केबी एसएस चौपारण, द्वितीय बेबी कुमारी ऊउवी बेलकप्पी, तृतीय गोलू कुमार मॉडल स्कूल बरकट्ठा व चतुर्थ जासमिन परवीन मध्य विद्यालय बरही को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. प्रथम पुरस्कार विजेता को साइकिल देकर सम्मानित किया गया. सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

## धनबाद में दो भाइयों पर चाकू से हमला, एक की मौत दूसरा घायल



**धनबाद।** शनिवार की देर रात जिले में शराब को लेकर आपसी रंजीश में दो भाइयों पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है. जिसके बाद दोनों भाइयों का इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसी अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टर ने एक भाई को मृत घोषित कर दिया. वहीं जख्मी दूसरे भाई का इलाज चल रहा है. मृतक का नाम साहिल सूरी है, जबकि जख्मी का नाम विक्की बताया जा रहा है. मृतक के परिजनों के मुताबिक धनसार थाना क्षेत्र मनईटांड़ के रहने वाले साहिल सूरी अपने भाई विक्की व सुल्तान के साथ पटना जाने के लिए धनबाद स्टेशन में टिकट खरीदने जा रहे थे. इसी दौरान दक्षिणी छोर स्थित रेलवे फाटक के समीप लूट की नीयत से अज्ञात अपराधियों ने उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया. जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती किया गया. जहां चिकित्सकों ने साहिल सूरी को मृत घोषित कर दिया. मेरा भाई को मार रहा था. हम उसे छुड़ाने गए थे. इसी दौरान मेरे ऊपर भी हमला कर दिया है. मेरे भाई को बेल्ड से मार रहा था.

## जहाजाटांड़ मुख्य मार्ग पर खतरा, दरारें व गोफ से ग्रामीणों में दहशत

**धनबाद।** झरिया के भौंरा स्थित जहाजाटांड़ बस्ती के हजारों ग्रामीण इन दिनों जान हथेली पर रखकर जीवन बिता रहे हैं. लगातार हो रही बारिश और बीसीसीएल की लापरवाही के कारण बस्ती को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है.सड़क पर जगह-जगह गोफ (भू-धंसान) और गहरी दरारें उभर आई हैं. जिससे न सिर्फ आम जनजीवन बाधित है बल्कि बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है. इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण निरु महतो और लालू महतो बताते हैं कि जहरीली गैस के रिसाव और सड़क की स्थिति को देखते हुए अब आवश्यक काम होने पर ही लोग सड़क पार करने की हिम्मत जुटा रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह मार्ग बीसीसीएल की 4 ए-पैच ओपनकास्ट परियोजना से सटा हुआ है और पूरी तरह अग्निप्रभावित क्षेत्र में आता है. यही कारण है कि यहां अक्सर जमीन धंसने और दरारें पड़ने की घटनाएं होती रहती हैं.

### तुर्कबाद चौक का मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील

# राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र के तुर्कबाद से प्रखण्ड मुख्यालय बरकट्ठा को जोड़ने वाली मुख्य जर्जर सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। जिससे राहगीरों को पैदल चलना भी दुभर हो गया है। मुख्य मार्ग करीब एक किलोमीटर तक जर्जर होने के कारण हल्की बारिश में भी तालाब में तब्दील हो जाती है।इससे लोगों आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गैड़ा पंचायत के उप मुखिया चंद्रदीप पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र के सांसद, विधायक, जिला परिषद सदस्य समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण इसी मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करते हैं बावजूद इसके किन्हीं जनप्रतिनिधि का इस जर्जर सड़क पर ध्यान नहीं है। बताया कि सड़क में गड्ढा हो जाने के कारण बर्षा का पानी जम जाने के बाद लोगों को पता भी नहीं चलता है की गहराई कितनी है , इस कारण कई राहगीर उसमें गिर चुके हैं , और बड़े हादसे का शिकार होते-होते बच गए हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि तुर्कबाद में सप्ताह में दो बार मंगलवार और शुक्रवार के दिन बाजार लगती है , साथ ही इसी मार्ग से बरकट्ठा, जयनगर, चलकुशा , बरही प्रखंड समेत तिलैया और सरिया के व्यवसायी व राहगीर बाजार में सामान खरीद बिक्री के लिए आते हैं । वहीं गैड़ा प्लस टू हाई स्कूल जाने वाले छात्रों को काफी मशक्कत झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा ' इस जर्जर सड़क को अति शीघ्र बनाया जाए वर्ना हमलोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे।

### धनबाद जिला परिषद सदस्यों की चेतावनी

## 15वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिली तो मानसूत्र सत्र के दौरान घेरेंगे विधानसभा




**धनबाद।** जिला परिषद के सदस्यों ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई है. पिछले एक साल से 15वें आयोग की राशि निर्गत नहीं की गई है. राशि नहीं मिलने के कारण ग्रामीण इलाकों में विकास के कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है. जिला परिषद के जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों के सवालों के जवाब देते नहीं बन रहा है. जनता अपने जनप्रतिनिधियों को कोस रहें हैं. आगामी विधानसभा मानसून सत्र के दौरान रांची पहुंचकर आंदोलन की चेतावनी जिला परिषद के जनप्रतिनिधि ने दी है. जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि पिछले एक साल पंचायतों को नहीं दिया जा रहा है. काफी इंतजार के बाद यह फंड अब तक नहीं मिला है. जिससे विकास कार्य पूरी तरह से बाधित है. जनता उनसे विकास कार्य की उमीद लगाई है लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है. दोनों ही इस मामले में सोए

# अज्ञात बदमाशों ने ज्वेलरी दुकान में चलाई गोली

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग जिले कमहावीर स्थान चौक पर स्थित श्री ज्वैलर्स की दुकान को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। दो बाइक सवार बदमाशों ने दुकान के गेट पर सात राउंड फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना सदर थाना क्षेत्र की है। फायरिंग के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को दुकान के बाहर से छह खोखे बरामद हुए हैं, जबकि दुकान के शटर पर सात गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन इससे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि दो बदमाश बाइक से दुकान के सामने आते हैं। एक बदमाश ने हेलमेट पहन रखा था जबकि दूसरे ने लाल रंग का गमछा मुंह पर बांधा हुआ था। इनमें से एक बदमाश ने कमर से पिस्तौल निकालकर दुकान की ओर गोलियां चलाईं। गौर करने वाली बात यह है कि बदमाशों ने दुकान के अंदर प्रवेश नहीं किया, केवल बाहर से फायरिंग की और भाग निकले। पुलिस को आशंका है कि यह घटना किसी लूटपाट के इरादे से नहीं, बल्कि व्यापारियों में भय फैलाने के उद्देश्य से की गई है।महावीर स्थान चौक हजारीबाग का प्रमुख ज्वैलरी मार्केट है, जहां सात से अधिक ज्वैलर्स की दुकानें हैं। दिनभर यहां ग्राहकों की भीड़ रहती है और रात में सुरक्षा गार्ड भी तैनात रहते हैं। घटना स्थल से सदर थाना मात्र 400 मीटर और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का आवास महज 150 मीटर की दूरी पर है। ऐसे में लोग सवाल उठा रहे हैं कि इतनी सुरक्षा के बीच भी बदमाशों ने इतनी बड़ी वारदात को कैसे अंजाम दिया।

## नवनिर्मित पुल मानसून की पहली बारिश में बहा

**धनबाद।** ग्रामीण विकास प्रमंडल द्वारा निर्मित नवनिर्मित पुल मानसून की पहली बारिश भी नहीं झेल सका. नवनिर्मित पुल उद्घाटन से पहले ही क्षतिग्रस्त हो गया. धनबाद और बोकारो जिले को जोड़ने वाला बाघमारा के माटीगढ़ डैम कॉलोनी के पास जमुनिया नदी पर बना नवनिर्मित पुल और एप्रोच रोड क्षतिग्रस्त हो गया है. पुल का गार्डवॉल और उसकी मिट्टी ढह गई है. साथ ही एप्रोच रोड में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं. इसकी सूचना मिलने पर ग्रामीण विकास प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता नरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और पुल का निरीक्षण किया. कार्यपालक अभियंता नरेंद्र कुमार ने बताया कि पुल और एप्रोच रोड का काम कुल छह करोड़ का है. ठेकेदार के पास अभी डेढ़ करोड़ बाकी है, कुछ काम भी बचा है।

**चुनाव** | पार्टी की मजबूती को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

# नवचयनित कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

- **निर्वाचित कार्यकर्ताओं को पार्टी ही जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने की बात कही। कार्यकर्ता ही पार्टी को मजबूती दे सकते हैं**



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के गिरनिया मोड़ स्थित आम बगीचा में रविवार को कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो अकबर अंसारी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे पार्टी के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह , कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड स्तर में पार्टी की मजबूती सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में नव चयनित कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया जिसमें 2 उपाध्यक्ष और 9 महासचिव का चुनाव पर्यवेक्षक मंजूर अंसारी के नेतृत्व में किया गया था जिसमें उपाध्यक्ष के रुप में मो अख्तर और मो गुलाम हैदर का चुनाव किया गया जबकि महासचिव के रुप में मो बलाल , कैलास मोदी , मो तोसीफ आलम , नईम खान , मो मुमताज , मो जुनाब , मो समसुल अंसारी , मो सुलेमान और नुनू लाल तुरी का चयन किया गया। इस विषय में जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि पार्टी के प्रदेश कमेटी के आदेश अनुसार पार्टी सृजन कार्यक्रम 2025 चलाया जा रहा है उक्त कार्यक्रम के तहत गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड कमेटी का विस्तार किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष के द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी साथ ही पार्टी ही जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक पालने करने की बात कही। मौके पर कैलास पाठक मो अख्तर , कैलाश मोदी,मो मनोवर,मो शमीम,सहित अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## प्रवासी मजदूर का शव रविवार को पैतृक गांव पहुंचा



**डुमरी।** प्रखंड के खेचगड्डी निवासी प्रवासी मजदूर मुकेश कुमार महतो का शव रविवार को महाराष्ट्र के भिवंडी से उसके घर एम्बुलेंस से पहुंचा। शव पहुंचते ही मृतक के घर पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पत्नी, पिता, मां और बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल था। बाद में शव का गांव के नदी घाट में अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया। गोपाल महतो क 28 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार का भिवंडी में शुक्रवार को मौत हो गयी थी। वह पोकलेन चालक का काम करता था। शुक्रवार को काम के दौरान पोकलेन दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से उसकी मौत हो गई थी।मुकेश को एक पुत्री और एक पुत्र है। घटना के बाद झारखण्ड से आये मजदूरों के हित में महाराष्ट्र में काम कर रहे नव झारखंड फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कंपनी के मालिक से वार्ता की थी, जिसमें कंपनी द्वारा 4 लाख रुपया परिजनों को देने, इंश्योरेंस की राशि दिलवाने और कम्पनी द्वारा शव को घर भेजवाने पर सहमति बनी थी।

## शहीद बसंत पाठक की 46वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**गांडेय ,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के जोरा आम में स्थित शहीद बसंत पाठक के समधी पर रविवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने शहीद बंसत पाठक की 46 वीं पुण्यतिथि मनायी।गई इस दौरान सभी झामुमो कार्यकर्ताओं ने शहीद बसंत पाठक के बने बेदी पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया मुख्य रूप से उपस्थित झामुमो के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि बंसत पाठक दिशोम गुरु शीबू सोरेन के साथ मिलकर झामुमो को सींचने का काम किया।महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि शहीद बंसत पाठक की कमी हमेशा खलेगी। झारखंड सरकार ने शहीद बंसत पाठक के कार्यों को यादगार बनाने के लिए उनके वेदी स्थल के समीप जोराआम में पर्यटन स्थल निर्माण का शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को झामुमो ने हमेशा सम्मान दिलाने का कार्य किया है। मौके जिला सचिव महालाल सोरेन ,आंदोलनकारी बैजनाथ राणा,दिलीप मंडल,राज कुमार पाठक ,भैरो वर्मा चांदमल मरांडी,मो सबीर,मेदनी सारे पंचायत के मुखिया दशरथ किस्कू, हलधर राय,भागवत सिंह,रितेश पाठक, ध्रुवदेव पंडित, अशोक सोरेन,मो आलम, छोटे पाठक, जीतेंद्र मंडल,सनातन चौड़े,परमेश्वर मुर्मू, जयप्रकाश पंडित,रितेश पाठक,अनील टुडू,मो जाकिर,भीम सिंह, इम्तियाज अंसारी,मो मुमताज सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीसी ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण, दिए सुधार के निर्देश



**धनबाद।** धनबाद के डीसी आदित्य रंजन ने शनिवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था में कई सुधारात्मक बदलाव लाने के निर्देश दिए. कहा कि अस्पताल की संरचना, संसाधन और सुविधाओं में सुधार कर इसे जिले का भरोसेमंद और उन्नत स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा. डीसी ने ओपीडी, एनआईसीयू, सभी वार्ड, एमटीसी सेंटर, लैब, दवा काउंटर, स्टोर रूम, आईसीटीसी कक्ष, ब्लड स्टोरेज यूनिट, वेटिंग एरिया, किचन, लॉन्ड्री, रजिस्ट्रेशन काउंटर समेत पूरे अस्पताल परिसर का बारीकी से जायजा लिया. कहा कि डॉक्टर व कर्मियों के बैठने की जो व्यवस्था है उसे दुरुस्त किया जाएगा. साथ हीं आम जनों की सुविधा को लेकर रजिस्ट्रेशन काउंटर का निर्माण बाहर करने का प्रस्ताव है ताकि अस्पताल के अंदर होने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सके. पेशेंट के साथ आने वाले अटेंडेंट्स के बैठने खाली जगह में शेड का निर्माण कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि विभाग ने अस्पताल में तीन एक्सरे मशीन भेजी है. जिसके लिए एक्सरे रूम बनाने का निर्देश दिया गया है. जल्द ही अल्ट्रासाउंड, एक्सरे व सभी तरह की जांच सदर अस्पताल में उपलब्ध होगी. इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं. अस्पताल में नेत्र व ऑर्थो की ओटी भी जल्द शुरू करने की कोशिश की जा रही है. मौके पर निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, सदर उपाधीक्षक डॉ संजीव प्रसाद, डीपीएम नीरज यादव, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे.

## 4 करोड़ के टेंडर को लेकर सदर थाना में विवाद, टेंडर प्रक्रिया रद्द



**धनबाद।** धनबाद भवन प्रमंडल विभाग के लगभग 4 करोड़ रुपये के टेंडर प्रक्रिया को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है. सदर थाना परिसर में शनिवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई जब टेंडर जमा करने के दौरान संवेदकों और थाना प्रभारी के बीच तीखी बहस होने लगी. विवाद के चलते टेंडर प्रक्रिया फिलहाल रद्द कर दी गई है. भवन प्रमंडल विभाग ने भयमुक्त और पारदर्शी वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निविदा प्रक्रिया थाना परिसर में आयोजित की थी. सुबह बड़ी संख्या में संवेदक टेंडर जमा करने पहुंचे थे. इसी दौरान थाना प्रभारी व संवेदकों के बीच कथित दुर्व्यवहार और अपशब्दों को लेकर विवाद हो गया. संवेदक देवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी ने सभी संवेदकों के साथ अपराधियों की तरह व्यवहार किया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया. यह पूरी घटना भवन प्रमंडल के अधिकारियों और कर्मियों की मौजूदगी में हुई.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"वह अच्छा और बुद्धिमान है जो हमेशा सच बोलता है, धर्म के अनुसार काम करता है और दूसरों को उत्तम और प्रसन्न बनाने का प्रयास करता है।" - **स्वामी दयानंद सरस्वती**

## संपादकीय

# मौसम का बदलाव ऐसे नहीं हुआ

विश्व के साथ भारत बदल रहा है और साथ ही बदल रहा है इसका मौसम जो अब आश्चर्य या कौतूहल का विषय नहीं मात्र एक सूचना है क्योंकि हमें इसके बारे में सोचने की फुर्सत नहीं है। भारत में इन दिनों जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम का पैटर्न बदल रहा है। मूसलाधार बारिश ने मई में मौसम को ठंडा बना दिया। ठीक उसी तरह, जिस तरह फरवरी में अचानक जाड़े के बाद वसंत ऋतु की जगह गर्मी आ गई थी। जून में बारिश के पीछे हीट वेव आ गई। ऐसे मौसमों का उलट-पलट होना जलवायु परिवर्तन से झुलस रहे भारत की तस्वीर बयान कर रही है। मई में लू के थपेड़ों की जगह ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाकर यह लग रहा था कि इस साल मौसम बहुत मेहरबान है। तपिश की जगह बौछारें हमारे हिस्से में आ गईं। बाद में मानसून की प्रगति रुक गई। इसके लिए जिम्मेदार पश्चिमी विक्षोभ की आवृत्ति कम हो गई। जून के पहले हफ्ते से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों और पूर्वी राजस्थान, दक्षिण उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों को भयंकर लू का सामना करना पड़ा। दिल्ली में भारत मौसम विभाग (आईएमडी) को 14 जून तक लगातार पांच दिनों तक रेड अलर्ट जारी करने की नौबत आ गई, जिसके बाद अब पूर्वोत्तर भी हीट वेव की चपेट में आ गया है। कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) ने जून 2023 में यह एलान कर दिया था कि कई दिनों तक औसत वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। 2024 में फिर यह बात दोहराई कि ग्लोबल वार्मिंग इस साल 1.5 डिग्री की लक्ष्मण रेखा पार कर गई। एक हालिया स्टडी शिफ्टिंग जोनस ऑफ ऑक्युरेंस ऑफ एक्सट्रीम वेदर इवेंट-हीट वेव्स के मुताबिक, अब भयंकर लू सिर्फ राजस्थान या विदर्भ तक सीमित नहीं रही। अरुणाचल प्रदेश, केरल और जम्मू-कश्मीर जैसे पारंपरिक रूप से ठंडे माने जाने वाले राज्यों में भी पिछले दो दशकों में ऐसी लू देखी गई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करती है। हाल ही में किए गए आकलन के अनुसार, उत्तराखंड के पहाड़ों में खाद्यान्न और तिलहन 27 फीसदी फसल भूमि नष्ट हो गई, उपज में 15 फीसदी की कमी आई। आलू का उत्पादन पांच वर्षों में 70 फीसदी तक गिर गया, जिसमें सबसे बड़ी गिरावट अल्मोड़ा और रुद्रप्रयाग में आई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ. केजे रमेश के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण दक्षिण-पूर्वी वायुमंडल में नमी का स्तर बढ़ गया है। तापमान में हर एक डिग्री की वृद्धि के साथ, हवा की जलवाष्प धारण करने की क्षमता में सात फीसदी की वृद्धि हुई है। सभी पहाड़ी राज्यों में दो से चार डिग्री तापमान वृद्धि देखी गई है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में वेट-बल्ब तापमान का जिक्र किया गया है, जो मूल रूप से तापमान रीडिंग की गणना करते समय गर्मी और उमस को जोड़कर देखता है। एक आम इन्सान के लिए, 31 डिग्री सेल्सियस का वेट-बल्ब तापमान बेहद खतरनाक है। 35 डिग्री सेल्सियस में तो छाया में आराम कर रहे किसी स्वस्थ वयस्क के लिए भी लगभग 6 घंटे से अधिक समय तक जीवित रहना मुश्किल हो जाएगा। नए शोध बताते हैं कि दक्षिण भारत में तेज हवाएं नमी को बेहतर तरीके से फैला रही हैं। ये हवा के बड़े पैमाने पर हो रहे बदलाव का संकेत हैं, जो शायद मानसून प्रणाली की चाल को भी प्रभावित कर रहे हैं। अब जरूरत है प्रभावी हीट एक्शन प्लान, मजबूत अर्ली वॉर्निंग सिस्टम और शहरों के लिए क्लाइमेट-रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर की।

*मौसमों का उलट-पलट होना जलवायु परिवर्तन से झुलस रहे भारत की तस्वीर बयान कर रही है।*

# पहाड़ों के बीच से गुजरती उम्मीदों की ट्रेन



जून के एक खुशगवार दिन, गेंदे के फूलों और राष्ट्रीय गौरव से लदी हुई वंदे भारत एक्सप्रेस ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक अपनी पहली यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री द्वारा झंडी दिखाए जाने के बाद, यह क्षण एक हाई-स्पीड ट्रेन के शुभारंभ से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण बन गया था। यह एक सदी पुराने सपने की परिणति थी – जो चट्टानी इरादों, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से बुनी गयी थी। और वह संकल्प था - कश्मीर का शेष भारत के साथ रेल एकीकरण। इस ट्रेन में यात्रा कर रहे लोगों के खुशनुमा चेहरों से यह साफ़ दृष्टिगोचर हो रहा है। अल्ट्रा आधुनिक यात्रा अनुभव के साथ कश्मीर जाने वाली यह ट्रेन हमारे इंजीनियरों के परिश्रम की ठोस नींव पर आधारित है। यात्रा के समय में कमी लाते हुए, यह हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनें दिन में दो बार, सप्ताह में छह बार दोनों तरफ़ से चल रही हैं। ये न केवल घाटी में स्थानीय आर्थिक विकास के लिए आवश्यक प्रोत्साहन दे रही हैं, बल्कि देश भर के पर्यटकों के लिए भी वरदान साबित हो रही हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तीन घंटे के कम समय की इस मनमोहक यात्रा ने वास्तव में पर्वतीय कश्मीर को सभी मौसमों में शेष भारत के साथ एकीकृत कर दिया है। सड़क मार्ग से इस यात्रा में छह से सात घंटे लग जाते हैं। दशकों से, कश्मीर की कहानी संघर्ष और दूरी के नजरिये से सुनी जाती रही है। यह देखना अब उत्साहजनक है कि यह इबारत बुनियादी ढांचे - पुल, सुरंग और पहाड़ों के बीच से गुजरती रेल लाइनों की भाषा में फिर से लिखी जा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री के शासन के 11 साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर, विशेष ट्रेनें और कनेक्टिंग लिंक कश्मीर में स्थानीय लोगों की नियति बदलने के लिए कमर कसकर तैयार हैं। राष्ट्र की सेवा के अपने 172 साल के इतिहास में, भारतीय रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। रेल से जुड़ी, पुरुषों और महिलाओं की समर्पित पीढ़ियों ने संपर्क और परिवहन को रोजमर्रा की हकीकत बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह एक विख्यात भारतीय विज्ञापन की एक मशहूर पंक्ति को चरितार्थ भी करती है: भारतीय रेल सिर्फ पटरियां नहीं बनाती—यह राष्ट्रीय एकता का ताना-बाना भी बुनती है! अलगाव से एकीकरण तक ऐतिहासिक रूप से देखें तो कश्मीर का अलगाव केवल रूपक भर नहीं था, बल्कि यह भौगोलिक और कष्टदायी रूप से वास्तविक भी था। हिमालय की ऊंचाइयों पर बसा और अक्सर हफ्तों तक बर्फ से ढका रहने वाला यह क्षेत्र न केवल पहुंच में बल्कि अनुभव में भी दुर्गम था। सड़कें खतरनाक थीं, हवाई यात्रा सीमित थी और लंबे समय से किया जा रहा पूर्ण रेल संपर्क का वायदा एक मृगतृष्णा बनकर रह गया था। कश्मीर रेल लिंक के लिए ब्रिटिश काल का प्रस्ताव दशकों तक ड्राइंग बोर्ड पर सीमित रहा, जो जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से बाधित था। विचार-विमर्शों, व्यवहार्यता अध्ययनों, तकनीकी मूल्यांकनों और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ परामर्शों के अनगिनत दौर के बाद, उधमपुर- श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) को आधिकारिक तौर पर 1994 में मंजूरी दी गई थी। उत्तरी और दक्षिणी अनुभागों में जहां निरंतर प्रगति होती रही और एक दशक के भीतर वे प्रभावी रूप से पूरे भी हो गए, कटरा से बनिहाल तक के केंद्रीय अनुभाग में हिमालय से जुड़ी कई इंजीनियरिंग और सुरक्षा चुनौतियां सामने आईं। वर्षों तक पहाड़ों की खाई से गुजरती यह रेल लाइनें दो अलग-अलग खंडों के रूप में बाधित रहीं। लेकिन यह खाई केवल भौतिक भूभाग से ही जुड़ी नहीं थी, बल्कि यह किसी और चीज की भी प्रतीक थी।

यूएसबीआरएल परियोजना को पूरा करने का अंतिम ठोस प्रयास तब हुआ जब सरकार ने इसे राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित किया। दृढ़ संकल्प और अत्याधुनिक तकनीक के समन्वय से काम करने के बाद आखिर इस परियोजना ने वास्तव में आकार ले ही लिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिलकुल सटीक टिप्पणी की; यह एक परिवहन पहल भर नहीं थी, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक प्रयास थी। जहां आसमान पर छाया है इस्पात यूएसबीआरएल परियोजना शायद आज़ादी के बाद की सबसे महत्वाकांक्षी रेल पहल है। उधमपुर और बारामूला के बीच 272 किलोमीटर का यह हिस्सा 40 सुरंगों और 900 से ज़्यादा पुलों से होकर गुज़रता है। और इस सबके बीच में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है - चिनाब ब्रिज - जो नदी के तल से 359 मीटर ऊपर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। इंजीनियरिंग का यह चमत्कार 260 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा की रफ़्तार और भूकंपीय क्षेत्र-V के झटकों को झेलने में सक्षम है। इसके बगल में अंजी खाद ब्रिज है, जो भारत का पहला केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज है। यह घाटी में असमान रूप से फैला हुआ है, सिंगल पायलन इसका आधार है और यह 96 केबलों द्वारा समर्थित है। पीर पंजाल रेंज से गुजरने वाली 11 किलोमीटर लंबी टी-80 (बनिहाल - काजीगुंड) सुरंग सहित अन्य सुरंगों का निर्माण डायनामाइट और इन्सानी क्षमता के जरिये चट्टान को तराश कर किया गया है। भौतिक सर्वेक्षण घोड़े पर सवार होकर किए गए, जबकि ड्रोन और सैटेलाइट इमेजिंग ने हवाई सर्वेक्षण में सहायता प्रदान की। श्रमिकों ने हाड़ कंपकपाती सर्दियों, आकस्मिक भूस्खलनों और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों के मंडराते खतरे के बावजूद अनथक काम किया। आज, 190 किलोमीटर से अधिक सुरंगों और हजारों टन स्टील लगने के बाद, यह लाइन पूरी तरह से तैयार है। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो सटीक इंजीनियरिंग को विजन की एक निश्चित साहसिकता के साथ जोड़ती है। यह घाटी को देश के बाकी हिस्सों से विशिष्ट प्रकार से जोड़ती है, जिसका एक महान सांकेतिक महत्व है। उम्मीद से भरी ट्रेन कई मायनों में, वंदे भारत एक्सप्रेस सिर्फ़ एक ट्रेन नहीं है - यह एक रूपक है। यह घास के मैदानों और घाटियों से चुपचाप गुज़रती है, वास्तविक और मनोवैज्ञानिक दोनों तरह की दूरियों को पाटती है और यह ऐलान करती है कि कश्मीर अब दूर नहीं रहा! इसने श्रीनगर और कटरा के बीच यात्रा के समय को लगभग छह घंटे से घटाकर सिर्फ़ तीन घंटे कर दिया है। जो कभी भूस्खलन, खतरनाक मोड़ और अप्रत्याशित मौसम के बीच एक दुर्गम सड़क यात्रा थी, वह अब सुरंगों और पुलों के माध्यम से एक अविश्वसनीय सुगम यात्रा बन गयी है। यह न केवल शहरों को, बल्कि जीवनों को भी जोड़ती है। दूर-दराज के गांवों के बच्चे अब जम्मू और दिल्ली के विश्वविद्यालयों के बारे में बात कर रहे हैं। स्थानीय कारीगर, सेब उत्पादक और कालीन बुनकर अब अपने ताज़ा उत्पादों को त्वरित गति से घाटी से परे दूरदराज के बाज़ारों तक पहुंचते हुए देख रहे हैं। श्रीनगर में एक युवा दुकानदार ने कहा, "जहां पहले चेकपॉइंट होते थे और उससे खासी देरी होती थी, वहां अब ट्रेन की आवाज़ गूंज रही है। ऐसा लगता है कि अब हम देश के बाकी हिस्सों के आने का इंतज़ार नहीं कर रहे हैं - हम उसके साथ चल रहे हैं।" एक नई यात्रा, विकास प्रक्रिया अभी भी जारी इसका मतलब यह बताना नहीं है कि एक ट्रेन कश्मीर की जटिल समस्याओं का समाधान कर देगी। बुनियादी ढांचा इतिहास को मिटा नहीं सकता या घावों को तुरंत ठीक नहीं कर सकता - सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर अभी भी ध्यान देने की आवश्यकता होगी। लेकिन यह - शाब्दिक और प्रतीकात्मक - दोनों तरह से दरवाजे खोल सकता है और आर्थिक, सामाजिक और अंततः भावनात्मक एकीकरण की नींव रख सकता है। औपनिवेशिक कार्यालयों में ड्राइंग बोर्ड पर कभी एक सपने के रूप में जो आरंभ हुआ, वह हिमालय की चट्टानों के साथ मिलकर और स्टील से बनी रेलगाड़ियों के रूप में आज एक वास्तविकता बन गया है। कश्मीर तक रेल लाइन एक ऐसे देश की कहानी है जिसने भूभाग, आतंक या समय की सीमा की परवाह नहीं की। पहाड़ों की छाया से लेकर सूरज की रोशनी से जगमगाते स्टेशनों तक, अब एक नई यात्रा शुरू हो गई है!

आज की बात



**जया वर्मा सिन्हा**
एक्स सीईओ और चेयरमैन, रेलवे बोर्ड

## सरल भाषा के रचनाकार विष्णु प्रभाकर

विष्णु प्रभाकर हिंदी साहित्य का एक बहुत बड़ा नाम है। लगभग दो दर्जन पुस्तकों के लेखक रहे। साहित्य की विभिन्न विधाओं में एक साथ प्रयोग किए- कहानी, उपन्यास, एकांकी, स्केच और रिपोर्ताज़ आदि में विभिन्न रचनाएँ सर्वथा नई भाव भूमि से परिचित कराती हैं। यह भाव भूमि यथार्थ आदर्श और स्वाभाविकता की टकराहट से उपजी हुई प्रतीत होती हैं। विष्णु जी की कृतियाँ इसलिए महत्वपूर्ण भी हैं क्योंकि इन तीनों प्रवृत्तियों की सीमाएं एक छोर पर आकर मिलती हुई सी साफ दिखाई देती हैं। इनका जन्म 21 जून 1912 में उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के मीरनपुर गाँव में हुआ। पंजाब से स्नातक करने के पश्चात ही हिंदी लेखन के क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। इनकी धर्मपत्नी विदुषी सुशीला प्रभाकर (1938-1980) थीं। विष्णु जी हमलोगों के बीच से 11 अप्रैल 2009 को चले गए। इनकी कहानियों में हमें कोमल क्षणों की मार्मिक वेदना मिलती है तो कहीं कहीं दुरूहता भी। उनकी कहानियां रोचक होने के साथ संवेदनशील भी हैं। चरित्र चित्रण में कहीं कहीं आदर्शवादी वृत्ति खटकती अवश्य है लेकिनकहानी के प्रवाह को अवरुद्ध नहीं करती। उपन्यासों में से ढलती रात या स्वप्नमयी, दोनों में रोमानी तत्व और कुछ मिथ्या आदर्शवादी तत्व मिलकर एक अच्छी कथावस्तु को उनकी संभावनाओं के विकसित होने से रोकते हैं। विष्णु जी के उपन्यासों को पढ़ने से ऐसा लगता है कि जैसे उनका शिल्प कम और कवि मन अधिक जागरूक है। एकांकी नाटकों में हमें विष्णु जी के कुशल कहानी लेखक और नाटक लेखन के समान दर्शन होते हैं। कहानी की मार्मिकता नाटकों में उभर कर आ जाती है। एकांकी नाटकों में तो विष्णु जी मानवीय अनुभूति के सत्य के अन्वेषण में तत्पर मिलते हैं। स्केच और संस्मरण में विष्णु जी की सफलता यह है कि किसी भी व्यक्तित्व के भीतर उसकी व्यापक वाह्य विरुद्धता के बाबजूद,जो कोमल है, मानवीय है, उसको पकड़ने की चेष्टा बराबर बिना किसी आरोप के मिलती है। इनकी शैली और इनकी भाव-व्यंजना में इनकी मूल प्रकृति से स्रोतस्विनी की भांति फूटता है जिसमें न अधिक भावुकता है और न ही कटुता। रिपोर्ताज़ में विष्णु जी के पास तटस्थ दृष्टि है, जो एकदम निरपेक्ष भाव से किसी वस्तु को देखकर उसे अक्षरों में लिपिबद्ध कर सके। मार्मिक,सुन्दर ,सफल और विवेचनात्मक हैं। वे जीवनी- आवारा मसीहा से जनमानस में प्रसिद्ध हुए।उनके प्रकाशित ग्रन्थों में आदि और अन्त, संघर्ष के बाद,ढलती रात,स्वप्नमयी,नव प्रभात, डॉक्टर, जाने-अनजाने चर्चित रहे। इस सरस्वती पुत्र,हिंदी साहित्य के मूर्धन्य हस्ताक्षर को विनम्र श्रद्धांजलि और नमन।

आपकी बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# ओलंपिक दिवस : समरसता, साहस और सपनों की संकल्प-यात्रा



जब दुनिया की धड़कनें तनाव, विभाजन और असहिष्णुता की आँधी में थम-सी जाती हैं, तब एक लौ चुपके से जल उठती है-ओलंपिक की मशाल। यह सिर्फ़ आग नहीं, बल्कि मानवता का संकल्प है, जो सीमाओं को तोड़ता है, दिलों को जोड़ता है और एक स्वर में कहता है कि खेल सिर्फ़ मैदान की जीत नहीं, बल्कि जीवन की उड़ान है। 23 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस इस ज्योति को हर दिल तक पहुँचाता है। यह दिन केवल खेलों का उत्सव नहीं, बल्कि समानता, साहस, समरसता और सपनों का महाकुंभ है। यह वह पल है जो हमें याद दिलाता है कि एक रेस में दौड़ने वाला हर इंसान, चाहे वह हारे या जीते, अपने भीतर की असीम संभावनाओं को जीत लेता है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम न सिर्फ़ मैदान पर, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर उत्कृष्टता, मैत्री और सम्मान के ओलंपिक मूल्यों को जिएं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 1948 में ओलंपिक दिवस की नींव रखी, जो 23 जून 1894 को बैरन पियरे डी कूबर्तिन द्वारा पेरिस के सोरबोन विश्वविद्यालय में देखे गए आधुनिक ओलंपिक के सपने से प्रेरित थी। यह सपना आज 200 से अधिक देशों को एक मंच पर लाता है, जहाँ खेल न केवल प्रतिस्पर्धा, बल्कि समानता, एकता और समावेशिता का प्रतीक है। 2025 की थीम "खेल के मैदान को समान बनाना, सबको साथ लेकर चलना" इस भावना को और गहरा करती है, जो हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि का हो, को खेल के माध्यम से जोड़ने और सशक्त बनाने का आह्वान करती है। आईओसी का लक्ष्य खेल को हर जीवन का हिस्सा बनाना और इसके मूल्यों- सम्मान, मित्रता, उत्कृष्टता-को विश्व भर में फैलाना है। यह दिवस "मूव, लर्न, डिस्कवर" के संदेश के साथ लाखों लोगों को प्रेरित करता है। 2024 की थीम "लेट्स मूव एंड सेलिब्रेट" ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ मिलकर लोगों को रोज़ाना 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 1.4 बिलियन लोग अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के कारण मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समावेशिता और एकता का प्रतीक है। ओलंपिक के पाँच रंगीन छल्ले-नीला, पीला, काला, हरा, लाल-पाँच महाद्वीपों को जोड़ते हैं, नस्ल, धर्म, लिंग की सीमाओं को तोड़कर सपनों को उड़ान देते हैं। 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत ने 117 खिलाड़ियों के साथ 6 पदक जीते-नीरज चोपड़ा का भाला फेंक रजत, मनु भाकर के दो निशानेबाज़ी कांस्य, स्वप्निल कुसाले का राइफल कांस्य, हॉकी टीम का कांस्य और अमन सहरावत का कुश्ती कांस्य। टोक्यो 2020 के 7 पदकों (1 स्वर्ण, 2 रजत, 4 कांस्य) ने भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया, जिसमें नीरज, मीराबाई चानू, पी.वी. सिंधु और हॉकी टीम चमके। पेरिस में विनेश फोगाट का अयोग्य ठहराया जाना और कई चौथे स्थान निराशाजनक रहे, पर भारत की 65% युवा आबादी भविष्य की उम्मीद है। ओलंपिक 2024 का मंत्र "हार्मनी इन डाइवर्सिटी" भारत को बेहतर सुविधाओं और प्रशिक्षण के साथ विश्व मंच पर और ऊँचाइयाँ छूने की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें सिर्फ़ खेलों की बात नहीं करता, बल्कि जीवन की समग्रता की बात करता है। आज जब मानसिक तनाव, डिप्रेशन और जीवनशैली रोग युवाओं को घेर रहे हैं, खेल एक ऐसा माध्यम है जो शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर हमें मज़बूत बनाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, नियमित शारीरिक गतिविधि से मानसिक तनाव 40% तक कम हो सकता है। खेल हमें आत्मविश्वास, समय प्रबंधन, नेतृत्व और टीम वर्क जैसे गुण सिखाते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में काम आते हैं। भारत की प्राचीन धरोहर योग, जो अब ओलंपिक आयोजनों में शामिल होने की दिशा में है, इसका जीवंत उदाहरण है। योग न केवल शारीरिक लचीलापन बढ़ाता है, बल्कि मन को शांति और संतुलन भी देता है। भारत जैसे देश के लिए यह दिन एक क्रांति का आह्वान है। यहाँ प्रतिभा की कमी नहीं, लेकिन अवसरों और संसाधनों की कमी अक्सर सपनों को पंख लगने से रोकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का अभाव, लड़कियों के लिए सामाजिक बाधाएँ और खेल को करियर के रूप में कम महत्व देना कुछ ऐसी चुनौतियाँ हैं जिन्हें हमें दूर करना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

चातक से तकते रहे चंदा का मुंह और।
पी स्वाती की बूंद वह, चला गया किस ठौर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में योग दर्शन की प्रासंगिकता

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरी दुनिया एक ऐसे आध्यात्मिक-वैज्ञानिक अभ्यास को सम्मान देती है, जो न केवल शरीर को निरोग बनाता है, बल्कि आत्मा को भी जाग्रत करता है। योग भारत की वह अमूल्य देन है, जो आज समस्त विश्व को मानसिक शांति, शारीरिक संतुलन एवं जीवन के गूढ़ रहस्यों से जोड़ रहा है। यह मात्र व्यायाम नहीं, अपितु एक जीवन-पद्धति है। संस्कृत धातु 'युज्' से निकला शब्द योग का अभिप्राय है – 'जोड़ना'। यह आत्मा का परमात्मा से, शरीर का मन से, और व्यक्ति का ब्रह्मांडीय चेतना से संबंध स्थापित करने का माध्यम है। योग एक दार्शनिक प्रक्रिया है, जो जीवन के चार पुरुषार्थों – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। योग का इतिहास वैदिक काल से आरंभ होता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद और सामवेद में योग के अनेक मंत्र उल्लेखित हैं। श्वेताश्वतर उपनिषद, भगवद्गीता, महाभारत, हठयोग प्रदीपिका, योगवासिष्ठ और पतंजलि योगसूत्र जैसे ग्रंथ योग के शास्त्रीय स्रोत हैं। भगवान कृष्ण गीता में कहते हैं "योगः कर्मसु कौशलम्" – (गीता 2.50) अर्थात् कर्म में दक्षता ही योग है। भारतीय संस्कृति में अनेकों ऋषि-मुनि हुए जिन्होंने योग की विभिन्न शाखाओं का विकास किया: पतंजलि ऋषि – अष्टांग योग के प्रवर्तक। उन्होंने योगसूत्र के माध्यम से योग को व्यवस्थित किया। गोरखनाथ हठयोग के सिद्धांतों का प्रचार किया। महर्षि वशिष्ठ 'योगवासिष्ठ' ग्रंथ के माध्यम से अद्वैत योग का विवेचन किया। कबीर, रामकृष्ण परमहंस, योगानंद, विवेकानंद ध्यान, प्राणायाम और भक्ति योग को जनमानस तक पहुँचाया। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि विभिन्न मानसिक, आध्यात्मिक और नैतिक दिशाओं में व्यक्तित्व को विकसित करने वाला मार्ग है। योग के प्रमुख प्रकार हैं: राजयोग-ध्यान और आत्मसंयम का मार्ग (पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग)। हठयोग–शारीरिक नियंत्रण एवं प्राणायाम आधारित साधना। ज्ञानयो–आत्मज्ञान, विवेक और वैराग्य का मार्ग। भक्ति योग- ईश्वर प्रेम और समर्पण आधारित साधना। कर्मयोग–निष्काम कर्म और कर्तव्य का मार्ग। मंत्रयोग–ध्वनि और मंत्र शक्ति द्वारा साधना। लययोग–मन को परमात्मा में लीन करने की प्रक्रिया। पतंजलि योग दर्शन–अष्टांग योग। ऋषि पतंजलि ने योग को आठ अंगों में बांटा: 1. यम (सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह) 2. नियम (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान) 3. आसन (स्थिरता और सुखद स्थिति) 4. प्राणायाम (श्वास नियंत्रण) 5. प्रत्याहार (इंद्रियों पर नियंत्रण) 6. धारणा (एकाग्रता) 7. ध्यान (गहन चिंतन) 8. समाधि (अंतर्मन की पूर्ण एकाग्रता और ब्रह्मानुभूति)। आज की तनावपूर्ण जीवनशैली, अनियमित खानपान, मानसिक अवसाद, मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से विश्व त्रस्त है। योग इन रोगों का सरल, सस्ता और प्रभावी समाधान है। तनाव और अवसाद का शमन ध्यान और प्राणायाम मानसिक शांति प्रदान करते हैं। हृदय रोग– नियमित योग से ब्लड प्रेशर और हृदय गति संतुलित होती है। मधुमेह नियंत्रण – विशेष योगासनों द्वारा शुगर स्तर नियंत्रित किया जा सकता है। रीढ़, गर्दन, जोड़ों का दर्द – आसनों द्वारा लचीलापन और शक्ति आती है। वैश्विक स्तर पर योग की मान्यता 2014 में भारत के पीएम के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। यह वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है, जो ऊर्जा और संतुलन का प्रतीक है। विश्व के प्रमुख देशों में योग को अपनाया गया है जिसमें अमेरिका के करोड़ों लोग योग को जीवनशैली का हिस्सा बना चुके हैं। यूरोप में योग स्टूडियो, रिसर्च सेंटर सक्रिय हैं। चीन, जापान, रूस के देशों में मानसिक अनुशासन और स्वास्थ्य लाभ हेतु योग अपनाया जा रहा है। विश्व के अनेक देशों में आज के युवाओं में मानसिक असंतुलन, आक्रोश, अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है। योग से अनुशासन, संतुलन और संयम की भावना विकसित होती है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में योग को शिक्षा का अंग बनाना समय की माँग है। धार्मिक ग्रंथों में योग को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। भगवद्गीता में योग को जीवन का मूल बताया है। उपनिषद् में आत्मा और ब्रह्म के योग की बात करते हैं। "योग भारत का नहीं, मानवता का है। इसका उद्देश्य न संप्रदाय है, न सीमा; बल्कि समत्व है–समभाव का दर्शन, समग्रता की अनुभूति और समाधान की सिद्धि।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात




**डॉ. दीपक प्रसाद**
सांस्कृतिक शोधकर्ता, रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य एवं योग साधक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सर्वार्थ सिद्धि योग में भोलेनाथ की आराधना से होंगे सब कार्य सिद्ध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि, जो भोलेनाथ को समर्पित 'प्रदोष व्रत' का दिन है, इस बार विशेष संयोग लेकर आ रही है। 24 जून को सोमवार के दिन पड़ रहा यह प्रदोष व्रत शिव भक्तों के लिए अत्यंत शुभ माना जा रहा है। इस दिन आर्द्रा नक्षत्र के साथ धृति और शूल योग का निर्माण हो रहा है। वहीं, चंद्रमा वृषभ राशि में और सूर्य मिथुन राशि में स्थित रहेंगे।




## शुभ संयोग और मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, 24 जून को अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:55 से दोपहर 12:51 तक रहेगा, जबकि राहुकाल सुबह 07:09 से 08:54 बजे तक रहेगा। इस खास दिन पर सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है, जिसका शुभ मुहूर्त 23 जून की दोपहर 03:16 से शुरु होकर 24 जून की सुबह 05:25 तक रहेगा। मान्यता है कि इस योग में किए गए कार्य निश्चित रूप से सफल होते हैं।

## व्रत की विधि

प्रदोष व्रत के दिन सूर्यास्त से पहले स्नान कर शिव की पूजा करें, व्रत का संकल्प लें और "ॐ नमः शिवाय" मंत्र का जाप करें। सोमवार व्रत कथा का पाठ करें और अंत में दीपक जलाकर आरती करें। व्रत पूर्ण होने पर गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना अत्यंत शुभ माना जाता है।

## पूजा-विधि और उपाय

इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें, पूजा स्थल को स्वच्छ करके गंगाजल का छिड़काव करें। एक चौकी पर सफेद कपड़ा बिछाकर भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित करें और गंगाजल, बिल्वपत्र, चंदन, फल, फूल और अक्षत अर्पित करें। ध्यान रहे, एकादशी तिथि पर शिव को अक्षत अर्पित नहीं करना चाहिए। शिव पुराण के अनुसार, सोमवार के दिन भगवान शिव को जल, दूध और घी अर्पित करने से मानसिक और आर्थिक परेशानियों से मुक्ति मिलती है। साथ ही सफेद चीजों जैसे चावल, चीनी और दूध का दान करना पुण्यदायी माना गया है। शिवलिंग पर आक का फूल, दूर्वा और बिल्वपत्र चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

## धार्मिक महत्व

शिव पुराण के अनुसार, सोमवार का दिन चंद्र देव से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने भगवान शिव की आराधना करके क्षय रोग से मुक्ति पाई थी। माता पार्वती ने भी भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु सोलह सोमवार का व्रत किया था। इसलिए सोम प्रदोष का यह विशेष योग भक्तों के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।

# छत्तीसगढ़ के दोकड़ा में 27 जून को निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा, तैयारियां जोरों पर

**एजेंसी। छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के दोकड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। यह रथ यात्रा 27 जून को बड़े धूमधाम से निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी पत्नी कौशल्या साय को शनिवार को गजपति महाराज की पारंपरिक भूमिका सौंपी गई और संबंधित अनुष्ठान संपन्न कराए गए। श्री जगन्नाथ मंदिर समिति द्वारा विशाल और आकर्षक रथ का निर्माण पुरी धाम की शैली में किया जा रहा है। भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्तियों को विशेष रूप से सुसज्जित रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा, रथ खींचने की परंपरा में हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। ओडिशा के संबलपुर से आमंत्रित पुरोहितों ने बगिया स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए गजपति की रस्मों को संपन्न कराया। यह परंपरा पुरी धाम की तर्ज पर निभाई जाती है, जिसमें गजपति महाराजा को रथ यात्रा का मुख्य संरक्षक माना जाता है। इस वर्ष रथ यात्रा में ओडिशा के प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियां, भक्ति रस से सराबोर गीतों एवं वाद्य यंत्रों के साथ शामिल होंगी। साथ ही विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक झांकियों की भी प्रस्तुति की जाएगी, जो इस आयोजन की शोभा को बढ़ाएगी।

# पहलगाम के आतंकियों को शरण देने वाले दो व्यक्ति एनआईए के हत्थे चढ़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से यह जानकारी दी गई है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अनुसार, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस हमले में 26 मासूम लोग मारे गए थे। आरोपियों ने हमले से पहले आतंकवादियों को पनाह दी थी और उनकी पहचान बताई थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बताया है कि इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की जांच के सिलसिले में दो स्थानीय कश्मीरियों, परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर आरोप है कि उन्होंने हमले में शामिल तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह दी थी। ये आतंकवादी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े थे। हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, और यह हमला बैसरन घाटी में हुआ था, जिसे "मिनी स्विटजरलैंड" के नाम से जाना जाता है।

एनआईए के मुताबिक उन्होंने जांच में पाया कि परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर ने पहलगाम के हिल पार्क में मौसमी ढोक (झोपड़ी) में तीन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तानी आतंकवादियों को जानबूझकर शरण दी थी। उन्होंने आतंकियों को भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की।



### ऑपरेशन सिंदूर: भारत ने आतंक के खिलाफ दिखाई ताकत

22 अप्रैल को हुए हमले में आतंकियों ने धार्मिक पहचान के आधार पर पर्यटकों को निशाना बनाकर 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जो पहलगाम में अब तक का सबसे भीषण आतंकवादी हमला था। एनआईए ने दोनों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर बदला लिया था। भारतीय सैनिकों ने एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले दो संदिग्धों को पंजाब पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने आईएसआई के लिए काम करने वाले दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए मुखबिरी कर रहे थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर यह बात कही और साथ ही दो आरोपियों की पहचान भी बताई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी और साहिल मसीह उर्फ शाली के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गुरप्रीत सिंह आईएसआई हैंडलर के सीधे संपर्क में था। गुरप्रीत पर पेन ड्राइव के माध्यम से संवेदनशील और गोपनीय जानकारी साझा करने का संदेह है। डीजीपी ने अपने पोस्ट में कहा कि मामले में शामिल प्रमुख आईएसआई हैंडलर की पहचान राणा जावेद के रूप में हुई है। डीजीपी ने दावा किया कि "व्यापक जासूसी-आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच चल रही है। पंजाब पुलिस राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सभी आवश्यक कार्रवाई करेगी।" इससे पहले एक अभियान में पंजाब पुलिस ने आईएसआई से संबंध रखने वाले एक जासूस और पाकिस्तान स्थित खालिस्तानी समर्थक गोपाल सिंह चावला को गिरफ्तार किया था। आरोपी गगनदीप सिंह को 2 जून को तरनतारन में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, वह सैन्य तैनाती और रणनीतिक स्थानों के विवरण सहित संवेदनशील जानकारी लीक कर रहा था, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो रहा था। पुलिस



● **आईएसआई हैंडलर से सीधे सम्पर्क का आरोप**

टीमों ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल बरामद किए, जिसमें संवेदनशील खुफिया जानकारी थी, जिसे उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया था। साथ ही 20 से अधिक आईएसआई संपर्कों का विवरण भी था। इससे पहले डीजीपी गौरव यादव ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के दो संदिग्धों को पकड़ने का भी दावा किया था। उन्होंने कहा ," 21 जून को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने ब्रिटेन स्थित हैंडलर धरम सिंह उर्फ धर्मा संधू द्वारा संचालित किए जा रहे बीकेआई को ध्वस्त कर दिया और एक स्थानीय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से छह अत्याधुनिक विदेशी पिस्तौल भी बरामद की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमृतसर के जलालुसमा गांव निवासी ओंकार सिंह उर्फ नवाब के रूप में हुई है। भारत-पाकिस्तान सीमा पार से ड्रोन के जरिए तस्करी किए गए हथियारों में चार 9एमएम ग्लॉक पिस्तौल और दो 30 बोर पीएक्स 5 पिस्तौल शामिल हैं।

**बिहार चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग का बड़ा कदम**

# घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच पर विचार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर व्यापक सत्यापन अभियान चलाने पर विचार कर रहा है। यह कदम मतदाता सूचियों की स्पष्टता सुनिश्चित करने और फर्जी या अपात्र नामों को हटाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है। चुनाव आयोग को लंबे समय से विभिन्न नागरिक संगठनों, राजनीतिक दलों और एजेंसियों की ओर से मतदाता सूची में नामों के अनुचित जोड़-घटाव को लेकर चिंता जताई जाती रही है। आयोग ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि केवल वैध और पात्र नागरिकों को ही मतदाता सूची में शामिल करना उसकी प्राथमिकता है। भारत के




संविधान का अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 इस संबंध में मतदाता पंजीकरण की पात्रता और अपात्रता को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन की आवश्यकता कई कारणों से होती है। विवाह, नौकरी, शिक्षा या पारिवारिक कारणों से लोग लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होते हैं। वर्ष 2024 में ही 46.26 लाख लोगों ने अपने पते में बदलाव किया, 2.32 करोड़ ने सुधार के लिए आवेदन दिया और 33.16 लाख ने पहचान पत्र बदलने का अनुरोध किया। मृतकों के नाम अक्सर परिवारजन द्वारा हटवाए नहीं जाते, जिससे सूची में त्रुटियां बनी रहती हैं। वहीं, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम जोड़ना और नाम, फोटो, पता आदि में सुधार करना भी शामिल है।

निर्वाचन आयोग ने हाल ही में प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की सीमा 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी है। साथ ही प्रयास है कि कोई भी मतदाता 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय न करे। विदेशी अवैध प्रवासियों की पहचान और नामों की छंटनी करना भी एक बड़ा टास्क होता है।चुनाव आयोग ने बताया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों को दावे, आपत्तियां और अपील दाखिल करने का पूरा अवसर दिया जाता है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने की आत्मसमर्पित नक्सली सहित दो की हत्या

**एजेंसी। बीजापुर**

● **बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक सप्ताह में 5वीं हत्या को दिया अंजाम**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पामेड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम सेंड्राबोर और एमपुर में नक्सलियों ने शनिवार देर रात दो ग्रामीणों को अपहरण के बाद मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि इनमें एक समैय्या पहले नक्सली था, उसने 2025 में आत्मसमर्पण कर दिया था, वहीं वेको देवा ग्रामीण है। इन्हें मिलाकर बीजापुर जिले में एक सप्ताह में यह 5वीं हत्या है। लगातार नक्सलियों द्वारा की जा रही हत्या की वारदात से गांव में इतनी दहशत है कि कोई भी ग्रामीण घटना को लेकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि ऐसी घटना की जानकारी उनको मिली है, इसकी पुष्टि के लिए तस्दीक कारवाई जा रही है। शनिवार रात बड़ी तादाद में हथियारबंद नक्सली सेंड्राबोर और एमपुर पहुंचकर आत्मसमर्पित नक्सली समैय्या और ग्रामीण वेको देवा का अपहरण कर ले गए। इस दौरान दोनों को नक्सलियों ने बेरहमी से पीटा, उनपर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए दोनों की बेरहमी से हत्या कर दी।

## आतंकवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित : पीयूष गोयल

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भारत हर चुनौती का करारा जवाब देने में सक्षम है। वह रविवार को मीडिया से बातचीत करने के दौरान एनआईए की कार्रवाई और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। मोदी सरकार पूरी ताकत से आतंकवाद और नक्सलवाद से लड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# आज का राशिफल

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन :** रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

**तुला :** वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु :** बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

**मीन :** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

# बिहार के विकास के लिए एनडीए सरकार संकल्पित : सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का जिक्र करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार का दौरा किया और लगभग 6,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को राज्य की जनता को समर्पित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बड़ा ऐलान किया। इस योजना में सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को 400 रुपए से बढ़ाकर 1,100 रुपए कर दिया गया, जिसके लिए 13,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पिछले तीन दिनों से हर किसी को लग रहा होगा कि यह बिहार के लिए ऐतिहासिक पल है। लगातार बारिश हो रही है और साथ ही विकास योजनाओं की झड़ी भी लगी है।सम्राट चौधरी ने बताया कि 'महिला संवाद' कार्यक्रम के तहत 1.60 करोड़ महिलाओं से संवाद के बाद 70,000 केंद्रों पर बैठकें आयोजित की गईं। महिलाओं की प्रतिक्रिया के आधार पर सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इनमें प्रत्येक पंचायत में कन्या विवाह भवन निर्माण का फैसला शामिल है, जिनका संचालन जीविका दीदी करेंगी। जीविका दीदी के कैडर कर्मचारियों के मानदेय को दोगुना करने का भी ऐलान किया गया।

उन्होंने बताया कि बिहार सरकार मां जानकी के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर निर्माण की योजना पर काम कर रही है। इसके अलावा, भारत सरकार ने 52 योजनाओं के तहत

### 'चारा चोर' व 'राजकुमार' नहीं चलेंगे बिहार में

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान 'जेडीयू के टिकट भी अमित शाह ही बांटेंगे' पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि एक अति पिछड़े समाज का बेटा प्रधानमंत्री बन गया है और उन्हें इसी बात की बहुत तकलीफ है। तेजस्वी यादव के बयान पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, "कुछ लोगों को इस बात से तकलीफ हो रही है कि एक अति पिछड़े समाज का बेटा प्रधानमंत्री बन गया है। वह भी ऐसे परिवार से जिसकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। फिर भी, वे हर दिन प्रधानमंत्री को गाली देते हैं। मैंने उन्हें दीवार फिल्म याद करने की सलाह दी है।

## मुजफ्फरनगर में पुलिस भर्ती पेपर लीक का आरोपी पकड़ा गया

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है. यहां शनिवार को शाहपुर थाना पुलिस ने साल 2024 की यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती पेपर लीक केस में फरार चल रहे शातिर आरोपी अजय उर्फ पप्पन को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी को कुटबा गांव स्थित नहर पुलिया के पास से पकड़ा गया। इस मामले में यूपी एसटीएफ ने 2024 में शाहपुर थाने में मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था. उसके खिलाफ कोर्ट की ओर से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किए गए थे, बाद में धारा 82 और 83 के तहत भी कार्रवाई हुई, लेकिन आरोपी लंबे समय तक पुलिस की पकड़ से बाहर रहा. इस पर मुजफ्फरनगर पुलिस ने उस पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बताया कि आरोपी अजय उर्फ पप्पन शामली जिले के ग्राम भाभीसा का रहने वाला है. वह काफी समय से पुलिस को चकमा देता आ रहा था।

**कौन बनेगा भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष?**

## दिल्ली में 4 जुलाई से आरएसएस प्रांत प्रचारक बैठक, शताब्दी समारोह प्रमुख एजेंडा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सभी शीर्ष अधिकारी अपनी क्षेत्रीय इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ वार्षिक प्रांत प्रचारक बैठक के लिए जुलाई के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय राजधानी में होंगे। 4 जुलाई से शुरू होने वाली तीन दिवसीय बैठक की अध्यक्षता आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबोले करेंगे। परंपरागत रूप से, प्रांत प्रचारक बैठक वह जगह होती है जहां संघ पूर्णकालिक प्रचारकों की भूमिकाओं की समीक्षा करता है, और कभी-कभी उन्हें भाजपा में प्रतिनियुक्त करता है - हालांकि ऐसा काम किए हुए कुछ समय हो गया है। बैठक का समय महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रही है जब भाजपा द्वारा अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। यह उच्च स्तरीय बैठक संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आंतरिक समन्वय को मजबूत करने और भविष्य की पहल की योजना बनाने पर केंद्रित होगी। एक प्रमुख एजेंडा संघ के शताब्दी समारोह की तैयारी होगी, जिसमें देश भर में बड़े पैमाने पर भागीदारी की योजना बनाई गई है। बैठक में 11 क्षेत्रीय प्रमुख, 46 प्रचारक और विभिन्न प्रांतों से वरिष्ठ आरएसएस स्वयंसेवक भाग लेंगे। इसमें मई और जून में आयोजित प्रशिक्षण सत्रों का भी मूल्यांकन किया जाएगा और अगले वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसका लक्ष्य आंतरिक समन्वय को तेज करना और आगामी संगठनात्मक मील के पत्थर और सामाजिक-राष्ट्रीय पहलों के लिए रणनीति को बढ़ाना है।

**मंदिर का निर्माण** | अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर ही पुनौरा धाम में होगा मां जानकी मंदिर का निर्माण

# भव्य मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल : नीतीश

● **पुनौराधाम में मंदिर निर्माण सभी बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है।**

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में भव्य मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश ने रविवार को स्वयं एक्स पर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुबह सुबह बताया कि मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल हो गया है और अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर ही मां जानकी मंदिर का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही अपने सोशल मीडिया पर फाइनल डिजाइन की तस्वीरें भी साझा की हैं। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा, "मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने के लिए भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन अब तैयार हो गया है, जिसे आपके साथ साझा किया जा रहा है। इसके लिए एक ट्रस्ट का भी गठन कर दिया गया है ताकि निर्माण कार्य में तेजी आ सके। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। मिथिला की पुण्य भूमि सीतामढ़ी में स्थित पुनौराधाम को माता सीता की जन्मस्थली माना जाता है। बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में स्थित जानकी जन्मभूमि मंदिर को श्रद्धालु पुनौराधाम के नाम से भी जानते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यहीं त्रेता युग में राजा जनक के खेत जोतने के दौरान माता सीता धरती से प्रकट हुई थीं। प्रमुख धार्मिक स्थल-सीतामढ़ी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। हलेश्वर स्थान जो भगवान शिव को समर्पित मंदिर है। मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण स्वयं राजा जनक ने करवाया था। यह स्थान श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों के लिए आस्था और ऐतिहासिकता का संगम है।



### मिथिला की धरा से उदित माता सीता

मिथिला की पावन कथा से जुड़ा इतिहास-पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख शुक्ल नवमी को जब मिथिला के राजा जनक बारिश की कामना में हल चला रहे थे, तभी उनका हल एक मिट्टी के बर्तन या कलश से टकराया। उसे बाहर निकालने पर एक कन्या शिशु प्राप्त हुई। जिसे उन्होंने सीता नाम दिया। इसी कारण यह स्थान हिंदू धर्म में विशेष पवित्रता और आस्था का केंद्र है। कालांतर में इसी पावन स्थल के नाम पर नगर का नाम सीतामड़ई, फिर सीतामही और अंततः सीतामढ़ी पड़ा।



## भारत को बेल्जियम ने 3-6 से हराया

**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को एंटवर्प में चल रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में बेल्जियम से 3-6 से हार गई। भारत की तरफ से दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा। भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद दिलप्रीत सिंह के 36वें मिनट और मनदीप सिंह के 38वें मिनट में किए गए गोल से वापसी की थी। वहीं, अमित रोहिदास ने 56वें मिनट में गोल दागकर टीम को मैच में बनाए रखा था। मैच के आखिरी क्षणों में लगे 3 गोल की वजह से टीम इंडिया को 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। बेल्जियम के लिए आर्थर वैन डोरेन ने पहले और 54वें, अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 28वें, रोमन डुवेकोट ने 49वें, थिब्यू स्टॉकब्रोक्स ने 53वें और टॉम बून ने 59वें मिनट में गोल दागे। मैच के पहले मिनट के 20 सेकंड में बेल्जियम ने दो पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए। गोलकीपर सूरज करकेरा ने अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स की ड्रैग-फ्लिक को रोक दिया, लेकिन आर्थर वैन डोरेन ने रिबाउंड पर गोल करके मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। बेल्जियम की तेज शुरुआत की वजह से भारत पिछड़ गया। भारत ने मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी।



## बेल्जियम ने भारत को 1-5 से हराया

**एंटवर्प।** भारत की महिला हॉकी टीम शनिवार को एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) में बेल्जियम से 1-5 से हार गई। बेल्जियम के लिए 17 पेनल्टी कॉर्नर वाले रोमांचक मुकाबले में दीपिका (6') ने भारत को बढ़त दिलाई, इससे पहले हेलेन ब्रासेर (37', 55'), लूसी ब्रेने (41'), एम्ब्रे बॉलेनघिएन (54') और चार्लोट एंगलबर्ट (58') ने गोल करके मेजबान टीम की जीत पक्की कर दी। खास तौर पर बेल्जियम के सभी पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुए। भारत की शुरुआत खराब रही, क्योंकि बेल्जियम ने पहले मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। शुरुआती डर टल गया, और सविता ने जल्द ही स्कोरबोर्ड को अछूता रखने के लिए एक तेज बचाव किया। भारत के हाफ में एक अनफोर्स्ड एरर ने बेल्जियम को फिर से कब्जा दे दिया, लेकिन वैष्णवी ने एक महत्वपूर्ण इंटरसेप्शन के साथ दरवाजा बंद कर दिया। भारत ने दबाव की लहरों को झेलते हुए धैर्यपूर्वक ब्रेक पर अपने मौके का इंतजार किया। उनके पहले सर्कल में प्रवेश के परिणामस्वरूप एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, और दीपिका के शॉट ने बेल्जियम के डिफेंडर से डिफ्लेक्शन लिया और फिर नेट में जाकर भारत को आगे कर दिया।

भारत ने रचा इतिहास

## फ्रीस्टाइल टीम ने जीती चैंपियन ट्रॉफी



**वुंग ताऊ (वियतनाम)।** भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, क्योंकि उसकी फ्रीस्टाइल टीम ने शनिवार को यहां वुंग ताऊ (वियतनाम) में आयोजित अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में छह स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। यह किसी भी एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 61 किग्रा में निखिल, 65 किग्रा में सुजीत, 74 किग्रा में जयदीप, चंद्र मोहन (79 किग्रा), सचिन (92 किग्रा) और 97 किग्रा वर्ग में विक्की ने स्वर्ण पदक जीते। 125 किग्रा भार वर्ग में जसपूरन सिंह ने रजत पदक जीता। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने शनिवार को एक बयान में कहा, ''भारतीय फ्रीस्टाइल टीम का मैट पर दबदबा ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस ऐतिहासिक सफलता को हासिल करने में युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और पूरे कुश्ती समुदाय के निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन को स्वीकार करता है। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय अंडर-23 महिला पहलवानों ने अपने शानदार प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया और कुल 10 पदक जीते। कौशल और दृढ़ संकल्प के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने सभी 10 भार वर्गों में पदक हासिल करते हुए चैंपियन ट्रॉफी जीती - चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य। 50 किग्रा वर्ग में प्रियांशी प्रजापत, 55 किग्रा वर्ग में रीना, 68 किग्रा वर्ग में सृष्टि और 76 किग्रा वर्ग में प्रिया ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते। रजत पदक 57 किग्रा वर्ग में नेहा शर्मा, 62 किग्रा वर्ग में प्रगति, 65 किग्रा वर्ग में शिक्षा, 59 किग्रा वर्ग में तन्वी और 72 किग्रा वर्ग में ज्योति बेरवाल ने जीते।

## कनाडा ने हासिल किया टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफिकेशन



**नई दिल्ली।** कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप-2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका क्वालीफायर में कनाडा ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल करके टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की है, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका रीजन फाइनल-2025 में 21 जून को कनाडा और बहामास के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें कनाडा ने सात विकेट से जीत दर्ज की। किंग सिटी में खेले गए इस मैच में बहामास की टीम महज 57 रन पर सिमट गई थी, जिसके बाद कनाडा ने महज 5.3 ओवरों में सात विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली।

## शुभमन गिल को इस तरह बल्लेबाजी करते देख अच्छा लगा : सौरव गांगुली



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे की शुरुआत शानदार अंदाज में की है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शुभमन गिल के नेतृत्व वाली युवा टीम की जमकर प्रशंसा की। सौरव गांगुली ने कहा, "शुभमन गिल ने बहुत ही अच्छा खेला। उसकी बल्लेबाजी में बहुत सुधार हुआ है। उसे इंग्लैंड में इस तरह बल्लेबाजी करते देखना काफी सुकूनदायक था।" भारतीय टीम ने लीड्स में अच्छी बल्लेबाजी की है और इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 471 रन बनाए हैं। क्या भारतीय टीम इस मैच में जीत दर्ज करने में कामयाब होगी। इस सवाल के जवाब में गांगुली ने कहा कि अभी कुछ कहना जल्दीबाजी होगी। टेस्ट में अभी काफी समय बचा हुआ है। भारतीय टीम आगे कैसा खेलती है। इस पर मैच का परिणाम निर्भर करेगा। दरअसल, इंग्लैंड दौरे से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। एक युवा कप्तान इंग्लैंड दौरे पर कैसा प्रदर्शन करेगा इस पर सबकी नजर थी। गिल का इंग्लैंड दौरे पर बतौर बल्लेबाज भी अच्छा रिकॉर्ड नहीं रहा था। लेकिन, लीड्स में गिल ने शतक लगाकर अपने सभी आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। गिल ने 227 गेंदों में 147 रन की पारी खेली।

## जसप्रीत बुमराह ने लिये तीन विकेट, कप्तान स्टोक्स 20 रन बनाकर आउट



भारत की पहली पारी में 471 रन बनाए

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर जारी है। 21 जून को मुकाबले का तीसरा दिन था। इंग्लैंड की टीम अपनी पहली पारी में बल्लेबाजी कर रही है। इंग्लैंड का स्कोर 270 रनों को पार कर चुका है और उसके 5 विकेट गिरे हैं। बता दें कि भारतीय टीम ने शुभमन गिल, ऋषभ पंत और यशस्वों जायसवाल के शतकों की मदद से अपनी पहली पारी में 471 रन बनाए थे। इंग्लैंड की पहली पारी में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती ओवर में ही जैक क्राउली (4 रन) का विकेट गंवा दिया, जो जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। इसके बाद बेन डकेट और ओली पोप के बीच दूसरे विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी हुई। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट (62 रन) को बोल्ड करके इस पार्टनरशिप का अंत किया। फिर बुमराह ने खेल के दूसरे दिन जो रूट (28) का भी बड़ा विकेट लिया। हालांकि इस सबके बीच ओली पोप अपना शतक पूरा करने में सफल रहे थे।

### ऐसी रही भारतीय टीम की पहली पारी

इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 471 रन बनाए. कप्तान शुभमन गिल ने 19 चौके और एक सिक्स की मदद से 227 बॉल पर 147 रन बनाए. वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 178 गेंदों पर 134 रनों की पारी खेली. पंत ने अपनी इनिंग्स में 12 चौके और 6 छक्के लगाए. सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी 16 चौके और एक छक्के की मदद से 159 बॉल पर 101 रनों का योगदान दिया. इंग्लैंड के लिए कप्तान बेन स्टोक्स और जोश टंग ने चार-चार विकेट झटके।

## मांजरेकर ने बुमराह की तुलना रिचर्ड हेडली से की



**लीड्स।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने जसप्रीत बुमराह की हर बार आक्रमण पर आने पर विकेट चटकाने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की और भारतीय तेज गेंदबाज की तुलना न्यूजीलैंड के महान गेंदबाज रिचर्ड हेडली से की, जो 400 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। शुभमन गिल के करियर के सर्वश्रेष्ठ 147 और ऋषभ पंत के आश्चर्यजनक 134 रन (इस प्रारूप में उनका सातवां शतक) के बाद जब भारत 113 ओवर में 471 रन पर आउट हो गया, तो इंग्लैंड को खतरनाक बुमराह से निपटना पड़ा, जिन्होंने 3-45 विकेट लिए।

## केंद्र सरकार देश में खेल के विकास में बड़ा योगदान दे रही : पौलमी घटक



**पटना।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा पटना में टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने के लिए इस खेल से जुड़े दिग्गजों को प्राधिकरण ने आमंत्रित किया था। पौलमी घटक और सौम्यादीप रॉय जैसे खिलाड़ियों ने देश में खेल के विकास में केंद्र सरकार के सहयोग की सराहना की। टेबल टेनिस खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता पौलमी घटक ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "जब से मोदी सरकार आई है। भारतीय खेल का चेहरा बदल गया है। सरकार ने खेलो इंडिया और टॉप्स जैसी योजना चलाई है। इसके तहत खिलाड़ियों को बिल्कुल निचले स्तर से चयनित किया जा रहा है। बच्चों को ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्हें ट्रेनिंग के लिए प्रदेश से बाहर भी भेजा जा रहा है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## मोदी सरकार ने देश में तेल और गैस खोज बढ़ाने की लिए एक मिलियन स्क्वायर किमी बेसिन खोला: हरदीप



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत के 3.5 मिलियन स्क्वायर किलोमीटर के तलछटी बेसिन में से एक मिलियन स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र को तेल एवं गैस खोज के लिए खोल दिया है, जो पहले हाइड्रोकार्बन खोज के लिए प्रतिबंधित था। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण अब इस पूरे 'नो-गो' क्षेत्र को खोल दिया गया है, जिससे घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी।" उन्होंने आगे कहा कि खोज और उत्पादन को नियंत्रित करने के लिए नए कानून के साथ-साथ तेल और गैस खोज और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र में व्यापार को आसान बनाने की दिशा में कई उपाय किए गए हैं। मोदी सरकार ने देश में तेल और गैस की खोज में तेजी लाने के लिए पहले की नई खोज और लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) से बदल दिया है। ओएएलपी के जरिए सरकार की कोशिश तेल और गैस क्षेत्र में जटिलताएं कम करना भी है। मंत्री ने कहा कि ओएएलपी की नौंवी बोली के तहत इन नए खोले गए क्षेत्रों के लिए लगभग 38 प्रतिशत बोलियां आईं, जबकि ओएएलपी दसवीं बोली के अगले दौर में यह आंकड़ा बढ़कर 75 प्रतिशत हो सकता है। उन्होंने बताया कि ओएएलपी की दसवीं बोली प्रक्रिया भारत का अब तक का सबसे बड़ा राउंड है।

### ईरान-इजरायल संघर्ष में अमेरिका की एंट्री

## ऑल-टाइम हाई पर तेल अवीव का शेयर बाजार

- **तेल अवीव स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क टीए-125 इंडेक्स 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर था।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इजरायल का तेल अवीव स्टॉक एक्सचेंज रविवार को पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। इजरायली शेयर बाजार में तेजी ऐसे समय पर आई जब ईरान के साथ चल रहे संघर्ष में अमेरिकी का प्रवेश हो गया है। तेल अवीव स्टॉक एक्सचेंज (टीएएसई) ने 6,490 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया है।

फिलहाल यह 6,450 के करीब कारोबार कर रहा था, जो कि इसकी पिछली क्लोजिंग 6,137 से 5 प्रतिशत अधिक है। इजरायल के अन्य स्टॉक इंडेक्स में भी तेजी के साथ कारोबार हो रहा था। इजरायली मीडिया के मुताबिक, तेल अवीव स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क टीए-125 इंडेक्स 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर था। वहीं, इजरायल की ब्लू चिप कंपनियों का इंडेक्स टी-35 में 1.5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई। वहीं, टीए-इंश्योरेंश और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स में 3.2 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। इजरायल में शुक्रवार की छुट्टी रहने के कारण, वहां के शेयर बाजारों में रविवार को कारोबार होता है। रविवार की सुबह अमेरिका ने ईरान के तीन बड़े परमाणु ठिकानों पर हमला किया है, जिससे दोनों देश के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका है और ईरान, इजरायल पर हमले कर रहा है।

इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने पुष्टि की है कि ईरान ने रविवार सुबह इजरायल पर 30 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। इन हमलों में करीब 16 लोगों के घायल होने की खबर है, जबकि कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। अमेरिका ने भारतीय समय के अनुसार रविवार सुबह 4.30 बजे ईरान की तीन प्रमुख न्यूक्लियर साइट्स फोर्डो, नतांज और एस्फाहान पर हमला किया, जिसके बाद ईरान की यह जवाबी कार्रवाई देखी गई है। ईरान के हमलों में तेल अवीव, हाइफा और यरुशलम सहित कई प्रमुख शहरों को निशाना बनाया गया है। इससे पहले गुरुवार को सुबह ईरान द्वारा इजरायल पर 25 मिसाइलों से किए गए नए अटैक में तेल-अवीव स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा था।

## शीर्ष 10 में से 6 कंपनियों का मार्केट कैप 1.62 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मुंबई।** देश की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के मार्केट कैप में बीते हफ्ते 1,62,288.06 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। इसमें सबसे अधिक फायदा देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल को हुआ है। 16 जून से लेकर 20 जून तक के कारोबारी सत्र में भारती एयरटेल के अतिरिक्त, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इन्फोसिस के मार्केट कैप में इजाफा हुआ है। हालांकि, इस दौरान टीसीएस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की गई। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 54,055.96 करोड़ रुपए बढ़कर 11,04,469.29 करोड़ रुपए हो गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 38,503.91 करोड़ रुपए बढ़कर 15,07,281.79 करोड़ रुपए हो गया, जबकि इन्फोसिस का मार्केट कैप 8,433.06 करोड़ रुपए बढ़कर 6,73,751.09 करोड़ रुपए हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 8,012.13 करोड़ रुपए बढ़कर 10,18,387.76 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का मार्केटकैप 3,212.86 करोड़ रुपए बढ़कर 7,10,399.75 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 17,876.42 करोड़ रुपए घटकर 5,62,175.67 करोड़ रुपए रह गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एमकैप 4,613.06 करोड़ रुपए घटकर 12,42,577.89 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर का एमकैप 3,336.42 करोड़ रुपए घटकर 5,41,557.29 करोड़ रुपए रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन 1,106.88 करोड़ रुपए घटकर 5,92,272.78 करोड़ रुपए रह गया।

# बाबुडीह से बुल्का सड़क निर्माण ग्रामीणों के लिए बना जी का जंजाल



सड़क पर बुलडोजर से मिट्टी मिलाई जा रही है जिससे सड़क की गुणवता बेकार हुई





**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** बाबुडीह से बुल्का निर्माणाधीन सड़क ग्रामीणों राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है, इस 12 किमी सड़क का निर्माण कार्य 2023 में शुरू हुआ था और 7/3/2025 तक पूरा करना था लेकिन योजना शुरू होने के दो वर्ष बीत गए लेकिन कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। अषाढ़ में संवेदक का नींद खुला और कार्य प्रारम्भ किया, सड़क के दोनों तरफ मोरम मिट्टी का भराव करना था लेकिन संवेदक द्वारा दलदली मिट्टी भर दिया गया इतना ही नहीं गली का सड़क जहां मिला वहां पर भी मिट्टी डाल दिया गया जिससे ग्रामीणों का आवागमन मिश्किल हो गया। इस सड़क निर्माण में घोर अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीण सकेंद्र कुमार ने कहा कि मेरे दरवाजा के सामने ही मोरम के जगह मिट्टी डाल दिया गया जिससे घर से निकलना मुश्किल हो गया है थोड़ी से ही बरसात में कीचड़ ही कीचड हो जा रहा है।

उपेंद्र कुमार ने कहा कि इससे तो बेहतर ख़राब सड़क ही था जो कीचड मुक्त तो था इस बरसात के मौसम में इस सड़क से चलना मुश्किल हो गया है अभी तो पूरा बरसात बाकी है।

बिमलेश कुमार सिंह ने कहा कि इस सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है सड़क पर जीइसबी से मिट्टी मिलाया जा रहा है जिससे सड़क कि गुणवता बेकार हो रहा है। विद्यालय आने जाने में विद्यार्थियों को घोर समस्या हो रही है।

इस सम्बन्ध में जेइ संजीत कुमार ने बताया कि डब्लूएमएम कि गुणवता जाँच कि गयी है यह बिलकुल ठीक है, संवेदक को समय पर योजना राशि नहीं मिल पाया इसीलिए कार्य में विलम्ब हो गया और जिस दिन कार्य प्रारम्भ हुआ उसी दिन बारिश हो गयी जिससे समस्या बढ़ गया। किनारे मिट्टी डाले जाने के बारे में उन्होंने बताया कि इसके वाद मोरम डाला जायेगा साथ ही बरसात से ग्रामीणों कि जो भी समस्या हो रही है, बरसात रुकने के बाद दूर कर दी जाएगी।

## साइकिल सवार को तेज रफ्तार सवारी गाड़ी ने कुचला, इलाज के दौरान मौत



**सतबरवा।** सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया मस्जिद के पास एनएच 39 रांची - मेदिनीनगर पर एक तेज रफ्तार सवारी गाड़ी ने साइकिल सवार को कुचल दिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस द्वारा तत्काल अस्पताल पहुँचाए जाने के बावजूद, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान बकोरिया निवासी मोकीम आलम (35 वर्ष), पिता याकूब अली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मोकीम का विवाह महज एक वर्ष पूर्व ही हुआ था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सवारी गाड़ी जे एच 03 एक्स 7177 मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही थी। मृतक साइकल से सड़क पार कर रहा था तभी यह घटना घटी। टक्कर के बाद मोकीम लगभग 50 फीट तक सड़क पर घसीटता चला गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे तुम्बागड़ा नवजीवन अस्पताल पहुँचाया।

## पेज एक के शेष

### अमेरिका ने ईरान...

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान ने इजरायल के साथ अपना संघर्ष खत्म नहीं किया, तो अमेरिका अधिक सटीक हमले करेगा। ईरान पर एयर स्ट्राइक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'ट्रुथ' पर लिखा, हमने ईरान में तीन न्यूक्लियर साइट्स पर अपना बहुत सफल हमला पूरा कर लिया है, जिसमें फोर्डो, नतांज और इस्फाहान शामिल हैं। सभी प्लेन अब ईरान के एयर स्पेस से बाहर हैं। हमारे महान अमेरिकी योद्धाओं को बधाई। दुनिया में कोई और सेना नहीं है, जो ऐसा कर सकती थी। अब शांति का समय है! इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद। एक अन्य पोस्ट में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान को अब संघर्ष खत्म करने के लिए सहमत होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ईरान से शांति कायम करने को कहा है। साथ ही, कहा है कि अगर ईरान ऐसा नहीं करता, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।

### स्ट्राइक के बाद...

इजरायली मीडिया ने सेंट्रल इजरायल में धमाकों की जानकारी दी है। यहां कई शहरों में सिविल डिफेंस टीम और आपातकालीन सेवाएं तैनात की गई हैं। कई क्षेत्रों में इमारतों पर हमला किया गया है, लेकिन हताहतों या बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान की पूरी जानकारी अभी तक नहीं मिली। ईरान के हमलों में तेल अवीव, हाइफा और यरुशलम सहित कई प्रमुख शहरों को निशाना बनाया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार तेल अवीव और हाइफा में कई विस्फोट सुने गए। इस दौरान इजरायल डिफेंस सिस्टम ने आने वाले प्रोजेक्टाइल को रोकने की कोशिश की। आईडीएफ ने एक बयान में कहा, इजरायली सेना ने इजरायल की ओर जाने वाली ईरानी मिसाइलों की एक और सीरीज का पता लगाया है। आईडीएफ ने नागरिकों से सुरक्षा चिंताओं के कारण सोशल मीडिया पर इसकी फुटेज शेयर ना करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही हमले वाले स्थानों का खुलासा करने से भी बचने को कहा है।

### ईरान ने एयर...

साथ ही आईएईए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स से स्थिति पर विचार करने को कहा है। अपने आधिकारिक बयान में ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का विदेश मंत्रालय ईरान के शांतिपूर्ण न्यूक्लियर फैसिलिटी के खिलाफ क्रूर अमेरिकी सैन्य आक्रमण की कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों के सबसे बुनियादी सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। यह मंत्रालय इस गंभीर अपराध के अत्यंत खतरनाक प्रभावों और परिणामों के लिए कानून तोड़ने वाली अमेरिकी सरकार को जिम्मेदार ठहराता है। ईरान ने आगे दावा किया है कि यह हमला यहूदी शासन की आपराधिक मिलीभगत और सहयोग से किया गया। ईरान ने इजरायल पर व्यापक तनाव बढ़ाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। ईरानी सरकार ने कहा कि यह हमले न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2, पैराग्राफ 4 का उल्लंघन थे, बल्कि सिक्योरिटी काउंसिल के प्रस्ताव 2231 का भी उल्लंघन थे।

### पीएम मोदी ने...

उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की है। पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात की। हमने मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही हाल की तनावपूर्ण घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। मैंने तत्काल तनाव कम करने, बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर चलने तथा क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की जल्द बहाली के लिए हमारी अपील को दोहराया।

### आईडीएफ ने शुरू...

बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने संघर्ष की शुरुआत से ही ईरान की 'न्यूक्लियर फैसिलिटी' तबाह करने का वादा पूरा कर दिया है। अमेरिका ने ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी के खिलाफ वह काम पूरा किया है, जिसे 'आईडीएफ' ने 13 जून को शुरू किया था। नेतन्याहू ने कहा, ऑपरेशन की शुरुआत में, मैंने आपसे वादा किया था कि ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी को किसी न किसी तरह से तबाह कर दिया जाएगा। यह वादा पूरा किया गया है। इजरायली पीएम ने अमेरिकी प्रेसिडेंट से टेलीफोन पर हुई बातचीत का भी ब्योरा दिया। कहा, मैंने अमेरिकी ऑपरेशन खत्म होने के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देने के लिए फोन किया था। यह बहुत गर्मजोशी और भावुक बातचीत थी। नेतन्याहू ने आगे कहा, उन्होंने (ट्रंप) मुझे बधाई दी। उन्होंने हमारी सेना को और उन्होंने हमारे लोगों को बधाई दी। राष्ट्रपति ट्रंप दृढ़ता के साथ स्वतंत्र विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। वह इजरायल के बहुत अच्छे मित्र हैं, ऐसे मित्र जैसा कोई और नहीं।

### नामकुम में सड़क...

लेकिन वे आगे बढ़ गए। जब कहीं सोम का पता नहीं चला, तो फिर वे हादसे वाली जगह पहुंचे। वहां उनका चप्पल देख उन्हें पहचाना गया। प्रवीर हांसदा के परिजनों को भी हादसे की जानकारी ब्रिज पर पड़े जूते से मिली। डीएसपी मुख्यालय अमर पांडेय ने रविवार को कहा कि नामकुम में हादसा हुआ है। तेज रफ्तार कार चालक ने पहले प्रवीर हांसदा जो स्कूटी कर सवार थे, उन्हें धक्का मारा। इसके बाद पैदल चल रहे शिक्षक सोम सिन्हा चपेट में आ गए और फिर तेज रफ्तार के कारण वह खुद अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया।

### छतरपुर में टीएसपीसी...

वह लंबे समय से टीएसपीसी संगठन से जुड़ा था और छतरपुर क्षेत्र में संगठन के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अभियान में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एसआई सुशील उरांव, अनिल रजक, सअनि नारायण विश्वकर्मा, तकनीकी शाखा और सशस्त्र बलों के अधिकारी शामिल थे।

### झारखंड में पर्यटन...

उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण के साथ-साथ राज्य की संस्कृति, लोक जीवन और पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार भी बढ़ेगा, जिससे न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि झारखंड की एक नई पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। फिल्म "सहिया" के निर्माता संजय शर्मा ने राज्यपाल को बताया कि फिल्म की कहानी झारखंड की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसकी शूटिंग पूरी तरह स्थानीय स्थलों और ग्रामीण परिवेश में की जा रही है। फिल्म में शांतनु महेश्वरी, नीरज काबी, रमन गुप्ता और रिंकू राजू जैसे कलाकार अभिनय कर रहे हैं। नेतरहाट पहुंचने पर राज्यपाल का स्वागत उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने किया। दोनों अधिकारियों ने राज्यपाल को लोअर घाघरी क्षेत्र की भौगोलिक विशेषताओं और पर्यटन की संभावनाओं की जानकारी दी। अंत में राज्यपाल ने फिल्म निर्माण दल को शुभकामनाएं देते हुए झारखंड में अधिकाधिक फिल्म निर्माण की अपेक्षा जताई और आशा प्रकट की कि ऐसे प्रयास राज्य की सकारात्मक छवि को मजबूती देंगे।

धूप निकलते ही किसानों के चेहरे खिले

## खेतों में बिचड़ा लगाने की तैयारी हुई तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी (गढ़वा)।** लगातार कई दिनों तक हो रही बारिश से जहां जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था, वहीं रविवार को पूरे दिन खिली धूप ने लोगों को खासकर किसानों को राहत की सांस दी। तेज धूप निकलने से खेतों में जमा पानी सूखने लगा है, जिससे अब किसान खेती-बाड़ी की ओर सक्रिय होते नजर आ रहे हैं।प्रखंड क्षेत्र में अब तक धान का बिचड़ा बहुत कम मात्रा में हुआ है। आमतौर पर अद्रा नक्षत्र में धान की बुआई होती है, लेकिन इस बार बारिश के चलते खेतों में अत्यधिक नमी और जलभराव के कारण किसान धान का बिचड़ा नहीं कर पाए थे। अब जब मौसम ने करवट ली है और धूप निकलने लगी है, तो किसानों के चेहरे पर भी मुस्कान लौट आई है। रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेतों की साफ-सफाई और तैयारी में जुटे नजर आए। धान के अलावा मक्का, तिल, अरहर जैसी फसलों की बुआई की भी योजना बनाई जा रही है। कई जगहों पर किसान खेत की मेड़ों की मरम्मत और कीचड़ निकालने का कार्य कर रहे हैं। किसानों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में यदि मौसम अनुकूल रहा, तो बिचड़ा के साथ-साथ अन्य फसलों की बुआई समय पर हो सकेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर कृषि गतिविधियां रफ्तार पकड़ने लगी हैं, जिससे आने वाले समय में अच्छी फसल की उम्मीद की जा रही है।

पोलडीह में किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

## 150 लीटर से अधिक शराब जब्त, एक न्यायिक हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत पोलडीह गांव में एक किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दुकान से देशी और विदेशी शराब की दर्जनों पेटियां और बोतलें बरामद की हैं। इस संबंध में दुकान संचालक कुंदन सिंह उर्फ छोटन सिंह को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पोलडीह गांव स्थित एक किराना दुकान में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का संग्रह कर बेचा जा रहा है। सूचना के सत्यापन और निर्देश मिलने के बाद एक छापेमारी दल का गठन कर शनिवार शाम दुकान पर छापा मारा गया। पुलिस को देखकर दुकान के पास खड़े कुछ लोग मौके से भाग निकले। इसके बाद दुकान की तलाशी ली गई, तो एक अलग कमरे से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई। बरामद शराब में 30 पेटी टनाका देशी शराब, चार पेटी गॉड फादर बीयर, सात पेटी किंगफिशर बीयर, आरएस ब्रांड की कई शीशियां और बोतलें, ब्लेंडर प्राइड, सिग्नेचर, मेगडोवेल और इम्पीरियल ब्लू जैसी ब्रांड की शराब शामिल हैं। कुल मिलाकर 150 लीटर से अधिक शराब बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई मुकेश कुमार सिंह, नर्मदेश्वर सिंह, रमण यादव, टुनटुन कुमार, चालक अखिलेश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 160/25, 21.06.2025 को झारखंड उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) तथा भादंवि की धारा 274/275 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आगे भी इस तरह की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

### तारा में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी 25 जून को

**मोहम्मदगंज।** आदर्श प्लस टू राजकीयकृत रहमानिया उच्च विद्यालय तारा में आगामी 25 जून को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया है कि सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेशानुसार उक्त तिथि को प्रातः 8 बजे से गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी नियमित छात्र-छात्राओं, उनके माता-पिता और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का सम्मिलित होना आवश्यक बताया है।

## मामूली मारपीट विवाद में तीन लोग घायल,दो रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के जेपी चौक पर शनिवार की देर शाम को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से जमकर मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में निखिल कुमार, नितीश कुमार व अमन कुमार सभी हुसैनाबाद के ही निवासी हैं। तीनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जिसमें निखिल व नितीश क्रमशः दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। है, हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि इस मामले में सूचना दी गई हैं, परंतु लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई हैं। लिखित शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 1932 खतियान को लेकर सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं : जयराम महतो



- कहा कि राज्य का दुर्भाग्य ही कहा जाए कि राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी यहां पर स्थानीय नीति का निर्धारण नहीं हो पाया है

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** डुमरी विधायक सह जेकेएलएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का शनिवार शाम चंदवा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। वे पलामू में आयोजित एक कार्यक्रम से वापस लौटने के क्रम में स्थानीय इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में रुके थे जंहा पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला के साथ स्वागत किया। इस दौरान जयराम महतो कार्यकर्ताओं से मिले व क्षेत्र की समस्याओं को जाना। मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जयराम महतो ने कहा कि राज्य की जनता के जुड़े मुद्दे पर हमारी पार्टी हमेशा सक्रिय रहती है। जनता उन्हीं नेताओं को पसंद करती है, जो उनके हक व अधिकार की लड़ाई लड़ते हैं। वहीं राज्य में भाषा को लेकर छिड़े विवाद पर उन्होंने कहा कि राज्य में भाषा को लेकर काफी भिन्नताएं हैं, राज्य में हर एक दो जिले के भाषा बदल जाती है, जो भाषा गढ़वा-पलामू बोली जाती वह धनबाद-बोकारो नहीं बोली जाती इसलिए एक या दो भाषा के आधार पर नीति निर्धारण नहीं हो सकती है। राज्य सरकार को चाहिए कि टीम बनाकर प्रखंड व जिलावार सर्वे करें, सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जिलावार या फिर प्रखंडवार भाषा को सूची में शामिल किया जाए। वहीं स्थानीय नीति व युवाओं रोजगार को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य का दुर्भाग्य ही कहा जाए कि राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी यहां पर स्थानीय नीति का निर्धारण नहीं हो पाया है। अब तो आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगने वाले नौकरियों में भी बोलियां लग रही है। 75% स्थानीय युवाओं को रोजगार का वायदा सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गया है। वहीं 1932 के खतियान को लेकर जयराम महतो ने कहा कि बजट सत्र के अंतिम दिन राज्य सरकार के समक्ष उक्त मुद्दे को रखा था, सरकार का जवाब आया मामला प्रक्रियाधीन है। इससे साफ है कि सरकार राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दों को कैसे लटका कर रखी है। इसके अलावा भी कोई अन्य सवाल मीडिया के कारण से पूछा गया जिसका जवाब दिया। इधर चंदवा में कार्यकर्ताओं से मिलने के पश्चात जयराम महतो अपने गंतव्य हो रवाना हो गए। मौके पर पलामू प्रमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, लातेहार जिला सचिव चंदन बड़ाइक, संतोष पासवान, दीपक मुंडा, विश्वकर्मा मुंडा, जितेंद्र कुमार, अशोक उरांव, नीरज यादव, राजवंश यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

कोयल नदी का जल स्तर घटकर 62 हजार क्यूसेक हुआ, 17 गेट ही खुले

## मुख्य नहर में पानी छोड़ने में एक सप्ताह की देरी संभव : ईई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी का जल प्रवाह शनिवार को घटकर 61925 क्यूसेक हो गया है। इससे नीचले इलाके के गांव में बाढ से खतरे की संभावना समाप्त हो गई है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि अब 17 गेट ही खुले रखे गए हैं। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। नदी के जलप्रवाह के अनुसार गेट का संचालन किया जाता रहेगा। बता दें कि गुरुवार को 2.5 और शुक्रवार को 1.19 लाख क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज हुआ था। इस वजह से पहले दिन 38 और दूसरे दिन 25 गेट खोलने पड़े थे। मुख्य नहर में छोड़ने के लिए पर्याप्त जल भंडारण हो गया है। अभी मुख्य नहर का लाइनिंग कार्य बंद नहीं हुआ है। कार्य बंद करने की रिपोर्ट मिलने के बाद ही खरीफ सीजन के लिए पानी छोड़ा जा सकता है। संभवतः इसमें एक सप्ताह की देरी हो सकती है। वैसे, इसका शेड्यूल 25 जून तय है।

लापरवाही — भंडरिया प्रखंड में लंगड़ा बीमारी से मचा हाहाकार, दो दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत

## ग्रामीण बेहाल, पशु चिकित्सालय में लटका मिला ताला

- पशु चिकित्सक नहीं, अस्पताल पर ताला, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल
- इलाज के अभाव में तड़प-तड़प कर मर रहे हैं मवेशी

**नवीन मेल संवाददाता**




### प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप व मुआवजे की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस आपात स्थिति में तुरंत पशु चिकित्सक की टीम भेजी जाए, बीमार पशुओं का उपचार हो और मृत पशुओं के मालिकों को उचित मुआवजा दिया जाए।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रखंड कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस मामले में चिकित्सा पदाधिकारी रणजीत डे ने बताया कि एक कर्मी का तबियत खराब होने की वजह से परेशानी हुई है। आगामी बुधवार तक कैम्प का आयोजन कर पशुओं का ईलाज किया जायेगा।

**गढ़वा।** गढ़वा जिला के भंडरिया प्रखंड अंतर्गत नौका, मरदा, सिकरिया, बंजारी एवं दुर्गाडीह गांव में पशुओं के बीच लंगड़ा बीमारी ने विकराल रूप ले लिया है। बीते एक सप्ताह में दो दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत हो चुकी है। इस बीमारी की चपेट में आकर पशु पहले लंगड़ाने लगते हैं, सांस लेने परेशानी फिर चलना-फिरना बंद कर देते हैं और अंततः दम तोड़ देते हैं।

बीमारी से जिन ग्रामीणों के पशुधन की मौत हुई है, उनमें प्रमुख रूप से जोगी सिंह, रजनी लकड़ा, रामचंद्र सिंह, जगमोहन सिंह, गोला सिंह, रामधनी सिंह,आशीष मांझी, विनोद प्रसाद केसरी और सोती साव शामिल हैं। इन किसानों के लिए मवेशी ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन थे, जिनकी मौत से उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखते ही वे भंडरिया पशु अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां हर बार ताला लटका मिला। स्थानीय निवासी तजमुल अंसारी का कहना है कि वे पिछले 10 दिनों से अस्पताल का चक्कर काट रहे हैं, परंतु उन्हें न कोई चिकित्सक मिला और न ही कोई मदद गांवों में कोई भी स्थायी पशु चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी तैनात नहीं है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बिना उचित इलाज के पशु तड़प-तड़प कर मर रहे हैं। लंगड़ा बीमारी एवं अन्य संक्रामक रोग के लक्षण स्पष्ट दिख रहे हैं, लेकिन दवा, वैक्सीनेशन, जांच या किसी प्रकार की सहायता अब तक नहीं मिल पाई है।

# परमाणु सयंत्रों पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन : ईरान

**तेहरान / तेल अवीव । एजेंसी**

ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने रविवार को अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं पर किए गए हमलों की तीखी आलोचना की, और गंभीर परिणामों की चेतावनी दी। अराघची ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का स्पष्ट उल्लंघन बताया। एक्स पर अपने बयान में, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य अमेरिका पर 'शांतिपूर्ण परमाणु प्रतिष्ठानों' को निशाना बनाकर आपराधिक कृत्य करने का आरोप लगाया। ईरानी विदेश मंत्री ने एक पोस्ट में कहा, 'आज सुबह की घटनाएं अपमानजनक हैं और इसके अनंत परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य को इस बेहद खतरनाक, कानूनविहीन और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए।

वैश्विक समुदाय को इस ओर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए, ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि वाशिंगटन द्वारा की गई ये 'खतरनाक और अवैध' कार्रवाइयां संयुक्त राष्ट्र के हर सदस्य को चौंकाने वाली होनी चाहिए।



## क्या असीम मुनीर ने इसके लिए ट्रंप के साथ लंच किया था?

### ईरान पर यूएस ने बरसाए बम तो पाकिस्तान पर भड़के ओवैसी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी हमले और इजरायल व ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन है। ऐसा करके, मुझे यकीन है कि ईरान आने वाले पांच सालों में एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन जाएगा। हमले से पहले, ईरान ने अपना भंडार स्थानांतरित कर लिया होगा। यह कोई निवारक नहीं होगा। कई अरब देश सोचेंगे कि उन्हें परमाणु क्षमता की आवश्यकता है। ओवैसी ने कहा कि हमें यह भी याद रखना चाहिए कि खाड़ी और मध्य पूर्व में 16 मिलियन से ज़्यादा भारतीय रहते हैं और अगर उस क्षेत्र में युद्ध छिड़ जाता है, जिसकी दुर्भाग्य से बहुत संभावना है, तो



इसका वहां रहने वाले भारतीयों पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। भारतीय कंपनियों ने इन सभी अरब देशों या खाड़ी देशों में जो निवेश किया है, और विदेशी निवेश का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। और अंत में, ईरान के पास परमाणु हथियार होने के बारे में यह हौवा खड़ा किया गया है, या यह और वह, यही चीज इराक में इस्तेमाल की गई थी, सामूहिक विनाश के हथियार। कुछ नहीं, कुछ भी नहीं निकला। ओवैसी ने कहा कि हमें पाकिस्तानियों से पूछना चाहिए कि क्या वे चाहते हैं कि ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिले।

## पाकिस्तान ने की अमेरिकी हमले की निंदा, बोला- ईरान के पास आत्मरक्षा का अधिकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पाकिस्तान ने ईरान पर अमेरिकी हवाई हमले की निंदा की है। क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका जताते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान के पास आत्मरक्षा का अधिकार है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने रविवार को अपने बयान में कहा, " इजरायल के बाद अमेरिका की ओर से ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर किए हमलों की पाकिस्तान निंदा करता है। हम इस क्षेत्र में तनाव के और बढ़ने की आशंका से बेहद चिंतित हैं। हम दोहराते हैं कि यह हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन करते हैं। ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत खुद का बचाव करने का वैध अधिकार है। बयान में आगे कहा गया, "ईरान के खिलाफ चल रहे आक्रमण के कारण तनाव और हिंसा में वृद्धि बेहद परेशान करने वाली है। तनाव बढ़ने से क्षेत्र और उससे परे गंभीर रूप से हानिकारक प्रभाव पड़ेंगे। हम लोगों के जीवन और संपत्तियों का सम्मान करने और संघर्ष को तुरंत खत्म करने की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर देते हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा, "सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों के अनुरूप संवाद और कूटनीति ही इस क्षेत्र में संकट का समाधान निकालने का एकमात्र व्यावहारिक मार्ग है।"अमेरिका ने भारतीय समय के अनुसार रविवार सुबह 4.30 बजे ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर साइट्स पर हमला किया। इनमें फोर्डो, नतांज और एस्फाहान शामिल हैं।

### कच्चे तेल की कीमत व महंगाई बढ़ सकती है

# इजरायल-ईरान युद्ध से भारत का 3.6 लाख करोड़ रुपए का धंधा खतरे में

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ईरान -इजरायल युद्ध में अमेरिका के भी कूद जाने से हालात खराब हो गये हैं। इसके कारण भारत के लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये के व्यापार पर असर पड़ने लगा है। क्योंकि इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया , यमन जैसे पश्चिम एशियाई देशों के साथ भी भारत का व्यापार प्रभावित होने लगा है।भारत से ईरान व इजरायल को होने वाला निर्यात तो पहले से ही प्रभावित होने लगा था। अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए हमलों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इससे कच्चे तेल (क्रूड) की कीमतें बढ़ सकती हैं और महंगाई भी बढ़ सकती है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का कहना है कि इस तनाव से भारत के 8.6 अरब डॉलर के निर्यात और 33.1 अरब डॉलर के आयात पर असर पड़ सकता है। यानी लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये का व्यापार खतरे में है। ईरान व इजराइल के बीच युद्ध और बढ़ने की संभावना है। इस कारण पश्चिम एशिया के कई देशों के साथ भारत का व्यापार प्रभावित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस युद्ध का असर भारत के निर्यात पर पहले से ही दिखने लगा है।रविवार को अमेरिका ने ईरान के तीन ठिकानों पर हमला किया। इससे इजरायल के साथ उसका युद्ध और बढ़ गया है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है। वह अपने पुराने दुश्मन को कमजोर करना चाहता है। ईरान ने अमेरिका पर 'खतरनाक युद्ध' शुरू करने का आरोप लगाया है। इन हालात के कारण मुंबई के



निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सराफ ने कहा, 'इस युद्ध के कारण अब हम बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। इसका पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा।' सराफ ने यह भी कहा कि उनकी कंपनी ने ईरान और इजरायल को भेजे जाने वाले सामान को रोक दिया है।

टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज ड्रम क्लोजर, नायलॉन और प्लास्टिक प्लग, कैपसील क्लोजर और क्लैंप बनाती है। एक और निर्यातक ने बताया कि भारतीय व्यापारी पहले से ही इजरायल-हमास के संघर्ष से परेशान हैं। लाल सागर में यमन के हूतियों की ओर से मालवाहक जहाजों पर हमले हो रहे हैं। इस वजह से भारत से जाने वाले जहाजों को अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप से होकर जाना पड़ रहा है, जो कि एक लंबा रास्ता है।अब ईरान-इजरायल युद्ध के कारण एक और महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य भी प्रभावित हो रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य एक बहुत ही महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है जिससे तेल के जहाज गुजरते हैं।सराफ ने कहा, 'यह मार्ग तेल टैंकर की आवाजाही को प्रभावित करेगा। मुझे लगता है कि तेल टैंकर नए मार्ग खोज लेंगे, लेकिन इससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी। इसका महंगाई पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें अन्य उत्पादों के दाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।' जीटीआरआई के संस्थापक अजय का कहना है कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से भारत के व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन के साथ भारत का व्यापार खतरे में पड़ सकता है। इन देशों को भारत 8.6 अरब डॉलर का निर्यात करता है और 33.1 अरब डॉलर का आयात करता है।श्रीवास्तव का कहना है- 'इस गलियारे में माल ढुलाई लेन, बंदरगाह तक पहुंच या वित्तीय प्रणालियों में कोई भी व्यवधान भारत के व्यापार प्रवाह को बुरी तरह प्रभावित करेगा, माल ढुलाई व बीमा लागत बढ़ाएगा और भारतीय व्यवसायों के लिए नए सप्लाई चेन रिस्क पैदा करेगा।' इसका मतलब है कि यदि इन देशों में सामान भेजने व प्राप्त करने में कोई दिक्कत होती है तो भारत के व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।बीते वित्त वर्ष (2024-25) में ईरान को भारत से निर्यात 1.24 अरब डॉलर था। इसमें बासमती चावल (75.32 करोड़ डॉलर), केला (5.32 करोड़ डॉलर), सोया मील (7.06 करोड़ डॉलर), बंगाल चना (2.79 करोड़ डॉलर) और चाय (2.55 करोड़ डॉलर) शामिल हैं। बीते वित्त वर्ष में ईरान से भारत का आयात 441.8 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में इजरायल के साथ भारत का निर्यात 2.1 अरब डॉलर और आयात 1.6 अरब डॉलर रहा।यदि युद्ध और बढ़ता है तो भारत व इजरायल , भारत व ईरान के बीच व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा।

## रूस में निर्मित युद्धपोत 'तमाल' भारतीय नौसेना में होगा शामिल

**नई दिल्ली ।** रूस के कालिनिनग्राद में नवीनतम स्टिल्थ मल्टी-रोल फ्रिगेट 'तमाल' भारतीय नौसेना में शामिल होगा। 'तमाल' यानी भारतीय नौसेना का नया युद्धपोत 1 जुलाई को नौसेना में कमीशन किया जाएगा। भारतीय नौसेना इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। 'तमाल' भारत द्वारा रूस से प्राप्त की गई क्रिवाक क्लास फ्रिगेट्स की श्रृंखला का आठवां और तुशील क्लास का दूसरा युद्धपोत है। तुशील क्लास, पूर्ववर्ती तलवार और टेग क्लास (प्रत्येक में तीन-तीन जहाज) का उन्नत संस्करण है। इस परियोजना के तहत भारत में भी गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में रूसी तकनीक और डिजाइन सहयोग से त्रिपुट क्लास के दो फ्रिगेट्स का निर्माण किया जा रहा है।

### एयर इंडिया का बड़ा फैसला

## उड़ानों की संख्या घटाई, 15 जुलाई तक स्थगित



### ईरान, इराक, इजरायल हवाई मार्ग बंद

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच, एयर इंडिया समूह पुष्टि करता है कि हमारी उड़ानें वर्तमान में ईरान, इराक और इजरायल के हवाई क्षेत्रों से होकर नहीं गुजरती हैं। एक सक्रिय उपाय के रूप में, हम आने वाले दिनों में फारस की खाड़ी के ऊपर कुछ हवाई क्षेत्रों के उपयोग से बचेंगे, इसके बजाय यूएई, कतर, ओमान और कुवैत सहित गंतव्यों के लिए उड़ानों के लिए वैकल्पिक मार्गों का चयन करेंगे। इस समायोजन से इन सेवाओं के लिए उड़ान अवधि में वृद्धि हो सकती है। एयर इंडिया हमारे बाहरी सुरक्षा सलाहकारों के साथ निरंतर परामर्श कर रही है और विकसित हो रही स्थिति की सतर्कतापूर्वक निगरानी कर रही है।

**नई दिल्ली । एजेंसी**

एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह 19 मार्गों पर संकरे आकार के विमानों से संचालित 118 साप्ताहिक उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी और तीन मार्गों पर सेवाएं निलंबित करेगी।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि वह चौड़े आकार के विमानों से संचालित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अस्थायी रूप से 15 प्रतिशत की कटौती करेगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि वह अपने कुल संकरे आकार के बेड़े में पांच प्रतिशत से कम की अस्थायी कटौती करने जा रही है। बयान के मुताबिक, ''इस स्वैच्छिक निर्णय से एयर इंडिया की सेवाओं का तीन मार्गों पर अस्थायी निलंबन होगा और 19 मार्गों पर फेरों में कमी आएगी।

## जेल से छूटे बदमाशों की हिमाकत, एयरपोर्ट के पास की आगजनी

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के सबसे सुरक्षित इलाकों में गिने जाने वाले एयरपोर्ट के पास हुई आगजनी की एक घटना ने पूरे शहर को चौंका दिया है। दो बदमाशों ने शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात लगभग 1 बजे एक दुकान और उसके बाहर खड़ी बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों युवक पैदल आए, पेट्रोल डाला और आग लगाकर मौके से फरार हो गए। आग इतनी भयानक थी कि बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई और दुकान को भी काफी नुकसान पहुंचा।इस घटना ने आम लोगों में डर और गुस्से का माहौल है।

## आगरा के एटीएम से 500 रुपए निकालने पर निकले 1100 रुपए, कई लोगों ने उठाया मौके का फायदा

**आगरा । एजेंसी**

यूपी के आगरा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक एटीएम से 500 रुपए निकालने पर 1100 रुपए निकलकर बाहर आ रहे हैं। इस घटना के सामने आने के बाद एटीएम पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कई लोग 500 की जगह 1100 रुपए निकालकर ले गए। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। मामला आगरा के थाना मलपुरा के नगला बुद्धा का है और एटीएम वन इंडिया का बताया जा रहा है। दरअसल आगरा के इस एटीएम से अचानक ज्यादा पैसे निकलने लगे। जैसे ही ये खबर फैली, वैसे ही एटीएम पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कई लोग ज्यादा पैसे निकालकर भी ले गए। एटभ्एम से 500 रुपए निकालने पर 1100 रुपए निकल रहे थे। एटीएम में गड़बड़ी की सूचना पर मौके पर जब पुलिस पहुंची तो उसने सावधानी बरतते हुए एटीएम को बंद कराया।

## लेह में दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस, ट्रायल रन शुरू

**लेह ।** स्वच्छ ऊर्जा और हरित परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए लद्दाख की राजधानी लेह से पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस सेवा की शुरुआत की गई है। अत्याधुनिक तकनीक से लैस इस बस को लेह की ऊंचाई और ठंडे मौसम को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। यह सेवा सोमवार या मंगलवार से शुरू होने की संभावना है।

## ईरान-इजरायल युद्ध के कारण विदेश में प्रोफेशनल्स की नियुक्ति प्रभावित

**ब्यूरो**

- मध्य-पूर्व में लड़ाई के कारण पेशेवरों का अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर पर भी असर




**नई दिल्ली।** एक सर्वे में शामिल 22 प्रतिशत कर्मचारियों ने माना कि पहले इजरायल - गाजा मामला और अब इजरायल -ईरान युद्ध तथा अब इसमें अमेरिका के भी कूद जाने के कारण जो हालात हो गये हैं, उसके चलते उनका अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर प्रभावित हुआ है और वे देश से बाहर नहीं जा पा रहे हैं। 21% कर्मचारियों ने कहा कि उनकी टीम का मनोबल व आत्मविश्वास भी कम हो रहा है। इस तनाव का असर व्यवसाय पर भी पड़ रहा है। इस सर्वे के 63 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी कंपनियों ने नई भर्तियों पर फिलहाल रोक लगा दी है, और टीम के आकार को छोटा भी किया जा रहा है। मानव संसाधन सेवा प्रदाता जीनियस कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि 15 % कंपनियों ने भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बाद अनुबंध आधारित व फ्रीलांस काम कराने पर फोकस किया है। यह रिपोर्ट 12 मई से जून के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 2006 कर्मचारियों के बीच किए गए एक ऑनलाइन सर्वे पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 36 % कर्मचारियों ने बताया कि तनाव के चलते उनकी वेतन वृद्धि, बोनस भी प्रभावित हुए हैं। 21 प्रतिशत लोगों ने कहा कि काम का दबाव भी बढ़ा है। सर्वे में शामिल 22 प्रतिशत कर्मचारियों ने माना कि युद्ध के हालात के चलते उनका अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर प्रभावित हुआ है और वे देश से बाहर नहीं जा पा रहे हैं। 21 % कर्मचारियों ने कहा कि उनकी टीम का मनोबल और आत्मविश्वास भी कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 30 % कर्मचारियों ने अपनी नौकरी को लेकर चिंता जाहिर की, जबकि 26 % ने बताया कि वे हालात पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। सर्वे में शामिल 31%कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने नई नौकरी और अवसरों को तलाशना शुरू कर दिया है।

## भारत में बलात्कार और हिंसा का हवाला देकर अमेरिका ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी, विवाद शुरू

**एजेंसी। नई दिलली**

अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों और कामगारों के लिए लेवल 2 की ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर एक बार फिर बहस छेड़ दी है। इस चौंकाने वाले फैसले में, अमेरिका ने अपने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को, भारत में किसी भी पर्यटन स्थल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर 'अधिक सावधानी बरतने' की सलाह दी है। विदेश विभाग ने अपनी एडवाइजरी में भारत में बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि का हवाला दिया है।

**अमेरिका ने भारत के लिए जारी की नई ट्रैवल एडवाइजरी :** अमेरिकी विदेश विभाग ने 16 जून को अपनी ट्रैवल एडवाइजरी को अपडेट करते हुए भारत में अपने नागरिकों को 'अधिक सावधानी बरतने' की सलाह दी है। इस एडवाइजरी में अपराध और आतंकवाद को मुख्य कारण बताया गया है, जहां कुछ क्षेत्रों में जोखिम को 'अधिक' बताया गया है। एडवाइजरी के अनुसार, 'भारत में हिंसक अपराध और आतंकवाद होते हैं।' इसमें विशेष रूप से कहा गया है कि बलात्कार भारत में सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में से एक है।




कहानी फिल्म जगत की

# सलमान खान के फ्लैट तक पहुंच गई थी महिला फैन...

### अभिनेता ने कपिल शर्मा शो पर सुनाई कहानी



*हाल ही में एक महिला ने अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी, अब भाईजान ने इस घटना के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि महिला किसी तरह उनके फ्लैट तक पहुंच गई थी। आपको बता दें, यह घटना मई की शुरुआत में हुई थी।*

सलमान खान द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने इस घटना के बारे में बात की। होस्ट कपिल शर्मा ने सलमान से उनके घर पर सूटकेस लेकर आने वाले प्रशंसकों के बारे में पूछा। इसपर सलमान ने कहा, 'हां, हाल ही में ऐसा कुछ हुआ था। बाहर सुरक्षा गार्ड थे। एक महिला ने उनसे कहा कि वह चौथी मंजिल पर जाना चाहती है और वह अंदर चली गई। उसने दरवाजे की घंटी बजाई, और हमारे नौकर ने दरवाजा खोला। हाल ही में एक महिला ने अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी, अब भाईजान ने इस घटना के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि महिला किसी तरह उनके फ्लैट तक पहुंच गई थी। आपको बता दें, यह घटना मई की शुरुआत में हुई थी।